
रांची, शुक्रवार । 15 मई 2026 । वर्ष-27, अंक-102, पृष्ठ-12
ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 13, संवत 2083 । रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित । रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/00155
मूल्य 2 रु.
ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते
पेज 12
www.rastriyanaveenmail.com
हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर





**रांची का तापमान**

| रांची | कांके |
|---|---|
| अधिक. 34.1° | अधिक. 34.0° |
| न्यून. 19.2° | न्यून. 18.8° |

# झारखंड में अनियमित निर्माण होंगे नियमित, पोर्टल हुआ लॉन्च

## जी+2 और 300 वर्गफीट से कम में बने मकानों का ही होगा नियमितीकरण

- लोग समय सीमा के अंदर मकान नियमितीकरण के लिए करें आवेदन : सुदिव्य कुमार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने गुरुवार को प्रोजेक्ट भवन से झारखंड अनाधिकृत निर्मित भवन नियमितीकरण नियमावली,2026 के ऑनलाइन पोर्टल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह एक ऐतिहासिक क्षण है जहां राज्य की जनता को एक मौक़ा प्रदान किया जा रहा है कि वे अनाधिकृत तरीक़े से बने अपने मकानों का नियमितीकरण करा सकेंगे।

जो लोग चिंतित थे कि उनके अनियमित मकानों का क्या होगा सरकार इस दिशा में राहत देते हुए भवन नियमितीकरण योजना ले कर आई है। अब लोग पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर अपना मकान नियमित करा सकेंगे।

**भवन नियमितीकरण योजना की सफलता के लिए लोगों का सहयोग एवं समर्थन जरूरी :** मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की प्रबल इच्छाशक्ति थी कि राज्य के लोगों को राहत देते हुए अनियमित मकानों को नियमितीकरण करने का एक मौक़ा जरूर दिया जाना चाहिए। इसी के मद्देनजर नगर विकास विभाग ने बड़े कठिन और अथक प्रयासों के बाद यह योजना तैयार हुई है और अब ऑनलाइन पोर्टल का शुभारंभ हो गया है।

शेष पेज 11 पर




### शहरीकरण व्यवस्थित ढंग से हो सरकार गंभीर : प्रधान सचिव

प्रधान सचिव सुनील कुमार ने कहा कि सरकार नगरीय क्षेत्रों के विकास को गंभीरता से ले रही है । शहर की सूरत बदल रही है। इंफ्रास्ट्रक्चर पर जोर दिया जा रहा है। रांची में 3 फ्लाइओवर बन कर तैयार हैं, सिरमटोली कनेक्टिंग फ्लाइओवर भी ऑनगोइंग है। अरगोड़ा, करमटोली और हरमू 3 नए फ्लाइओवर की स्वीकृति मिल चुकी है। जमशेदपुर और धनबाद में भी फ्लाईओवर बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का निदेश है कि शहरीकरण अव्यवस्थित ढंग से ना हो। रोड ,फुटपाथ , टाउनहॉल, नाली सभी व्यवस्थित हों। शहरों में उन्नत बस स्टैंड हो। इस दिशा में काम जारी है। म्युनिसिपल के रेवन्यू बढ़ाने पर भी फोकस है। मानव संसाधन पर भी ज़ोर दिया जा रहा है । टाउन प्लानर , इंजीनियर आदि की नियुक्ति सरकार ने की है। उन्होंने कहा कि भवन नियमितीकरण नियमावली 2026 को हम योजना कह सकते हैं। इससे लोगों को एक बार मौका दिया जा रहा है कि वे अपने मकानों को नियमित करा सकेंगे। उन्होंने इसकी प्रक्रिया की जानकारी दी। कहा कि इसके शुभारंभ से लेकर 2 माह के अंदर ऑनलाइन आवेदन करना है और 6 माह के अंदर नियमितीकरण का निर्णय लिया जा सकेगा ।साथ ही जी+2 और 300 वर्गफीट से कम में बने मकानों का ही नियमितीकरण होगा ।

### भवन नियमितीकरण के उद्देश्य को पूरा करना हम सब की जवाबदेही

मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि सरकार की नीतियों का अनुपालन में जनता की भागीदारी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भवन नियमितीकरण का उद्देश्य अनियमितीकरण को बढ़ावा देना नहीं है बल्कि जो लोग बिना नक्शा और मास्टर प्लान के अपना मकान बना लिए है ये उन लोगों के लिए एक मौक़ा है। सरकार ने नियमितीकरण नियमावली को बहुत ही सरल और लिबरल बनाया है और नियमित करने में लगने वाली राशि को भी तीन किस्तों में भुगतान का प्रावधान कर लोगों को राहत देने का काम किया है । इसके उद्देश्य को पूरा करना हम सब की जवाबदेही है।

## दृष्टिपात

### कोडरमा में दिनदहाड़े घर में घुसकर महिला की गला रेतकर हत्या

**कोडरमा।** जिला मुख्यालय स्थित सदर थाना क्षेत्र की मिटको कॉलोनी में गुरुवार को एक महिला की उसके घर के अंदर गला रेतकर हत्या कर दी गई। मृतका की पहचान शंभू राणा की पत्नी नेहा राज के रूप में हुई है। वारदात की जानकारी दोपहर करीब 12:30 बजे लोगों को तब हुई, जब मृतका का छोटा बेटा स्कूल से घर लौटा। बच्चा जैसे ही कमरे के अंदर गया, अपनी मां को खून से लथपथ देखकर चीखने लगा और घर से बाहर की ओर भागा। चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे। आनन-फानन में परिचितों और स्थानीय लोगों की मदद से महिला को सदर अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### मनरेगा मजदूरों की राष्ट्रव्यापी हड़ताल आज

**रांची।** वीबी-जी राम जी के लागू करने संबंधी केंद्र सरकार की अधिसूचना को झारखंड खेत और ग्रामीण मजदूर यूनियन ने आलोचना की है। वीबी-जी राम जी के विरोध मे यूनियन की ओर से 15 मई को मनरेगा मजदूर राष्ट्रव्यापी हडताल करेंगे। यह जानकारी गुरुवार को झारखंड खेत एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन (जेकेजीएमयू) के नेता वीरेंद्र कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। विज्ञप्ति में उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास मंत्रालय ने विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) वीबी-जी राम जी को लागू करने की तिथि की अधिसूचना जारी की है।

### हाई स्पीड बाइक ने मारा धक्का युवक की मौत

**रांची।** धुर्वा सेक्टर टू के पास स्कूटी और हाई स्पीड बाइक में गुरुवार को जबरदस्त टक्कर हो गई। घटना में स्कूटी सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, हाई स्पीड बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। स्कूटी सवार मृतक का नाम विष्णु प्रजापति है और वह जगन्नाथपुर बरझोपड़ी का रहने वाला था। बताया जा रहा है कि गुरुवार की शाम विष्णु अपने छोटे भाई को लेकर स्कूटी से सेक्टर टू रास्ते से गुजर रहा था। सामने से आ रही हाई स्पीड बाइक ने स्कूटी में इतना जोर से टक्कर मारा कि स्कूटी का सामने का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

सीएम ने सीबीएसई 12वीं आर्ट्स टॉपर भव्या को दी बधाई, कहा

# गुरुजी हमेशा कहते थे शिक्षा से ही क्रांति आ सकती है

**नवीन मेल संवाददाता**





**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक्स पोस्ट के जरिए सीबीएसई 12वीं आर्ट्स की नेशनल टॉपर भव्या को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि स्मृति शेष बाबा दिशोम गुरुजी हमेशा कहते थे कि शिक्षा से ही क्रांति आ सकती है और गरीबी किसी बच्चे के आगे बढ़ने में बाधा कभी न बने।

**झारखंड की बेटियों की उपलब्धियां :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड से एक और बेटी ने कमाल किया है। यह अत्यंत आनंद का पल है कि झारखंड के हमारे नौनिहाल हर क्षेत्र में इतिहास रचते जा रहे हैं। चाहे वो विभिन्न खेलों में देश का प्रतिनिधित्व हो या शिक्षा में, हर क्षेत्र में हमारे मेहनतकश बेटा और बेटियां झारखंड राज्य समेत देश का मान बढ़ा रहे हैं। कुछ दिनों पहले झारखंड की हमारी एक और बेटी शांभवी भी आईसीएसई 12वीं में नेशनल टॉपर बनी थी। इस अवसर पर सीबीएसई 12वीं के सभी छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और शिक्षकों को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार।

**शिक्षा व्यवस्था में सुधार :** उन्होंने कहा कि गुरुजी के कथानानुसार हमने सरकारी स्कूलों की

शेष पेज 11 पर

# पूर्व मंत्री आलमगीर आलम जेल से निकले, टेंडर घोटाले में 2 साल बाद रिहाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची ।** रांची झारखंड के पूर्व मंत्री आलमगीर आलम दो साल बाद जेल से आज बाहर निकले। उन्हें सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिली है। अदालत ने सोमवार को जमानत दी थी। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट से मिले जमानत का आदेश अपलोड नहीं होने के कारण जेल से नहीं निकल सके। पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के साथ उनके पीए संजीव लाल को भी जमानत मिली है। आदेश अपलोड होने के बाद गुरुवार को बेल बॉन्ड भरा गया। जिसके बाद वे जेल से बाहर आए। होटवार जेल में दो साल से बंद आलमगीर आलम को लेने के लिए उनकी पत्नी सह विधायक निशात आलम सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता होटवार स्थित सेंट्रल जेल पहुंचे। जानकारी के मुताबिक आलमगीर आलम की जमानतदार उनकी पत्नी निशात आलम बनी हैं।



सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत, पत्नी निशात आलम पहुंचीं होटवार

**हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में दी थी चुनौती :** झारखंड हाईकोर्ट द्वारा पूर्व मंत्री आलमगीर आलम और उनके पीए संजीव लाल की

शेष पेज 11 पर

चुनाव आयोग ने जारी किया कार्यक्रम

# झारखंड में 20 जून से शुरू होगी एसआईआर की प्रक्रिया

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** निर्वाचन आयोग ने देशभर में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तीसरे चरण की घोषणा कर दी है। इसके तहत झारखंड समेत 16 राज्यों और तीन केंद्रशासित प्रदेशों में मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण कराया जाएगा। झारखंड में यह प्रक्रिया 20 जून से शुरू होगी और 7 अक्तूबर 2026 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

**30 जून से घर-घर जाएंगे बीएलओ :** निर्वाचन आयोग की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार, झारखंड में 30 जून से 29 जुलाई 2026 तक बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे। इसके बाद पांच अगस्त को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। दावे और आपत्तियां पांच अगस्त से चार सितंबर तक लिये जाएंगे। सभी दावों और आपत्तियों के निबटारे के बाद सात अक्तूबर को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होगी।

**36 करोड़ से ज्यादा मतदाताओं तक पहुंचेगा अभियान :** निर्वाचन आयोग के अनुसार एसआईआर फेज-III के दौरान देशभर में लगभग 36.73 करोड़ मतदाताओं का सत्यापन किया जाएगा। इसके लिए 3.94 लाख से अधिक बूथ लेवल ऑफिसर और 3.42 लाख बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) लगाए जाएंगे। राजनीतिक दलों को भी प्रत्येक मतदान केंद्र पर बीएलए नियुक्त करने की अपील की गई है ताकि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से पूरी हो सके।

**झारखंड में 2.64 करोड़ मतदाताओं का होगा सत्यापन :** आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक झारखंड में कुल 2 करोड़ 64 लाख 89 हजार 777 मतदाताओं का सत्यापन किया जाएगा। इसके लिए राज्य में 29,571 बीएलओ तैनात किए जाएंगे, जबकि विभिन्न राजनीतिक दलों की ओर से 21,644 बीएलए लगाए जाएंगे। चुनाव आयोग का कहना है कि बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं की जानकारी की जांच करेंगे और आवश्यक सुधार दर्ज करेंगे।

**30 जून से शुरू होगा घर-घर सत्यापन अभियान :** झारखंड में एसआईआर कार्यक्रम के तहत तैयारी, प्रशिक्षण और प्रिंटिंग का कार्य 20 जून से 29 जून 2026 तक चलेगा।

शेष पेज 11 पर

### सड़क हादसे में दो युवकों की हुई मौत

**जमशेदपुर।** जिले के कोवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बेगनाडीह–पोटका मुख्य सड़क पर बुधवार देर रात हुए सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। हादसा टाटा स्टील के कचरा निष्पादन के लिए निर्माणाधीन प्लांट के समीप हुआ, जहां बाइक और कार्य में लगे ट्रैक्टर की जोरदार टक्कर हो गई। मृतकों की पहचान बुकामडीह निवासी जोड़ो माहली उर्फ काला माहुरी तथा काला माहली के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि दोनों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर भालकी की ओर से अपने गांव बुकामडीह लौट रहे थे। इसी दौरान निर्माण कार्य में लगे ट्रैक्टर से उनकी बाइक की टक्कर हो गई।

# कोषागारों से वेतन मद में करोड़ों की फर्जी निकासी में ईडी ने शुरू की जांच

## दर्ज हुई ईसीआईआर

- अब तक 12 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है

**रांची (आईएएनएस)**

झारखंड में राज्य सरकार के कोषागारों से सरकारी कर्मियों के वेतन मद में करोड़ों की फर्जी निकासी के मामले की जांच में अब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की भी एंट्री हो गई है। ईडी ने इस मामले में ईसीआईआर (एनफोर्समेंट केस इंफॉर्मेशन रिपोर्ट) दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अब तक इस मामले की जांच झारखंड सीआईडी और राज्य सरकार की ओर से गठित विशेष जांच टीम की ओर से की जा रही है। माना जा रहा है कि ईडी की एंट्री के बाद कई अफसरों और कर्मचारियों की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। यह मामला रांची, हजारीबाग और बोकारो ट्रेजरी से हुई संदिग्ध निकासी से जुड़ा है। इन्हीं मामलों में दर्ज एफआईआर के आधार पर ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग एंगल से जांच शुरू की है। जांच एजेंसियों को शक है

शेष पेज 11 पर

कोयला राज्य मंत्री ने सीसीएल जारंगडीह परियोजना का किया निरीक्षण, कहा

# कोयला क्षेत्र में आधुनिक कार्य को मिल रहा बढ़ावा

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीशचंद्र दुबे ने गुरुवार को जारंगडीह स्थित सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) परियोजना क्षेत्र का दौरा कर जारंगडीह परियोजना की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान सीसीएल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में पर्यावरण संरक्षण, सुरक्षित एवं वैज्ञानिक खनन, पुनर्वास, स्थानीय जनकल्याण तथा क्षेत्रीय विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा की गई। मंत्री ने कथारा क्षेत्र स्थित सीसीएल के कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र का भ्रमण कर वहां संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं जन कल्याणकारी गतिविधियों की समीक्षा की।

इस दौरान उन्होंने केंद्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे स्थानीय युवाओं से संवाद किया तथा प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके युवाओं को सर्टिफिकेट भी दिया। उन्होंने कहा कि सरकार कोयला क्षेत्र में आधुनिक, पारदर्शी एवं सतत विकास आधारित कार्य संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि देश की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ स्थानीय लोगों के जीवन में भी सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सके।

**सीसीएल में अधिकारियों के साथ बैठक :** सीसीएल मुख्यालय में सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह, निदेशक(वित्त) पवन कुमार मिश्रा, निदेशक(मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक(तकनीकी/संचालन) चंद्र शेखर तिवारी, निदेशक (योजना एवं परियोजना) अनुप हंजुरा आदि के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

शेष पेज 11 पर

खूंटी में नशे के सौदागरों पर पुलिस का शिकंजा

# भारी मात्रा में डोडा और अफीम बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**

**खूंटी।** खूंटी जिले में अफीम और मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए गए अभियान के दौरान पुलिस को पिछले 24 घंटे में बड़ी सफलताएं मिली हैं। जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में की गई कार्रवाई में पुलिस ने 231 किलो डोडा, करीब दो किलो अफीम और एक देशी कट्टा बरामद किया है। इन मामलों में एनडीपीएस एक्ट और आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। इसके अलावा, अफीम तस्करी के मामलों में वांछित एक अपराधी को देसी कट्टे के साथ गिरफ्तार किया गया है। पहली कार्रवाई मुरहू थाना पुलिस ने की। पुलिस ने गुरुवार तड़के गनालोया-सरिदकेल सड़क पर ग्राम घाघरा के पास एक लावारिस खड़ी मारुति इको कार से 13 बोरों में भरा 231 किलोग्राम डोडा (अफीम बनाने का कच्चा माल) बरामद किया।




तस्कर गिरफ्तार

पुलिस गश्ती दल को देखते ही तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर वाहन छोड़कर फरार हो गए।

शेष पेज 11 पर


**कार्रवाई** सीबीआइ की जांच के दायरे में एनटीए के अधिकारी भी

# नीट पेपर लीक मामले में रिटायर्ड प्रोफेसर सहित तीन हिरासत में

- पिछले 24 घंटों में देशभर के 14 स्थानों पर छापेमारी

**नवीन मेल डेस्क**

**नई दिल्ली।** नीट पेपर लीक मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो ने जांच तेज करते हुए दो और लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों के मुताबिक, इस मामले में अब नेशनल टेस्टिंग एजेंसी और उन संस्थानों के कुछ अधिकारियों की भूमिका भी जांच के दायरे में आ गई है, जिन्हें प्रश्नपत्र छपाई से जुड़ी प्रक्रिया तक पहुंच प्राप्त थी। सीबीआई ने महाराष्ट्र के अहिल्यानगर से धनंजय लोखंडा और पुणे से मनीषा वाघमारे को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा, महाराष्ट्र के लातूर से एक रिटायर्ड कॉलेज प्रोफेसर को भी हिरासत में लिया गया है। एजेंसी ने पिछले 24 घंटों में देशभर के 14 स्थानों पर छापेमारी भी की है। जांच एजेंसी फिलहाल पेपर लीक के असली स्रोत तक पहुंचने की कोशिश कर रही है।सीबीआई अधिकारियों के अनुसार, अब तक की जांच में सरकारी कर्मचारियों की संलिप्तता से इनकार नहीं किया जा सकता। इससे पहले एजेंसी जयपुर से मंगिलाल बीवाल, विकास बीवाल और दिनेश बीवाल को गिरफ्तार कर चुकी है। इसके अलावा गुरुग्राम के यश यादव और नासिक के शुभम खैरनार को भी पकड़ा गया था ।जांच में पता चला है कि शुभम खैरनार ने अप्रैल महीने में यश यादव को जानकारी दी थी कि मंगिलाल बीवाल अपने छोटे बेटे के लिए लीक हुए नीट प्रश्नपत्र के बदले 10 से 12 लाख रुपये तक देने को तैयार है। आरोप है कि खैरनार ने यादव को 500 से 600 सवाल उपलब्ध कराए थे, जिनमें से कई असली परीक्षा में आए।




सीबीआई सूत्रों के अनुसार, मंगिलाल बीवाल ने यही पेपर अपने बेटे और रिश्तेदारों में भी बांटा था। एजेंसी को डिजिटल उपकरणों की जांच में कई चैट, लीक प्रश्नपत्र और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सबूत मिले हैं। अब इन डिवाइसों की फॉरेंसिक जांच कर डिलीट डेटा भी निकाला जाएगा।इसी बीच, महाराष्ट्र के लातूर में भी जांच तेज हो गई है। लातूर को कोचिंग हब माना जाता है, जहां राज्यभर से छात्र पढ़ाई के लिए आते हैं। यहां एक छात्र के अभिभावक ने शिकायत की थी कि एक निजी कोचिंग संस्थान द्वारा आयोजित मॉक टेस्ट के 42 सवाल नीट परीक्षा में पूछे गए सवालों से मेल खाते थे। इसके बाद सीबीआई ने लातूर के एक कॉलेज के रिटायर्ड शिक्षक को हिरासत में लिया है। हालांकि, एजेंसी ने अभी उनकी पहचान सार्वजनिक नहीं की है। इससे पहले लातूर पुलिस कोचिंग स्टाफ, काउंसलर और छात्रों समेत छह लोगों से पूछताछ कर चुकी है। उल्लेखनीय है कि नीट यूजी 2026 परीक्षा 3 मई को देश के 551 शहरों और 14 विदेशी केंद्रों पर आयोजित हुई थी। इस परीक्षा के लिए करीब 23 लाख छात्रों ने पंजीकरण कराया था। पेपर लीक के आरोप सामने आने के बाद एनटीए ने परीक्षा रद्द कर दी थी। राजस्थान पुलिस की स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने भी दावा किया था कि परीक्षा से पहले प्रसारित एक "गेस पेपर" के लगभग 120 सवाल वास्तविक परीक्षा में आए थे।

# हिरासत में मौत और दुष्कर्म मामलों में न्यायिक जांच जरुरी

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य में पुलिस कस्टडी और जेल में होने वाली मौतों (कस्टोडियल डेथ) एवं दुष्कर्म की घटनाओं से संबंधित जनहित याचिका पर अहम फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस सोनक एवं जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ ने आदेश दिया है कि अब राज्य में पुलिस या जेल कस्टडी में होने वाली किसी भी मौत या दुष्कर्म के मामले की ज्यूडिशियल इंक्वायरी (न्यायिक जांच) कराना पूरी तरह अनिवार्य होगा। अदालत ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 196(2) और पूर्ववर्ती कानून सीआरपीसी की धारा 176(1-ए) के तहत इस न्यायिक जांच को अनिवार्य घोषित किया है। गौरतलब है कि पूर्व में झारखंड सरकार पुलिस या जेल हिरासत में होने वाली मौतों और दुष्कर्म के मामलों की जांच एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट (कार्यपालक दंडाधिकारी) से कराती थी और राज्य में न्यायिक जांच को अनिवार्य नहीं माना जा रहा था। कोर्ट के इस आदेश के बाद अब यह व्यवस्था पूरी तरह बदल जाएगी। इसके साथ ही खंडपीठ ने झारखंड लीगल सर्विसेज अथॉरिटी (झालसा) को निर्देश दिया है

शेष पेज 11 पर

# कलाम और कवच 3.0 ने जेएआई विजन को दी मजबूती : संजय सेठ

नवीन मेल संवाददाता

**रांची/नई दिल्ली।** आई के साथ जेएआई को आगे ले जाना विषय पर आधारित 'कलाम और कवच 3.0' का तीसरा संस्करण नई दिल्ली स्थित मानेकशॉ सेंटर के अशोक हॉल में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व, नीति निर्माता, राजनयिक, रक्षा उद्योग के विशेषज्ञ, प्रौद्योगिकी नवाचारक और रणनीतिक विश्लेषकों ने भारत के उभरते रक्षा एवं राष्ट्रीय सुरक्षा परिदृश्य पर विस्तार से चर्चा की। पेंटागन प्रेस द्वारा सेंटर फॉर जॉइंट वारफेयर स्टडीज और भीष्म के सहयोग से आयोजित इस कॉन्क्लेव का मुख्य फोकस नवाचार, औद्योगिक भागीदारी, क्षमता विकास और भविष्य की रक्षा प्रौद्योगिकियों के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत की दिशा में प्रगति रहा।

कार्यक्रम में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने 'कलाम और कवच' को एक ऐसे मंच के रूप में रेखांकित किया, जहां ज्ञान, विज्ञान, अनुसंधान और राष्ट्रीय सुरक्षा एक साथ आते हैं। उन्होंने कहा कि "कलाम" नवाचार और तकनीकी प्रगति का प्रतीक है, जबकि "कवच" देश की सुरक्षा और रक्षा क्षमता को दर्शाता है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रस्तुत 'जेएआई' ढांचे जॉइंटनेस, आत्मनिर्भरता और नवाचार को भारत की भविष्य की रक्षा संरचना का आधार बताया। बदलते युद्ध स्वरूप पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि अब खतरे साइबर स्पेस, अंतरिक्ष और सूचना नेटवर्क तक फैल चुके हैं, जिनसे निपटने के लिए सतत तैयारी आवश्यक है।

मंत्री ने हालिया परिचालन उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' को भारत की आधुनिक सैन्य क्षमता का उदाहरण बताया। उन्होंने स्वदेशी तकनीक, तेज प्रतिक्रिया क्षमता और त्रि-सेना समन्वय को देश की बढ़ती रक्षा शक्ति का संकेत बताया और आतंकवाद के खिलाफ भारत की 'जीरो टॉलरेंस' नीति को दोहराया। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय सहयोग का उल्लेख करते हुए एंटोनियो बार्टोली और वाहन अफ़यान सहित विदेशी प्रतिनिधियों की उपस्थिति को भारत की बढ़ती रणनीतिक साझेदारी का प्रतीक बताया।




संयुक्तता, नवाचार व स्वदेशी क्षमता में भारत की बढ़ती शक्ति का प्रदर्शन

कॉन्क्लेव में उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने मजबूत स्वदेशी रक्षा विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र की आवश्यकता पर बल दिया, जो आधुनिक युद्ध की आवश्यकताओं के अनुरूप हो और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सके। साथ ही राष्ट्र, उद्योग, शिक्षाविदों और नवाचारकों के बीच सहयोग को महत्वपूर्ण बताया गया।

कार्यक्रम के दौरान रक्षा की पुनर्कल्पना का विमोचन भी किया गया, जिसे रक्षा राज्य मंत्री ने वरिष्ठ सैन्य और उद्योग जगत के नेताओं की उपस्थिति में लॉन्च किया।

कॉन्क्लेव में रक्षा मंत्रालय, मुख्यालय आईडीएस, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड, सशस्त्र बलों के वरिष्ठ अधिकारी, रक्षा अताशे, वैज्ञानिक, स्टार्टअप्स, शिक्षाविद और अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों ने भाग लिया। कार्यक्रम में एआई आधारित युद्ध प्रणाली, स्वायत्त तकनीक, हाइपरसोनिक प्रौद्योगिकी, क्वांटम-सक्षम सी4आईएसआर और रक्षा उत्पादन विस्तार जैसे विषयों पर पैनल चर्चाएं हुईं। अंत में कार्यक्रम का समापन अनिल चौहान के साथ फायरसाइड चैट के माध्यम से हुआ, जिसमें 'विकसित भारत 2047' के तहत भारत के दीर्घकालिक रक्षा परिवर्तन और वैश्विक स्तर पर एक मजबूत रक्षा शक्ति बनने के लक्ष्य पर चर्चा की गई।

**बोकारो से लापता युवती का मामला**

## झारखंड हाईकोर्ट के आदेश पर कंकाल की डीएनए जांच शुरू

नवीन मेल संवाददाता




मामले की अगली सुनवाई के लिए 8 जून की तारीख तय

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के निर्देश पर बोकारो के पिंडराजोरा इलाके से लापता युवती से जुड़े मामले में बरामद नरकंकाल की डीएनए जांच की प्रक्रिया शुरू हो गई है। गुरुवार को मामले की सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि बरामद कंकाल और लापता युवती के माता-पिता के डीएनए सैंपल जांच के लिए कोलकाता स्थित सेंट्रल फॉरेंसिक साइंस लैबोरेटरी (सीएफएसएल) भेज दिए गए हैं।

हड्डियों की जटिल संरचना और भिन्नता के कारण अंतिम रिपोर्ट आने में अभी करीब 15 दिन और लगेंगे। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस संजय प्रसाद की खंडपीठ ने केंद्र सरकार की ओर से दी गई जानकारी के बाद मामले की अगली सुनवाई के लिए 8 जून की तारीख तय की है। उल्लेखनीय है कि बोकारो जिले के पिंडराजोरा थाना क्षेत्र की रहने वाली 18 वर्षीय युवती 31 जुलाई 2025 से लापता है।

युवती की मां रेखा देवी ने बेटी की तलाश को लेकर झारखंड हाईकोर्ट में हेबियस कॉर्पस याचिका दायर की है। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पिछले महीने दिनेश कुमार महतो नामक युवक को गिरफ्तार किया था। आरोपी ने कथित तौर पर शादी का दबाव बनाने के कारण युवती की हत्या करने की बात स्वीकार की थी। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने एक कंकाल बरामद किया था।

हालांकि, परिजनों ने शुरू से ही पुलिस के इस दावे पर सवाल उठाए हैं। युवती के परिजनों की ओर से पेश अधिवक्ता विंसेंट रोहित मार्की और शांतनु गुप्ता ने अदालत में कहा कि बरामद कंकाल उनकी बेटी का नहीं है। उनका तर्क है कि कंकाल काफी पुराना प्रतीत होता है और किसी सार्वजनिक स्थान से मिला है, इसलिए उसकी पहचान को लेकर संदेह बना हुआ है। इसी विवाद को सुलझाने के लिए डीएनए जांच कराई जा रही है। इससे पहले 15 अप्रैल को हुई सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने जांच की धीमी रफ्तार और डीएनए जांच में देरी पर राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन को कड़ी फटकार लगाई थी। अदालत ने डीजीपी, एफएसएल निदेशक, बोकारो एसपी और एसआईटी टीम को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का निर्देश दिया था।

## आलमगीर का सम्मान क्रांतिकारी की तरह हो रहा : बाबूलाल मरांडी



**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग केस में जेल में बंद पूर्व मंत्री आलमगीर आलम करीब दो साल बाद जमानत पर बाहर निकले हैं। जमानत मिलने के बाद होटवार जेल से बाहर निकलते ही आलमगीर आलम पर सियासी बयानबाजी शुरू गई है। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने आलमगीर आलम को बेल मिलने के बाद कांग्रेसियों द्वारा मनाए जा रहे जश्न की तीखी आलोचना की है।सोशल मीडिया पर उन्होंने पोस्ट करते हुए लिखा है कि आलमगीर आलम को बेल यह केवल उम्र और बीमारी के आधार पर कड़ी शर्तों के साथ मिली अंतरिम राहत है। ये अंतिम फैसला नहीं। उन्होंने कहा कि मनी लॉन्ड्रिंग और टेंडर कमीशन घोटाले मामले में जेल में बंद पूर्व मंत्री आलमगीर आलम को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने के बाद बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा, होटवार से जमानत पर बाहर आने का मौका मिला लेकिन इसे बाइज्जत बरी होना समझने की भूल कोई न करें।

# आलमगीर को आज जमानत मिली है, आगे सभी झूठे आरोपों से भी मुक्त होंगे : सोनाल

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झूठे आरोपों के काजल से पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के स्वच्छ राजनीतिक जीवन को काला करने की कोशिश भाजपा द्वारा की गई। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा पूर्व मंत्री आलमगीर आलम पर की गई टिप्पणी के विरोध में प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि थोड़ी देर हुई लेकिन न्याय की पहली सीढ़ी पर आलमगीर आलम ने कदम रख दिया है आज जमानत मिली है आगे आने वाले समय में सभी झूठे आरोपों से भी मुक्त होंगे। जब आरोपी के समर्थन में भाजपा की एजेंसी न्यायालय में दावों को पेश नहीं कर पाई तब न्यायालय द्वारा उचित न्यायिक प्रक्रिया के तहत आलमगीर आलम को जमानत दी गई है, जांच एजेंसी द्वारा हर संभव कोशिश की गई ताकि उन्हें जमानत ना मिले लेकिन हमें न्यायिक व्यवस्था पर पूरा भरोसा था। आने वाले समय में भी यह साफ देखने को मिलेगा किस तरह से एजेंसियों ने संपूर्ण न्याय व्यवस्था और न्याय संहिता के साथ भद्दा मजाक किया था। भारतीय न्याय संहिता की धारायें देश के विपक्षी नेताओं के खिलाफ एक हथियार बन गई है जिसका उपयोग लगातार अपराधियों के बजाय सरकार के खिलाफ उठने वाली आवाजों और आंदोलनकारीयों के खिलाफ होता है। उन्होंने बाबूलाल मरांडी को नसीहत देते हुए कहा कि घोटाले बाज और भ्रष्टाचारीयों के फौज के सेनानायक को किसी और की तरफ उंगली नही उठानी चाहिए। न सिर्फ बाबूलाल की टीम में भ्रष्टाचारवीर भरे पड़े हैं बल्कि अपने राष्ट्रीय नेतृत्व की और नजर डालेंगे तो एक से बढ़कर एक कलंकित चेहरे उन्हें दिखेंगे।

### न्यायपालिका पर सवाल उठाना लोकतंत्र के लिए खतरनाक : कांग्रेस



झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा आलमगीर आलम की जमानत को लेकर की गई टिप्पणी पर तीखा पलटवार किया है। उन्होंने मरांडी के बयान को भाजपा की हताशा और बौखलाहट का परिणाम बताया है। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि बाबूलाल मरांडी को संवैधानिक संस्थाओं और न्यायपालिका की प्रक्रिया का सम्मान करना चाहिए। जब देश की सर्वोच्च अदालत सुप्रीम कोर्ट ने आलमगीर आलम को जमानत दी है, तो इस पर सवाल उठाना सीधे तौर पर न्यायपालिका की गरिमा पर प्रश्नचिह्न लगाने जैसा है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा के पास झारखंड सरकार और कांग्रेस के खिलाफ बोलने के लिए कोई ठोस मुद्दा नहीं बचा है, इसलिए वे ऐसे बयानों का सहारा लेकर राजनीतिक वातावरण को विषाक्त करने का प्रयास कर रहे हैं। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने स्पष्ट किया कि कानून में दोष सिद्ध होने तक व्यक्ति निर्दोष होता है। भाजपा बिना किसी फैसले के स्वयं न्यायाधीश बनकर फैसले सुनाने पर तुली है, जो लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता जानबूझकर जनता को गुमराह करने के लिए पुराने मामलों का हवाला दे रहे हैं। कांग्रेस ने हमेशा कानून का पालन किया है और हमें न्यायपालिका पर पूर्ण विश्वास है।

## ऊर्जा निगम में अफसरों की नियुक्ति पर श्रमिक संघ ने जताई आपत्ति



**रांची।** झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ ने केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक को ज्ञापन सौंपकर मानव संसाधन एवं प्रशासन जैसे महत्वपूर्ण पदों पर तकनीकी संवर्ग के अधिकारियों की नियुक्ति पर आपत्ति जताई है। संघ ने कहा कि यह नियुक्तियां निगम के स्थायी आदेश और सेवा नियमावली के विरुद्ध हैं। ज्ञापन में अभिषेक कुमार, कुमार संभव, राजेश कुमार पांडे और प्रदीप कुमार शर्मा के पदस्थापन पर सवाल उठाते हुए प्रशासनिक निष्क्रियता और पक्षपात का आरोप लगाया गया है। संघ ने मांग की है कि प्रशासन एवं कार्मिक से जुड़े पदों पर योग्य प्रशासनिक अधिकारियों की नियुक्ति की जाए, ताकि निगम में पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित हो सके।

# मुक्त कराए गए बंधुआ मजदूरों की सूची सत्यापित करने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने बंधुआ मजदूरों को मुआवजा, पुनर्वास और सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिलने के मामले में राज्य सरकार के रवैये पर गंभीर चिंता जताई है। हाईकोर्ट ने गढ़वा उपायुक्त को निर्देश दिया है कि जनहित सेवा प्रतिष्ठान द्वारा उपलब्ध कराई गई बंधुआ मजदूरों की सूची का सत्यापन कर यह सुनिश्चित करें कि पात्र मजदूरों को अविलंब सरकारी योजनाओं और पुनर्वास का लाभ मिले। चीफ जस्टिस एमएस सोनक और जस्टिस राजेश शंकर की अदालत ने जनहित सेवा प्रतिष्ठान की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से अदालत को बताया गया कि बंधुआ मजदूरी प्रणाली (उन्मूलन) अधिनियम के तहत मुक्त कराए गए 300 से अधिक मजदूरों को अब तक मुआवजा, पुनर्वास और अन्य सरकारी सुविधाएं नहीं मिल सकी हैं। संबंधित मजदूरों की सूची सरकार को उपलब्ध करा दी गई है, लेकिन प्रशासन की ओर से इस दिशा में अपेक्षित कार्रवाई नहीं की जा रही है। सुनवाई के दौरान गढ़वा उपायुक्त कोर्ट के पूर्व आदेश के आलोक में अदालत में उपस्थित हुए।
खंडपीठ ने गढ़वा डीसी को निर्देश दिया कि प्रार्थी द्वारा उपलब्ध कराई गई सूची का सत्यापन कर जिन बंधुआ मजदूरों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है, उन्हें तत्काल लाभ उपलब्ध कराया जाए। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि महाराष्ट्र के सोलापुर से मुक्त कराई गई महिला बंधुआ मजदूर को वर्ष 2017 में ही आवास, मनरेगा जॉब कार्ड समेत अन्य सरकारी सुविधाएं उपलब्ध करा दी गई थीं। वहीं उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर, भदोही, कानपुर और प्रयागराज जिलों से मुक्त कराए गए बंधुआ मजदूरों से संबंधित दस्तावेज का संबंधित जिलों से प्राप्त अभिलेखों के आधार पर सत्यापन कराया जा रहा है।

पूर्व की सुनवाई में हाईकोर्ट ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा था कि बंधुआ मजदूरों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए और इस मामले में सरकार को संवेदनशील रवैया अपनाना होगा।

## पूजा सिंघल के पति को भी सिंगापुर जाने की अनुमति

**रांची।** मनी लाउंड्रिंग के आरोपी आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल के साथ उनके पति अभिषेक झा को भी अपनी बेटी के इलाज के लिए सिंगापुर जाने की अनुमति अदालत ने दे दी है। पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार की अदालत ने गुरुवार को दाखिल याचिका पर सुनवाई पूरी होने के बाद अभिषेक झा को सात दिनों के लिए सिंगापुर जाने की अनुमति प्रदान की। पूजा सिंघल को 4 मई को अदालत ने अनुमति प्रदान की थी। अदालत में दाखिल याचिका में कहा गया था कि उनकी बेटी गंभीर न्यूरोलॉजिकल बीमारी लार्ज सेरेब्रल आर्टेरियोवेनस मालफॉर्मेशन से पीड़ित हैं। मेडिकल रिपोर्ट में लगातार दृष्टि कमजोर होने और बार-बार फोकल सीजर आने की बात कही गई है।

## मंत्री इरफान ने ओलावृष्टि पर डीसी से 3 दिनों में मांगी रिपोर्ट

रांची(हि.स.)



झारखंड में हालिया बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान को लेकर आपदा प्रबंधन मंत्री इरफान अंसारी ने गुरुवार को सभी जिलों के उपायुक्तों से दिनों के भीतर स्थल निरीक्षण कर क्षति रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य के कई जिलों में आम, लीची, तरबूज, खरबूज, सब्जी, मक्का और दलहन की फसलें प्रभावित हुई हैं। खेतों में तैयार फसलों और फलदार पेड़ों को भी व्यापक नुकसान पहुंचा है। ऐसे में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर अविलंब राहत कार्य को तेज करें। मंत्री ने सभी उपायुक्तों को संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने, राहत कार्यों की नियमित समीक्षा करने और किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

विभागीय आंकडों के अनुसार सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए आपदा राहत मद में 100 करोड़ रुपये आवंटित करने का प्रस्ताव रखा है। यह राशि अतिवृष्टि, सर्पदंश, सड़क दुर्घटना, गैस रिसाव, डूबने, आंधी-तूफान और ग्रीष्म लहर जैसी आपदाओं से प्रभावित परिवारों को राहत देने में उपयोग की जाएगी।

इसके अलावा प्राकृतिक आपदा प्रबंधन और आकस्मिक योजनाओं के संचालन के लिए 150 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

**चिंता का विषय** विचाराधीन कैदियों को विधिक सहायता प्रदान करने पर एक दिवसीय परामर्श कार्यक्रम आयोजित

# झारखंड की जेलों में 70 फीसदी विचाराधीन कैदी

- जमानत में देरी पर एनयूएसआरएल में मंथन
- जेलों में बंद अंडर ट्रायल कैदियों को समय पर जमानत व न्याय दिलाने के मुद्दे पर गंभीर चर्चा



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ (एनयूएसआरएल) में बुधवार को विचाराधीन कैदियों को विधिक सहायता प्रदान करने में आने वाली चुनौतियों पर एक दिवसीय परामर्श कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन "विचाराधीन कैदियों को विधिक सहायता सेवाएं एवं सतत विधिक शिक्षा" परियोजना के तहत किया गया, जिसमें जेलों में बंद अंडर ट्रायल कैदियों को समय पर जमानत और न्याय दिलाने के मुद्दे पर गंभीर चर्चा हुई।

कार्यक्रम में झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की सदस्य सचिव रंजना अस्थाना ने कहा कि जेलों में कैदियों की बढ़ती संख्या गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि गरीबी, जागरूकता की कमी और निरक्षरता के कारण अधिकांश विचाराधीन कैदी समय पर जमानत नहीं प्राप्त कर पाते। झारखंड में बड़ी संख्या में आदिवासी, ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोग जेलों में विचाराधीन कैदी के रूप में बंद हैं, जिससे न्याय तक उनकी पहुंच और कठिन हो जाती है।

सहायक महानिरीक्षक (कारागार) तुषार रंजन गुप्ता ने बताया कि राज्य की जेलों में करीब 70 प्रतिशत कैदी विचाराधीन हैं, जबकि केवल 30 प्रतिशत दोषसिद्ध होकर सजा काट रहे हैं। उन्होंने कहा कि विचाराधीन कैदियों के लिए और अधिक प्रभावी प्रयास करने की जरूरत है, ताकि उन्हें आवश्यक कानूनी सहायता समय पर मिल सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विश्वविद्यालय के कुलपति अशोक आर. पाटिल ने कहा कि विधिक सहायता कोई दान नहीं, बल्कि संविधान प्रदत्त अधिकार है। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 14, 21 और 39-क के तहत प्रत्येक व्यक्ति को समान न्याय और विधिक सहायता का अधिकार प्राप्त है।

कार्यक्रम समन्वयक सारंगा उगलमुगले ने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों में कैदियों को न्याय दिलाने के लिए किए जा रहे प्रयासों से सीख लेकर झारखंड में भी समन्वित और सतत पहल की आवश्यकता है।

परामर्श कार्यक्रम में जमानत प्रक्रिया, विधिक प्रतिनिधित्व, जेलों में क्षमता से अधिक कैदियों की समस्या और कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूकता की कमी जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। रांची और खूंटी के एलएडीसी प्रतिनिधियों ने अपने जमीनी अनुभव साझा करते हुए व्यावहारिक समाधान सुझाए। कार्यक्रम के अंत में कारागार प्रशासन, विधिक सेवा संस्थाओं और विधिक सहायता अधिवक्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर विचाराधीन कैदियों को शीघ्र न्याय दिलाने के लिए संयुक्त प्रयास जारी रखने का संकल्प लिया गया।

**दृष्टिपात**

## भू-धंसान प्रभावित क्षेत्र के लोगों को बेलगढ़िया टाउनशिप में बसाया जाएगा : केंद्रीय मंत्री



**रांची/धनबाद।** केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे दो दिवसीय दौरे पर धनबाद पहुंचे हैं। धनबाद के भू-धंसान और डेंजर जोन में रहने वाले हजारों लोगों के सुरक्षित पुनर्वास को लेकर झरिया मास्टर प्लान 2.0 केंद्र सरकार लेकर आई है। इस महत्वाकांक्षी पुनर्वास योजना के तहत भू-धंसान प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को बेलगढ़िया टाउनशिप में बसाने का प्रयास किया जा रहा है। इसे लेकर बेलगढ़िया टाउनशिप में बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ रोजगार, ई-रिक्शा और प्रशिक्षण की समुचित व्यवस्था बीसीसीएल और जिला प्रशासन द्वारा लगातार की जा रही है। इसके बावजूद लोग बेलगढ़िया आने में संकोच कर रहे हैं। केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने पुनर्वास और विस्थापन नीति के सफल नहीं होने के लिए झारखंड सरकार को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि पुनर्वास को लेकर झारखंड सरकार का अपेक्षित सहयोग नहीं मिल रहा है। राज्य सरकार के सहयोग के बिना विस्थापन की समस्या का समाधान संभव नहीं है। मंत्री ने कहा कि जिन क्षेत्रों में विस्थापन का मुद्दा है, वहां गैस रिसाव और भू-धंसान जैसी गंभीर समस्याएं लगातार बनी हुई हैं। ऐसे में जब भी किसी प्रकार की दुर्घटना या नुकसान होता है, तो भारत सरकार को जिम्मेदार ठहराया जाता है।

## भाजपा कोर कमेटी की बैठक में आंदोलनात्मक कार्यक्रमों पर हुआ मंथन



**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी की कोर कमेटी की बैठक प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संगठनात्मक एवं समसामयिक मुद्दों के साथ-साथ राज्य सरकार के खिलाफ चल रहे आंदोलनात्मक कार्यक्रमों और आगामी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में पार्टी की राजनीतिक एवं संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया तथा आने वाले दिनों में होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तय की गई। इस महत्वपूर्ण बैठक में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, अर्जुन मुंडा और मधु कोड़ा सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री संजय सेठ, राज्यसभा सांसद एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, बिहार-झारखंड क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेन्द्र नाथ त्रिपाठी तथा झारखंड प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह भी बैठक में शामिल हुए। बैठक में एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव, प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही, प्रदेश महामंत्री गणेश मिश्रा, अमर कुमार बाउरी और मनोज सिंह सहित अनंत ओझा भी उपस्थित थे। बैठक में यह तय किया गया कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के साथ-साथ सरकार की नीतियों के खिलाफ जनजागरण अभियान को और तेज किया जाएगा।

## निजी संस्थानों में डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने का निर्देश

**रांची।** सिविल सर्जन कार्यालय में गुरुवार को आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) और एचएमआईएस की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता सिविल सर्जन ने की, जिसमें रांची के करीब 100 निजी अस्पतालों, नर्सिंग होम, आईवीएफ सेंटर और आई अस्पतालों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य निजी स्वास्थ्य संस्थानों में डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देना और मरीजों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना था। बैठक में सिविल सर्जन ने सभी निजी अस्पतालों को स्वास्थ्य सेवाओं को पूरी तरह डिजिटल मोड में संचालित करने का निर्देश दिया। उन्होंने विशेष रूप से स्कैन एंड शेयर सुविधा को बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि इससे मरीजों को लंबी कतारों से राहत मिलेगी। पंजीकरण प्रक्रिया अधिक आसान होगी। अस्पतालों में भर्ती मरीजों (आईपीडी) के रिकॉर्ड को डिजिटल रूप से लिंक करने तथा डॉक्टरों द्वारा केवल ई-प्रिस्क्रिप्शन जारी करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक के दौरान राज्य मुख्यालय से पहुंची रश्मि नान्दे ने आंकड़ों और प्रस्तुति के माध्यम से निजी अस्पतालों की वर्तमान डिजिटल स्थिति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डिजिटल तकनीक अपनाने से अस्पतालों की कार्यक्षमता, रिकॉर्ड प्रबंधन और मरीजों को मिलने वाली सेवाओं में काफी सुधार संभव है। जिला डेटा प्रबंधक ने एचएमआईएस और एबीडीएम से जुड़े तकनीकी पहलुओं पर विस्तार से जानकारी साझा की। बैठक में कई सॉफ्टवेयर वेंडर्स भी मौजूद रहे। उन्होंने अपने-अपने सॉफ्टवेयर का डेमो प्रस्तुत करते हुए बताया कि किस प्रकार अस्पतालों का डेटा सुरक्षित तरीके से डिजिटल प्लेटफॉर्म पर प्रबंधित किया जा सकता है। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, निजी अस्पताल संचालक और विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## झारखंड कांग्रेस में संगठनात्मक फेरबदल, कई पदाधिकारियों को सौंपी गई नई जिम्मेदारियां



**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी द्वारा अधिसूचित झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पदाधिकारियों को प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने विभिन्न विभागीय एवं संगठनात्मक जिम्मेदारियां सौंपी हैं। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के प्रभारी राकेश सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश अध्यक्ष ने पार्टी संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से कई नेताओं को अलग-अलग कार्यों की जिम्मेदारी दी है। नई जिम्मेदारियों के तहत अभिजीत राज को विभाग एवं फ्रंटल संगठनों से संबंधित कार्य, आदित्य विक्रम जायसवाल को प्रोफेशनल कांग्रेस एवं झारखंड कांग्रेस न्यूज़लेटर से संबंधित कार्य, जबकि जयशंकर पाठक को शिकायत निवारण (निगरानी, फॉलो-अप एवं सुविधा प्रदान करना) की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी क्रम में मनोज सहाय 'पिंकू' को राज्य में कांग्रेस की संपत्तियों के संरक्षण का कार्य सौंपा गया है। शबाना खातून और सुंदरी तिर्की को विभाग एवं फ्रंटल संगठनों से संबंधित कार्यों की जिम्मेदारी दी गई है। संगठन एवं प्रशिक्षण से जुड़े कार्यों की जिम्मेदारी सुनीत शर्मा को दी गई है, जबकि सुरेन राम को भी विभाग एवं फ्रंटल संगठनों से संबंधित कार्य सौंपे गए हैं। सूर्यकांत शुक्ला को कांग्रेस कनेक्ट सेंटर की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के राजनीतिक सलाहकार तथा प्रदेश कार्यालय चेयरमैन सच्चिदानंद चौधरी और कार्यालय प्रभारी राजन वर्मा को भी महत्वपूर्ण प्रशासनिक दायित्व सौंपे गए हैं। प्रदेश नेतृत्व का मानना है कि इन नियुक्तियों से संगठनात्मक कार्यों में तेजी आएगी और जमीनी स्तर पर पार्टी की गतिविधियां और अधिक प्रभावी होंगी।

## रांची विश्वविद्यालय कैंपस में एनएसयूआई ने किया जोरदार प्रदर्शन

**रांची।** झारखंड में लागू किए गए तथाकथित क्लस्टर सिस्टम के विरोध में गुरुवार को छात्रों, शिक्षकों और छात्र संगठनों द्वारा रांची विश्वविद्यालय कैंपस में जोरदार प्रदर्शन किया गया। रांची विश्वविद्यालय के एनएसयूआई उपाध्यक्ष विश्वजीत सिंह, शादमान खान, महासचिव और एनएसयूआई की कोर टीम के नेतृत्व में छात्रों ने प्रदर्शन किया। छात्रों का कहना था कि झारखंड सरकार और विश्वविद्यालय प्रशासन की हठधर्मिता अब साफ दिखाने लगी है कि उन्हें छात्रों की समस्याओं, भावनाओं और भविष्य से कोई सरोकार नहीं रह गया है। शर्म की बात है कि जिन बच्चों के हाथों में किताबें होनी चाहिए, उन्हें आज सड़कों पर उतरकर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।



# पेट्रोल किल्लत की अफवाह





**रातू रोड में प्रशासन की गाड़ियों को लाइन लगाकर तेल लेते देख अफवाह उड़ी और लोग टूट पड़े। राम विलास पेट्रोल पंप और जनता ऑटोमोबाइल में भारी भीड़ उत्पन्न हो गई जिससे सड़क जाम जैसी स्थिति रात 10 बजे उत्पन्न हुई।**

## सीसीएल को मिला ग्रीनटेक सीएसआर इंडिया प्लेटिनम अवार्ड

- हजारीबाग के 9 गांवों में विकास कार्यों को राष्ट्रीय पहचान

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) को उत्कृष्ट कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) कार्यों के लिए प्रतिष्ठित "ग्रीनटेक सीएसआर इंडिया प्लेटिनम अवार्ड" से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान हजारीबाग कोयला खनन क्षेत्र में संचालित समग्र सामुदायिक विकास परियोजना के लिए दिया गया, जिसके माध्यम से आसपास के 9 गांवों के लगभग 5000 परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य किया गया। नई दिल्ली में आयोजित समारोह में यह पुरस्कार सीसीएल की ओर से महाप्रबंधक (सीएसआर) सिद्धार्थ शंकर लाल के नेतृत्व वाली टीम ने प्राप्त किया। यह सम्मान ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण, आजीविका संवर्धन और सतत विकास के क्षेत्र में सीसीएल के योगदान की राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृति माना जा रहा है। सीसीएल की इस परियोजना के तहत जल संरक्षण, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए गए। गांवों में तालाब निर्माण एवं पुनर्जीवन, वाटरशेड विकास, जैविक खेती को बढ़ावा, पशुधन विकास, सूक्ष्म उद्यमों का सृजन, सौर आधारित पेयजल व्यवस्था और सोलर स्ट्रीट लाइट जैसी सुविधाएं विकसित की गईं।

परियोजना की खास बात महिलाओं की सक्रिय भागीदारी रही। महिला स्वयं सहायता समूहों और ग्रामीण महिलाओं को आजीविका आधारित गतिविधियों से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाया गया। इसके परिणामस्वरूप ग्रामीण परिवारों की औसत वार्षिक आय में वृद्धि हुई और रोजगार के स्थानीय अवसर बढ़ने से पलायन में भी कमी आई। सीसीएल ने कहा कि यह परियोजना केवल आधारभूत सुविधाओं के विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे ग्रामीण समुदायों में आत्मनिर्भरता, सामाजिक सहभागिता और पर्यावरण संरक्षण की भावना भी मजबूत हुई है। जल संरक्षण और जैविक खेती जैसे प्रयासों ने किसानों की उत्पादन क्षमता और आय में सकारात्मक प्रभाव डाला है। कंपनी शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण विकास जैसे क्षेत्रों में लगातार जनहितकारी योजनाएं चला रही है। सीसीएल का मानना है कि वास्तविक विकास तभी संभव है, जब उद्योग और समुदाय साथ-साथ आगे बढ़ें। सीसीएल ने कहा कि भविष्य में भी कंपनी अपने खनन क्षेत्रों के आसपास रहने वाले समुदायों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने और उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास करती रहेगी।

### जनगणना 2027 की तैयारी तेज, प्रगणकों और प्रवेक्षकों को वितरित हुई आधिकारिक किट

## जनगणना राष्ट्र का महत्वपूर्ण जनसांख्यिकीय अभियान है : डीसी

- किसी भी प्रकार की समस्या आने पर तत्काल उच्चाधिकारियों को सूचित किया जाए, ताकि त्वरित समाधान सुनिश्चित हो

**नवीन मेल संवाददाता**





**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने गुरुवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जनगणना 2027 की तैयारी के तहत प्रवेक्षकों एवं प्रगणकों के बीच आधिकारिक किट का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने जनगणना कार्य को सुचारू, सटीक और समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि जनगणना राष्ट्र का महत्वपूर्ण जनसांख्यिकीय अभियान है, जो विकास योजनाओं, नीति-निर्माण और संसाधनों के उचित वितरण के लिए आधारभूत आंकड़े उपलब्ध कराती है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2027 की जनगणना को पूर्णतः डिजिटल और पारदर्शी बनाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा व्यापक तैयारी की गई है तथा रांची जिला इस ऐतिहासिक कार्य में पूरी प्रतिबद्धता के साथ भाग लेगा।

उन्होंने बताया कि हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन (एचएलओ) एवं मकानों के सूचीकरण की प्रक्रिया 16 मई से 14 जून तक चलेगी। इस दौरान प्रगणक प्रत्येक मकान, परिवार और अन्य स्थानों का सर्वेक्षण कर सूची तैयार करेंगे। अभियान के तहत मकानों का चिन्हांकन, परिवारों की प्रारंभिक सूची तैयार करना तथा टैबलेट और मोबाइल ऐप के माध्यम से डिजिटल डेटा संग्रह किया जाएगा। शहरी स्लम, ग्रामीण क्षेत्रों और प्रवासी आबादी वाले इलाकों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

प्रत्येक प्रगणक और प्रवेक्षक को वितरित किट में प्रशिक्षण सामग्री, पहचान पत्र, डिजिटल उपकरण, फॉर्मेट, पेन और बैग शामिल हैं। साथ ही जनगणना ऐप के उपयोग संबंधी दिशा-निर्देश भी उपलब्ध कराए गए हैं। अधिकारियों को गोपनीयता बनाए रखते हुए सही एवं सटीक जानकारी संग्रहित करने के निर्देश दिए गए।

उपायुक्त ने सभी नोडल अधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचलाधिकारियों और संबंधित कर्मचारियों से अभियान को मिशन मोड में संचालित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या आने पर तत्काल उच्चाधिकारियों को सूचित किया जाए, ताकि त्वरित समाधान सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची कुमार रजत, जिला जनगणना अधिकारी शेषनाथ बैठा, प्रखंड विकास पदाधिकारी कांके विजय कुमार सहित कई प्रवेक्षक एवं प्रगणक उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि जनगणना 2027 भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया द्वारा संचालित की जाएगी और यह देश की 16वीं राष्ट्रीय जनगणना होगी।

### रांची नगर निगम में शहर आजीविका कार्य योजना पर मंथन

**रांची।** रांची नगर निगम महापौर कार्यालय में शहर आजीविका कार्य योजना) के तहत फोकस ग्रुप डिस्कशन को लेकर स्टेकहोल्डर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता रोशनी खलखो ने की। बैठक में उप महापौर, पार्षद, उप नगर आयुक्त सहित संबंधित अधिकारी, महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्याएं, सामुदायिक संसाधन सेविकाएं तथा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों ने भाग लिया। इस अवसर पर महापौर ने एनआईटी कालीकट के प्रतिनिधियों को निर्देश दिया कि नगर निगम के स्लम क्षेत्रों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लोगों की पहचान कर उनके लिए विशेष शहर आजीविका कार्य योजना तैयार की जाए।

### श्री श्री रविशंकर के 70वें जन्मदिवस पर रांची-बेंगलुरु में भव्य कार्यक्रम

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची/बेंगलुरु।** विख्यात आध्यात्मिक प्रणेता श्री श्री रविशंकर के 70वें जन्मदिवस के अवसर पर गुरुवार को रांची और बेंगलुरु में विभिन्न आध्यात्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। रांची में सुबह 7 बजे मोरहाबादी स्थित ऑक्सीजन पार्क में विश्व शांति के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया गया, जिसमें 450 से अधिक लोगों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व अपैक्स बॉडी मेंबर सहेंद्र सिन्हा ने किया। इस अवसर पर साध्वी साध्वी आत्मस्वरूपा भी उपस्थित रहीं। इसके बाद दिन में 10 बजे राजयोग केंद्र में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। वहीं निवारणपुर स्थित क्षितिज मूक और बधिर स्कूल में 80 छात्रों के बीच प्रसाद एवं बेडशीट का वितरण किया गया तथा उनके मनोरंजन के लिए विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। शाम 6 बजे आर्ट ऑफ लिविंग के रांची केंद्र (जेल रोड स्थित) में गुरु पूजा के बाद भजनों के साथ सत्संग आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अनूप बिरथरे रहे।

### सनातन धर्म पर विवादित टिप्पणी अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण : संजय सर्राफ



**रांची।** विश्व हिंदू परिषद झारखंड सेवा विभाग एवं श्री कृष्ण प्रणामी सेवाधाम ट्रस्ट के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने तमिलनाडु के पूर्व मंत्री एवं डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन द्वारा सनातन धर्म पर दिए गए विवादित बयान की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि "सनातन धर्म जो लोगों को विभाजित करता है, उसे समाप्त कर देना चाहिए" जैसी टिप्पणी करोड़ों हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली एवं अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।संजय सर्राफ ने कहा कि सनातन धर्म विश्व का सबसे प्राचीन एवं सहिष्णु धर्म है, सेवा और भाईचारे का संदेश देता है।

### चैंबर भवन में सौन्दर्यीकृत अध्यक्षीय-महासचिव कैबिन का हुआ अनावरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के कार्यालयीय भवन में नव सौन्दर्यीकृत एवं सुसज्जित अध्यक्षीय-महासचिव केबिन का विधिवत अनावरण किया गया। अध्यक्षीय केबिन का उद्घाटन चैंबर के पूर्व अध्यक्ष आरके सरावगी ने किया। इस अवसर पर चैंबर के पूर्व अध्यक्ष पवन शर्मा, कुणाल अजमानी एवं किशोर मंत्री सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्षीय केबिन में विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना भी हुई। उपस्थित सदस्यों ने नव सुसज्जित केबिन की सराहना करते हुए इसे चैम्बर की गरिमा एवं कार्यसंस्कृति के अनुरूप बताया। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने आशा व्यक्त की कि यह सौन्दर्यीकृत अध्यक्षीय केबिन चैम्बर की गतिविधियों को और अधिक व्यवस्थित एवं प्रभावी बनाने में सहायक होगा।

### पशुपतिनाथ टेंपल मैनेजमेंट सोसायटी के अध्यक्ष बने डॉ रबींद्र भक्त



**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित 6-7 दशक प्राचीन पशुपतिनाथ मंदिर के सुचारू प्रबंधन के लिए नई समिति गठित की गई है। रांची पशु चिकित्सा महाविद्यालय के पशु पोषण विभाग के अवकाशप्राप्त प्रोफेसर डॉ रबींद्र भक्त को सात सदस्यीय पशुपतिनाथ टेंपल मैनेजमेंट सोसायटी का नया अध्यक्ष बनाया गया है। डॉ भक्त रामाश्रम सत्संग और बदलाव फाउंडेशन से सक्रियता से जुड़े हुए हैं।पंकज वत्सल को सचिव जबकि वानिकी संकाय के डॉ आशीष कुमार चक्रवर्ती, रांची कृषि महाविद्यालय के डॉ शैलेंद्र कुमार रजक को सदस्य बनाया गया है।

### मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा ने चलाया सत्तू पानी वितरण अभियान



**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा द्वारा संचालित '15 दिन 15 जन सेवा' अभियान के चौदहवें दिन गुरुवार को अपर बाजार स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर में सत्तू पानी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन शाखा की अध्यक्षा शुभा अग्रवाल के नेतृत्व में किया गया।

**आज / कल**




## ड्रग्स और अफीम के खिलाफ सख्त अभियान, अवैध नशा मुक्ति केंद्रों पर होगी कार्रवाई

- नशीले पदार्थों की तस्करी और दुरुपयोग रोकने पर चर्चा
- सभी थाना क्षेत्रों में ड्रग हॉटस्पॉट चिन्हित करने के निर्देश
- एनडीपीएस एक्ट के लंबित मामलों में त्वरित कार्रवाई पर जोर

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला समाहरणालय में डिस्ट्रिक्ट एनसीओआरडी कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले में नशीले पदार्थों की तस्करी, उत्पादन और दुरुपयोग पर प्रभावी रोक लगाने के लिए समन्वित रणनीति तैयार करने और उसे सख्ती से लागू करने पर चर्चा की गई।

बैठक में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण गौतम गोस्वामी, अनुमंडल पदाधिकारी सदर कुमार रजत, सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

उपायुक्त ने जिले के सभी थाना क्षेत्रों में ड्रग हॉटस्पॉट की पहचान कर विशेष निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही एनडीपीएस एक्ट के लंबित मामलों की त्वरित जांच और अभियोजन सुनिश्चित करने के लिए समयबद्ध कार्ययोजना बनाने को कहा। स्कूलों, कॉलेजों और उच्च शिक्षण संस्थानों में नियमित जागरूकता अभियान चलाने तथा नशे की लत से प्रभावित युवाओं को डी-एडिक्शन सेंटर से जोड़ने पर भी जोर दिया गया। बैठक में मेडिकल दुकानों, फार्मेसी और रसायनिक दुकानों की सघन जांच कर प्रतिबंधित दवाओं की अवैध बिक्री पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए। सीमावर्ती क्षेत्रों और परिवहन मार्गों पर चेकपोस्ट मजबूत करने तथा अंतरराज्यीय ड्रग तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पड़ोसी जिलों के साथ समन्वय बढ़ाने का निर्णय लिया गया। उपायुक्त ने जिले में गैरकानूनी रूप से संचालित नशा मुक्ति केंद्रों पर कार्रवाई करने का निर्देश देते हुए कहा कि अफीम की खेती रोकने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों, समाजसेवियों और स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ मिलकर व्यापक अभियान चलाया जाए। उन्होंने पूर्व में अफीम की खेती में शामिल लोगों की पहचान कर उन पर लगातार निगरानी रखने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा, "रांची जिला युवा बहुल है। हमारी आने वाली पीढ़ी को नशीले पदार्थों के खतरे से बचाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रशासन, पुलिस और सभी संबंधित विभाग समन्वय के साथ काम करेंगे और नशा मुक्त रांची के लक्ष्य को हासिल करेंगे। जिला प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि यदि कहीं ड्रग तस्करी, अवैध ड्रग्स की बिक्री, गांजा या अफीम की खेती अथवा किसी भी नशीले पदार्थ से जुड़ी गतिविधि की जानकारी मिले तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस या मादक पदार्थ निषेध सूचना केंद्र के टोल फ्री नंबर 1933 पर दें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

# लाह पुरखों की धरोहर है, इसे बचाएं और बढ़ाएं : कृषि मंत्री

- मंत्री ने कहा-कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में लगभग दो एकड़ क्षेत्र में लाह बीज का उत्पादन किया जाएगा

नवीन मेल संवाददाता



**खूंटी।** राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की और तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया ने गुरुवार को तोरपा प्रखंड के दियांकेल स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में राज्य के पहले लाह बीज बैंक (बुड लैक बैंक) के अधिष्ठापन कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर कृषि अनुसंधान परिषद के निदेशक अभिजीत कर समेत कई गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। यह अधिष्ठापन कार्य सिद्धू कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लिमिटेड (सिद्धिकोफेड) की ओर से किया जा रहा है। इसका संचालन कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (सहकारिता प्रभाग) की वर्ष 2025-26 की स्वीकृत योजना के तहत किया जाएगा। कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में लगभग दो एकड़ क्षेत्र में लाह बीज का उत्पादन किया जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि पूरे झारखंड की भौगोलिक और सांस्कृतिक स्थिति एक समान है तथा दक्षिण छोटानागपुर के आदिवासी समाज में एकरूपता दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि लाह उत्पादन पुरखों की धरोहर है, जिसे आधुनिक समय में भी जीवित रखने की आवश्यकता है। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि लोग जंगलों और प्रकृति से दूर होते जा रहे हैं, जबकि लाह उत्पादन जंगल और पेड़ों से जुड़ी आजीविका का महत्वपूर्ण माध्यम है। मंत्री ने कहा कि खूंटी में स्थापित होने वाला यह राज्य का पहला बुड लाह बैंक किसानों के लिए काफी लाभदायक साबित होगा। उन्होंने किसानों से केवल धान पर निर्भर नहीं रहने और मड़ुवा, मक्का जैसी वैकल्पिक फसलों की खेती अपनाने की अपील की। उन्होंने बताया कि मड़ुवा की खेती के लिए सरकार द्वारा तीन हजार रुपये की सहायता दी जा रही है तथा राज्य में एक लाख मीट्रिक टन मड़ुवा उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने असमय बारिश और खेती पर उसके प्रभाव को लेकर भी चिंता व्यक्त की। किसानों को सलाह देते हुए कहा कि पहली बारिश के साथ खेतों की जुताई कर खेती शुरू करें। उन्होंने बताया कि 22 मई को हर प्रखंड में कृषि कार्यशाला आयोजित की जाएगी। मंत्री ने कहा कि किसानों को योजनाओं की जानकारी और प्रशिक्षण देना जरूरी है। नामकुम स्थित प्रशिक्षण केंद्र में मुफ्त आवास, भोजन और प्रतिदिन 400 रुपये की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा से फसल क्षति होने पर किसान अंचल कार्यालय में आवेदन देकर मुआवजा प्राप्त कर सकते हैं तथा आकस्मिक मृत्यु पर चार लाख रुपये तक सहायता का प्रावधान है।

## भाजपा के दिवंगत नेता को लोगों ने दी श्रद्धांजलि



नवीन मेल संवाददाता

**खलारी।** भाजपा खलारी मंडल के पूर्व अध्यक्ष व वरिष्ठ नेता स्व. शशिभूषण सिंह को गुरुवार को केडी हिंदुगढ़ी चौक में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि सभा में स्थानीय नागरिकों, पार्टी कार्यकर्ताओं और समाजसेवियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। मौके पर लोगों ने उन्हें संगठन के प्रति समर्पित व जनसेवा के लिए सदैव तत्पर रहने वाला नेता बताया। कहा कि उनके निधन से भाजपा ने एक निष्ठावान कार्यकर्ता को खो दिया है। सभा के अंत में उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। श्रद्धांजलि सभा में बिनोद विश्वकर्मा, मिथलेश सिंह, रवींद्र गिरि, प्रिंस सिंह, मोनू सिंह, अनिल गंझू, अभिषेक चौहान, कृष्णा चौहान, रोहित सिंह, शिवम् सिंह, भोला यादव, बीरेंद्र यादव, रोशन लाल, शत्रुघ्न अग्रवाल, विकेश सिंह विक्की, मयंक सिंह, दीपक वर्मा, रतन लाल, कामेश्वर निषाद, रोनित सिंह, सिन्नी समाध, शुभम सिंह डंपु, विकास सिंह, सरस्वती देवी, तनवीर आलम, शत्रुंजय सिंह, आनंद सिंह, अमित लोहरा, नितेश तिवारी, विक्की कुमार राम, दीपक लोहार, दीपक तुरी, किशन राम, अशोक तुरी, अजित पांडे, दीपशिखा पाण्डेय, जावेद खान, इकबाल खान, जावेद अख्तर आदि उपस्थित थे।

## जनजातीय आवासीय विद्यालय में पानी की भारी किल्लत
## गंदे नाले में नहाने को मजबूर बच्चे



**खूंटी।** अड़की प्रखंड स्थित जनजातीय आवासीय विद्यालय हूंठ में पेयजल एवं स्नान के पानी की गंभीर समस्या सामने आई है। विद्यालय में पर्याप्त पानी की व्यवस्था नहीं होने के कारण छात्र अपनी जान जोखिम में डालकर लगभग आधा किलोमीटर दूर स्थित गंदे नाले में नहाने को मजबूर हैं। बच्चों की इस स्थिति ने विद्यालय प्रबंधन एवं संबंधित विभाग की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार विद्यालय में रहने वाले सैकड़ों छोटे छोटे बच्चे प्रतिदिन सुबह और शाम नाले तक पहुंचते हैं। नाले का पानी गंदा एवं अस्वच्छ है, बावजूद इसके बच्चों के पास कोई दूसरा विकल्प नहीं है। बच्चे फिसलन भरे पत्थरों और गहरे पानी के बीच नहाते हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका लगातार बनी रहती है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार छोटे बच्चे पानी के तेज बहाव और गहराई के कारण डूबने जैसी स्थिति में पहुंच चुके हैं। गंदे पानी में लगातार स्नान करने के कारण बच्चों में खुजली, चर्म रोग तथा अन्य संक्रमण फैलने की शिकायत भी सामने आ रही है। अभिभावकों का कहना है कि बच्चों के स्वास्थ्य के साथ गंभीर लापरवाही बरती जा रही है। विद्यालय में रहने वाले छात्रों को स्वच्छ पानी उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय परिसर में पानी की आपूर्ति व्यवस्था लंबे समय से प्रभावित है। कभी मोटर खराब रहने तो कभी पाइपलाइन में दिक्कत के कारण बच्चों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता। गर्मी बढ़ने के साथ समस्या और गंभीर हो गई है।

## विकास कार्यों में अनियमितता का आरोप, सौंपा ज्ञापन

**खलारी।** खलारी प्रखंड की 14 पंचायतों में चल रहे विकास कार्यों में अनियमितता बरते जाने का आरोप लगाते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा ने प्रखंड विकास पदाधिकारी कार्यालय में ज्ञापन सौंपकर जांच और कार्रवाई की मांग की है। झामुमो खलारी प्रखंड अध्यक्ष श्यामजी महतो के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि ग्राम सभा से पारित 15वीं एवं 16वीं वित्त आयोग की योजनाओं में नियमों की अनदेखी कर वेंडरों के माध्यम से फर्जी लाभुक समितियां दिखाकर कार्य कराया जा रहा है। साथ ही कहा गया कि कई वेंडरों के जीएसटी पते पर कोई दुकान या प्रतिष्ठान मौजूद नहीं है, इसके बावजूद विकास कार्यों का संचालन किया जा रहा है। झामुमो नेता ने आरोप लगाया कि नियमानुसार विकास कार्यों की राशि लाभुक समिति के खाते में भेजी जानी चाहिए, लेकिन प्रखंड स्तर पर मिलीभगत के कारण राशि सीधे वेंडरों के खातों में हस्तांतरित की जा रही है। इससे पंचायत स्तर पर पारदर्शिता और जवाबदेही पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### मिनी लंदन मैक्लुस्कीगंज से विकसित भारत@2047 की उड़ान
## वाईबीएन गुरुकुलम में नई शिक्षा नीति आधारित शिक्षा का शंखनाद

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झारखंड के प्रसिद्ध पर्यटन एवं शैक्षणिक केंद्र मिनी लंदन ऑफ़ झारखंड कहे जाने वाले मैक्लुस्कीगंज स्थित वाई बी एन गुरुकुलम में नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप विद्यार्थियों को आधुनिक, संस्कारयुक्त एवं रोजगारपरक शिक्षा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। यह विद्यालय सी बी एस ई से 10+2 तक मान्यता प्राप्त है तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए क्षेत्र में तेजी से अपनी विशिष्ट पहचान बना रहा है। आज दिनांक 14 मई 2026 को आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ राम जी यादव ने कहा कि वाई बी एन गुरुकुलम केवल शिक्षा देने का केंद्र नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की प्रयोगशाला है। उन्होंने कहा कि संस्था का लक्ष्य वंचित एवं जरूरतमंद परिवारों के पचास हजार विद्यार्थियों को विकसित भारत@2047 का ब्रांड एंबेसडर बनाना है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी प्राप्त करना नहीं, बल्कि चरित्र, संस्कृति, नेतृत्व और आत्मनिर्भरता का विकास करना है।

विद्यालय के प्राचार्य डॉ चमन सिंह ठाकुर ने कहा कि विद्यालय शिक्षा एवं विद्या के सभी आयामों—नैतिक शिक्षा, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, भारतीय संस्कृति, खेल, तकनीकी दक्षता एवं व्यक्तित्व विकास—पर आधारित समग्र शिक्षण प्रणाली को अपनाकर विद्यार्थियों को भविष्य के लिए तैयार कर रहा है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति विद्यार्थियों को रटंत शिक्षा से बाहर निकालकर कौशल एवं नवाचार आधारित शिक्षा की ओर अग्रसर करती है। इस अवसर पर गवर्नमेंट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के शिक्षक डॉ ओम प्रकाश ने कहा कि नई शिक्षा नीति भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक तकनीक का अद्भुत समन्वय है, जिससे विद्यार्थियों में शोध, रचनात्मकता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित होगी। कार्यक्रम में भागलपुर से शिक्षाविद अखिलेश कुमार, मोकामा से विजय कुमार, विद्यालय के शिक्षक अवध मुखर्जी सहित लगभग 400 विद्यार्थी एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

### तेज आंधी और बारिश से पिपरवार क्षेत्र में भारी तबाही
## घर पर गिरा विशालकाय पेड़ ऑफिसर्स क्लब का मुख्य द्वार टूटा

नवीन मेल संवाददाता



**पिपरवार।** पिपरवार-कोयलांचल क्षेत्र में बुधवार की देर रात आए तेज आंधी-तूफान और मूसलाधार बारिश ने भारी तबाही मचाई। अचानक बदले मौसम और तेज हवाओं के कारण क्षेत्र के कई इलाकों में बड़े-बड़े पेड़ उखड़कर गिर गए, जिससे लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कई स्थानों पर आवागमन प्रभावित हुआ, जबकि कुछ इलाकों में बिजली व्यवस्था भी बाधित होने की सूचना है। सबसे गंभीर घटना संगम विहार कॉलोनी में सामने आई, जहां सर्वेंट क्वार्टर में रहने वाले समर सरकार के घर पर एक विशालकाय पेड़ उखड़कर गिर पड़ा। घटना के समय समर सरकार एवं उनकी पत्नी घर के अंदर मौजूद थे। अचानक जोरदार आवाज सुनकर दोनों घबरा गए, लेकिन सौभाग्यवश दोनों सुरक्षित बच निकले। हालांकि घर को काफी नुकसान पहुंचा है। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई और लोगों ने राहत की सांस ली कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। इसी दौरान संगम विहार स्थित ऑफिसर्स क्लब भी तेज आंधी की चपेट में आ गया। क्लब का सामने का मुख्य द्वार, जो पूरी तरह शीशे का बना हुआ था, तेज हवाओं के दबाव से टूटकर बिखर गया। शीशे के टुकड़े दूर-दूर तक फैल गए, जिससे कुछ देर के लिए वहां दहशत का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों के अनुसार यदि उस समय कोई मुख्य द्वार के पास मौजूद रहता तो बड़ा हादसा हो सकता था। तेज आंधी और बारिश के कारण पिपरवार क्षेत्र के कई इलाकों में पेड़ गिरने की घटनाएं हुई हैं। कई सड़कों पर पेड़ गिरने से आवागमन प्रभावित हुआ। वहीं, कुछ स्थानों पर बिजली के तारों पर पेड़ गिरने से बिजली आपूर्ति भी बाधित रही। स्थानीय लोगों ने प्रशासन एवं संबंधित विभाग से जल्द गिरे पेड़ों को हटाने तथा क्षतिग्रस्त व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने की मांग की है।

## फुटपाथ पर 150 प्रति लीटर पेट्रोल बेचने का जेएमएम ने किया विरोध

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला सचिव इंद्रजीत राय ने कहा कि लापुंग में खुलेआम गैलन में लाकर 150 रूपए प्रति लीटर पेट्रोल बेचा जा रहा है। जबकि पेट्रोल की कीमत में गुरुवार की रात तक कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है । पेट्रोल पंप में अभी भी पेट्रोल 98.40 रूपए की दर मिल रहा है। सरकार ने पेट्रोल की कीमतों में अभी तक कोई वृद्धि नहीं की है लेकिन कुछ जमाखोर माफिया पेट्रोल पंप से गैलन में पेट्रोल लाकर खुलेआम 150 रूपए प्रति लीटर की दर से बेचना शुरू कर दिया है। जेएमएम के प्रखंड सचिव इंद्रजीत राय ने इसका विरोध करते हुए कहा कि पेट्रोल अभी गैलन में खरीद बिक्री करना भी अवैध है। लेकिन अगर बेच भी रहे हैं तो 10 रूपए अधिक लेकर बेचने में कोई बुराई नहीं है। इंद्रजीत राय ने कहा कि प्रशासन ऐसे जमाखोरों और ब्लैक में पेट्रोल बेचने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करें।

## डकरा साइडिंग आफिस का शेड आंधी में उड़ा, निर्माण कार्य पर उठे सवाल



**खलारी।** सीसीएल एनके क्षेत्र में बुधवार रात आई तेज आंधी और बारिश के दौरान डकरा साइडिंग आफिस का शेड उड़ गया। इससे उसके निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। मालूम हो कि उक्त आफिस का कार्य हुए अभी एक वर्ष भी पूरा नहीं हुआ है। आरोप है कि साइडिंग आफिस के शेड को लोहे के हुक से मजबूती से जाम करने के बजाय केवल ईंट रखकर दबाया गया था। बताया गया कि कार्य के दौरान ही ठेकेदार, ओवरसियर तथा संबंधित अधिकारियों को इस लापरवाही के बारे में अवगत कराया गया था, लेकिन किसी ने इस पर संज्ञान नहीं लिया। इसका परिणाम यह हुआ कि तेज आंधी आते ही शेड हवा में उड़ गया। घटना के समय आफिस में कर्मचारी मौजूद थे। अचानक शेड उड़ने से अफरा-तफरी मच गई। कर्मचारियों ने किसी तरह कंप्यूटर, महत्वपूर्ण दस्तावेज एवं अन्य सामान को सुरक्षित निकालकर दूसरे कमरे में रखा। इस दौरान ऊपर रखी ईंटों के गिरने का भी खतरा बना हुआ था, जिससे जान-माल की बड़ी क्षति हो सकती थी। वही एनसीओईए (सीटू) के एनके एरिया अध्यक्ष शैलेन्द्रकुमार सिंह ने इस मामले में निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदार पर उचित कार्रवाई करने तथा भुगतान राशि से कटौती करने की मांग की है। साथ ही प्रबंधन से आग्रह किया गया है कि क्षतिग्रस्त शेड को जल्द से जल्द ठीक कराया जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटना दोबारा न हो।

### लापुंग प्रखंड में टीचर नीड्स एसेसमेंट की परीक्षा संपन्न
## कठिन सवालों से शिक्षक दिखे परेशान, कई शिक्षकों के माथे पर पड़ा बल

नवीन मेल संवाददाता



**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के बीआरसी में सेंटा एप के माध्यम से चली तीन दिनों की अलग अलग बैच की टीचर नीड्स एसेसमेंट टीएनए की परीक्षा गुरुवार को सम्पन्न हो गया। इस दौरान झारखंड शिक्षा परियोजना की रांची जिला की रिसोर्स पर्सन प्रभा सहाय मैडम ने लापुंग के बीआरसी में द्वितीय बैच की परीक्षा का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि लापुंग में शांतिपूर्वक कदाचार मुक्त परीक्षा देखकर खुशी हो रही है। उन्होंने परीक्षा देने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं को शुभकामनाएं दी। लापुंग में परीक्षा बीपीओ लीलावती तिर्की की देखरेख में आयोजित की गई जिसमें बीआरपी रेशम शाहदेव, सीआरपी मनोज कुमार साहु, अजीत कुमार सिंह, मंटु कुमार साहु, चंद्रमोहन ठाकुर, सुनील कुमार गुप्ता, कपिल कुमार नाग, फ्रांसिस पन्ना, कैलाश पाढी.सहित अनगड़ा से आई आरटी अमिता मैम सहित अन्य लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टीएन ए की परीक्षा में शिक्षक शिक्षिकाओं ने धीर गंभीर होकर परीक्षा दिया। शिक्षक शिक्षिकाओं को कई अलग-अलग प्रकार के सवालों ने खूब छकाया। इस दौरान कई शिक्षक शिक्षिकाओं के माथे पर बल पड़ गया। छठे व अंतिम बैच की परीक्षा में उदय कुमार, यू धनेश्वर राव, प्रकाश उरांव, उत्तम कुमार मंडल, संचिता टोप्पनो, सूरज प्रसाद सिंह, उत्तम कुमार देवघरिया, अंजु मुंडा, जेवियर तीड़ु, जोहन कुमार उरांव, आजरा खातुन, सुशील कुमार एक्का सहित कुल 48 शिक्षक शिक्षिकाओं ने हिस्सा लिया। वहीं इसी दिन पहले बैच में रेखा आरती कुजूर, अंजना बेक, आनंद मिर्धा, सोनामणी बाखला, नीलम लकड़ा, उर्मिला कुमारी, नरोतम सिंह मुंडा सहित दर्जनों शिक्षक शिक्षिकाओं ने टीएनए की परीक्षा में हिस्सा लिया। इसके पूर्व अजय कुमार सिंह, मो जुबैर अंसारी, रूपेश कुमार पाठक, संजय कुमार सिंह, अरूण कुमार नायक सहित दर्जनों शिक्षक शिक्षिकाओं ने परीक्षा में हिस्सा लिया।

### भाजपा कार्यकर्ता ने विधायक से की मुलाकात
## पेयजल व बिजली समस्याओं के समाधान की उठाई मांग



**पिपरवार।** पिपरवार मंडल के भारतीय जनता पार्टी प्रतिनिधिमंडल ने रांची स्थित विधायक आवास में माननीय विधायक कुमार उज्जवल दास से मुलाकात कर क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने सड़क, बिजली, पेयजल सहित अन्य मूलभूत समस्याओं को लेकर विधायक को मांग पत्र सौंपते हुए जल्द कार्रवाई की मांग की। प्रतिनिधियों ने विधायक को बताया कि पिपरवार क्षेत्र के कई गांवों एवं पंचायतों में सड़कें जर्जर स्थिति में हैं, जिससे लोगों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा कई इलाकों में बिजली आपूर्ति अनियमित रहने तथा पेयजल संकट की समस्या भी गंभीर बनी हुई है। ग्रामीणों को गर्मी के मौसम में विशेष रूप से पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने विधायक से आग्रह किया कि इन जनसमस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए जाएं, ताकि लोगों को जल्द राहत मिल सके।

# दृष्टिपात

## संत माइकल +2 स्कूल, मुरी का सीबीएसई 12वीं की बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम



**मुरी/सिल्ली।** सीबीएसई 12वीं की बोर्ड परीक्षा में संत माइकल +2 स्कूल, मुरी के छात्र छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जिसमें पूजा दत्ता ने 89.2 % अंक लाकर स्कूल टॉपर रही। साथ ही शुभम चौधरी 86.2 %, आयुषी कुमारी 86%, रितिका कुमारी 85 % अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया । विद्यालय के निदेशक डॉ. राकेश कुमार ने खुशी जाहिर करते हुए सभी शिक्षको एवं विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने ये भी कहा कि ये परिणाम विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत का ही फल है साथ ही उन्होंने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के सभी शिक्षकों को भी दिया जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों ने गुणवता शिक्षा प्राप्त करके इस मुकाम को हासिल किया। विद्यालय के प्रबंधक डॉ. रूपेश कुमार ने शिक्षको एवं विद्यार्थियों को बधाई के साथ विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दिए उन्होंने उन सभी अभिभावकगण को भी धन्यवाद दिए जिन्होंने विद्यालय के प्रति भरोसा जताया। विद्यालय के प्राचार्य श्री सि. एल. प्रजापति ने इतनी बड़ी सफलता के लिए सभी शिक्षको का आभार व्यक्त किए एवं सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दिए। इस मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षकाएं ने अपनी खुशी जाहिर की।

## हाथियों के झुंड ने मचाया उत्पात, विद्यालय के दरवाजे और खिड़कियों को तोड़ा



**सिल्ली।** प्रखंड क्षेत्र के हलमाद स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय जालुमबेड़ा, किरकाटांड़ में बुधवार की रात करीब 11 बजे जंगली हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। हाथियों ने विद्यालय परिसर में घुसकर कक्षा दो के दरवाजे, कार्यालय के दरवाजे और खिड़कियों को तोड़ दिया।जानकारी के अनुसार, जब हाथियों को वहां कुछ नहीं मिला तो वे किचेन शेड की ओर बढ़ गए। वहां पहुंचकर उन्होंने दरवाजा और खिड़की तोड़ दी और मध्याह्न भोजन (एमडीएम) के लिए रखे चावल और दाल को खा गए। इसके साथ ही बच्चों के भोजन बनाने में उपयोग होने वाले अन्य सामान को भी बर्बाद कर दिया।

हाथियों का झुंड जाते-जाते विद्यालय के शौचालय की दीवार को भी गिराकर नुकसान पहुंचाया। इस घटना से विद्यालय को काफी क्षति हुई है और बच्चों के पढ़ाई के साथ-साथ मध्याह्न भोजन व्यवस्था पर भी असर पड़ा है। घटना की सूचना एसएमसी सदस्य एवं सचिव कुमारी रूपन भगत द्वारा वन विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही बनपाल गौतम कुमार मौके पर पहुंचे और विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि विभागीय अधिकारियों से समन्वय कर जल्द ही क्षतिग्रस्त दरवाजों और खिड़कियों की मरम्मत के लिए मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा।साथ ही, विद्यालय की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए चारदीवारी निर्माण की मांग भी की गई है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचाव हो सके और बच्चों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

## होमगार्ड नियुक्ति में पारदर्शिता और शीघ्र रिजल्ट जारी करने की मांग




**सिल्ली।** रांची जिला में 1614 पदों में भर्ती के लिए चल रही होमगार्ड नियुक्ति प्रक्रिया में अनावश्यक देरी एवं रिजल्ट प्रकाशन नहीं होने के वजह से हुआ आंदोलन का ऐलान। ऑक्सीजन पार्क मोराबादी में आयोजित सामूहिक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जेएलकेएम आंदोलनकारी नेता देवेन्द्र नाथ महतो ने कहा कि रांची जिला होमगार्ड नियुक्ति रिजल्ट प्रकाशन अनावश्यक वजह से विलंब करने के वजह से युवा आक्रोशित है। 16 मई 2026 को समय दिन 11 बजे से राँची मोराबादी मैदान से उपायुक्त कार्यालय तक अधिकार यात्रा करते हुए उपायुक्त कार्यालय का महाघेराव किया जाएगा । साथ ही देवेंद्र नाथ महतो ने यह भी कहा कि रांची जिला के हजारों युवा होमगार्ड का सपना साकार करने को लेकर लंबे समय से प्रैक्टिस किया, कड़ी मेहनत किया नियुक्ति प्रक्रिया के सभी चरणों को पूरा किया । लेकिन अभी तक रिजल्ट का प्रकाशन नहीं किया गया । युवाओं के मेहनत, धैर्य के साथ खिलवाड़ बर्दास्तनहीं किया जायेगा ।साथ ही प्रेस वार्ता के माध्यम से जिला उपायुक्त से निम्न मांग किया है। रांची जिला होमगार्ड नियुक्ति रिजल्ट अविलंब जारी किया जाए। रिजल्ट प्रकाशन में हो रही देरी का कारण सार्वजनिक किया जाय । नियुक्ति प्रक्रिया को पारदर्शी एवं समयबद्ध किया जाय। शहरी क्षेत्र के अभ्यर्थियों द्वारा फर्जी स्थानीय प्रमाण पत्र इस्तेमाल करने का शिकायत है जिसका निष्पक्ष जांच कराया जाय ताकि स्थानीय युवाओं के अधिकार का संरक्षण हो।

## प्रदेश कांग्रेस कमेटी गठन में गड़बड़ी का आरोप, नाराज नेताओं की 17 मई को प्रेस कान्फ्रेंस

**खलारी।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के गठन को लेकर खलारी निवासी वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं झारखंड प्रदेश कामगार कांग्रेस के महासचिव सह कांके विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि राजन सिंह राजा ने गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के. राजू को पत्र लिखकर कमेटी गठन में अनियमितता और पक्षपात का आरोप लगाया है। साथ ही इसकी प्रतिलिपि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा वरिष्ठ नेता राहुल गांधी को भी भेजी गई है। राजन सिंह राजा ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के गठन में योग्य और अनुभवी नेताओं की उपेक्षा की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि संगठन में परिवारवाद और 'गणेश परिक्रमा' करने वालों को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे पार्टी कमजोर होगी। उन्होंने कहा कि कमेटी गठन से पहले पद के इच्छुक कांग्रेसजनों से आवेदन फार्म भरवाए गए थे और इंटरव्यू लेकर योग्यता के आधार पर पद देने की बात कही गई थी, लेकिन ऐसा नहीं किया गया और सीधे कमेटी की घोषणा कर दी गई। उन्होंने कहा कि यह सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ अन्याय और धोखाधड़ी के समान है। राजन सिंह राजा ने प्रदेश अध्यक्ष से आग्रह किया कि संगठन हित में निर्णय लेते हुए गड़बड़ियों को अविलंब सुधारा जाए तथा 'एक व्यक्ति एक पद' के फार्मूले को लागू किया जाए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द सुधार नहीं किया गया तो नाराज कांग्रेसजन सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करने को विवश होंगे। इसके बाद भी सुनवाई नहीं होने पर दिल्ली जाकर राहुल गांधी से मुलाकात कर पूरे मामले से अवगत कराया जाएगा।

### राजरप्पा मंदिर में पुनर्विकास को लेकर उपायुक्त की बैठक

# राजरप्पा मंदिर में तत्काल मूलभूत व्यवस्था सुनिश्चित कराएं : डीसी

- प्रजेंटेशन के माध्यम से मंदिर परिसर में प्रस्तावित आधारभूत संरचना विकास की जानकारी दी गई

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** राजरप्पा मंदिर परिसर के प्रस्तावित पुनर्विकास कार्यों को लेकर बुधवार को उपायुक्त रामगढ़ ऋतुराज की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में पुनः समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान माननीय उच्च न्यायालय, झारखंड, रांची द्वारा पारित आदेशों के आलोक में अब तक किए गए कार्यों एवं प्रस्तावित कार्ययोजना की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने राजरप्पा मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल फ्लोर मैट लगाने एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मंदिर परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है तथा इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। प्रेजेंटेशन के माध्यम से मंदिर परिसर में प्रस्तावित आधारभूत संरचना विकास, श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विस्तार, यातायात प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था, सौंदर्यीकरण, सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यटन विकास से संबंधित विभिन्न प्रस्तावित कार्यों की जानकारी दी गई। उपायुक्त ने प्रेजेंटेशन के दौरान विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं एजेंसी को निर्देश दिया कि सभी कार्यों की योजना व्यवहारिक एवं दीर्घकालिक दृष्टिकोण के अनुरूप तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि राजरप्पा मंदिर झारखंड के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों में से एक है, ऐसे में इसके समग्र विकास हेतु सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय एवं समयबद्ध कार्यान्वयन अत्यंत आवश्यक है। बैठक में उपायुक्त ने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि प्रस्तावित योजनाओं के क्रियान्वयन में श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं पर्यावरणीय संतुलन का विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही सभी कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए प्रगति प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## पुस्तकों से हटकर रचनात्मक व व्यवहारिक गतिविधियों के जरिए सीखना जरूरी : हरजाप

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल, रामगढ़ कैंट में कक्षा तीन अल्फा एवं कक्षा तीन ब्रावो के विद्यार्थियों द्वारा उत्साहपूर्वक एक्सप्लोरेशन डे मनाया गया। इस विशेष दिवस का उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तकों से हटकर रचनात्मक एवं व्यावहारिक गतिविधियों के माध्यम से सीखने का अवसर प्रदान करना था। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने ध्यान (मेडिटेशन) कर मन की एकाग्रता एवं शांति का अनुभव किया। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने नॉन-फायर कुकिंग गतिविधि में भाग लेकर स्वादिष्ट "चने चाट" तैयार की। बच्चों ने अपनी रचनात्मकता का परिचय देते हुए सुंदर एवं आकर्षक बुकमार्क भी बनाए। प्राचार्य ने कहा कि इस गतिविधि का मुख्य उद्देश्य बिना पुस्तकों के शिक्षक एवं विद्यार्थियों के बीच सामंजस्य स्थापित करना तथा उनके संबंधों को और अधिक मधुर एवं सशक्त बनाना था। विभिन्न मनोरंजक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों ने सीखने का नया अनुभव प्राप्त किया। विद्यालय के शिक्षकों ने विद्यार्थियों को सहयोग, रचनात्मकता एवं आत्मविश्वास का महत्व समझाया। पूरे कार्यक्रम के दौरान बच्चों में उत्साह, आनंद एवं सीखने की जिज्ञासा स्पष्ट रूप से दिखाई दी। यह दिवस विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक एवं यादगार सिद्ध हुआ। विद्यालय के प्राचार्य हरजाप सिंह जी ने विद्यार्थियों के प्रयास की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां वर्तमान समय की मांग है विद्यार्थी ऐसी गतिविधियों के माध्यम से न केवल सामंजस्य स्थापित करके काम करना सिखाते हैं बल्कि नया-नया ज्ञान भी प्राप्त करते हैं। कार्यक्रम में गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के प्रधान परमदीप सिंह कालरा तथा विद्यालय प्रबंधक समिति के सदस्य—सरदार मनमोहन सिंह लांबा,की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## दृष्टिपात

### सात दिवसीय आवासीय प्रबोधन वर्ग का आयोजन 2 से 9 जून तक



**रामगढ़।** संस्कृत भारती झारखड प्रांत के सात दिवसीय आवासीय प्रबोधन वर्ग का आयोजन 2 जून से 9 जून शाम तक राधा गोविन्द प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़ में होगा। इस वर्ग में झारखण्ड प्रदेश के सभी जिलों से जो संस्कृत भाषा बोलना सीखना चाहते हैं वे शामिल होंगे। वर्ग में अत्यन्त सरलता के साथ संस्कृत का व्यवहारिक प्रयोग बोलचाल की भाषा में दैनिक व्यवहार किया जाता है। महिलाओं तथा पुरुषों के लिए दोनों की आवास व्यवस्था अलग अलग की गई है। किन्तु मोबाइल का प्रयोग शिक्षार्थियों के लिए पूरी तरह मना होगा। एक बार वर्ग में आने के बाद वर्ग समापन के बाद ही परिसर से बाहर कोई भी शिक्षार्थी निकल पाएगा। यदि प्रशिक्षण काल में किसी भी शिक्षार्थी का व्यवहार सही नहीं पाया गया तो उसे वर्ग से बाहर कर दिया जाएगा। इस संबंध में प्रेस वार्ता के क्रम में विद्वानों ने बताया कि संस्कृत भारती इस तरह का शैक्षणिक कार्य विश्व के 27 देश में करने में लगी रहती है। संस्था का एक ही लक्ष्य है संस्कृत भाषा जन-जन की भाषा के रूप में पुनः स्थापित हो। आज इस भाषा के प्रचार प्रसार में सैकड़ों विद्वान देश के कोने-कोने में निरूस्वार्थभाव से लगे हैं। देश भर में एक साथ अभी 43 स्थानों पर आवासीय तथा गैर आवासीय प्रशिक्षण वर्ग, कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण वर्ग, शिक्षकों का प्रशिक्षणवर्ग का आयोजन हो रहा है।

### सही जनगणना से ही योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचेगा : विधायक



**बरही।** स्थानीय विधायक सह झाविस के लोक लेखा समिति के सभापति मनोज कुमार यादव ने जनगणना 2027 के तहत चल रही स्व-गणना प्रक्रिया में भाग लेते हुए अपने बरही स्थित आवास पर ऑनलाइन स्व-जनगणना पूर्ण की। इस दौरान बरही प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो भी प्रगणक राजेन्द्र आर्य के साथ उपस्थित रहे और उन्होंने प्रक्रिया पूरी कराने में सहयोग किया। विधायक ने स्व-गणना के उपरांत अपनी भी जनरेट की। लोगों से अपील करते हुए कहा कि जनगणना राष्ट्र निर्माण का महत्वपूर्ण आधार है और प्रत्येक नागरिक को इसमें अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिए।

विधायक ने कहा कि स्व-गणना की प्रक्रिया 07 मई से 21 मई 2026 तक संचालित की जा रही है। प्रत्येक नागरिक पोर्टल पर जाकर स्वयं एवं अपने परिवार की जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। ऑनलाइन विवरण भरने के बाद प्राप्त एसआईडी को सुरक्षित रखने की सलाह दी गई है, ताकि भविष्य में प्रगणक के सत्यापन कार्य में सुविधा हो सके। इस अवसर पर विधायक ने लोगों से "हर घर गणना" अभियान को सफल बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि सही और सटीक जनगणना से ही योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक प्रभावी रूप से पहुंचाया जा सकता है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर भी मौजूद थे।

### तीन दिवसीय चेस चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला

## श्री अग्रसेन स्कूल का चेस चैंपियन बना अंशु गुप्ता



**भुरकुंडा।** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में चल रहे तीन दिवसीय चेस चैंपियनशिप का सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबला गुरुवार को खेला गया। फाइनल में अंशु गुप्ता ने तीन राउंड के फाइनल में अनुराग चौधरी को पराजित करते हुए 3-0 से जीत दर्ज की। चैंपियनशिप में तीसरा स्थान आयुष धर्मेंद्र कुमार और चौथा स्थान अयांश नंद को मिला। चैंपियनशिप में कुल 105 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। विजेताओं को मुख्य अतिथि सुंदरनगर पंचायत के मुखिया ब्यास पांडेय, स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया, सीनियर काउंसेलर मुख्तार सिंह ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर मुखिया ब्यास पांडेय ने कहा कि शतरंज हेल्दी ब्रेन गेम है। यह ब्रेन को क्रिएटिव बनाता है। नए आइडियाज क्रिएट करने की क्षमता बढ़ती है। यह खेल विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य के साथ फैसले लेना सिखाता है। चेस बच्चों की लर्निंग पावर, मेमोरी और फोकस करने की क्षमता में भी सुधार करता है। निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि आज के समय में ज्यादातर बच्चे वीडियो गेम्स में जुटे रहते हैं। जो उनकी आंखों और दिमाग पर बुरा असर डालता है।शतरंज जैसा खेल जीवन में एकाग्रता, रणनीतिक सोच, मानसिक अनुशासन, तर्क कौशल, दबाव में काम करने की क्षमता को बढ़ाता है। मंच संचालन साधना सिन्हा ने किया। आयोजन को सफल बनाने में सोनम खातून, मंजू कुमारी, आयुष कुमार का विशेष योगदान रहा।

### उपायुक्त ने जिला आपूर्ति विभाग के कार्यों की समीक्षा की

# खराब प्रदर्शन करने वाले पीडीएस संचालकों पर होगी कड़ी कार्रवाई

- राशन का उठाव न करने वाले कार्डधारियों को नोटिस के बाद कार्ड रद्द करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ ऋतुराज की अध्यक्षता में 14 मई को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान सर्वप्रथम जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोपो ने उपायुक्त सहित अन्य को पीपीटी के माध्यम से पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में की गई कार्रवाई और वर्तमान प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने जिले में खाद्यान्न वितरण, डीलरों की स्थिति और विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन का ब्यौरा प्रस्तुत किया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने नियमित निरीक्षण और मॉनिटरिंग पर जोर देते हुए समीक्षा के क्रम में आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को प्रतिमाह अनिवार्य रूप से अपने-अपने क्षेत्र की पीडीएस दुकानों का भौतिक निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने केवल दुकानों ही नहीं, बल्कि गोदामों और पैक्स का भी नियमित निरीक्षण कर रिपोर्ट सौंपने को कहा। बैठक में डीलरों की संख्या और उनके आवंटन की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने खराब प्रदर्शन करने वाले और अनियमितता बरतने वाले पीडीएस संचालकों को चिन्हित कर उन पर सख्त कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। योग्य लाभुकों को लाभ पहुँचाने हेतु उपायुक्त ने एन.एफ.एस.ए. और जे.एस.एफ.एस.एस. के तहत मिलने वाले लाभों की समीक्षा करते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने हेतु बेहतर मॉनीटरिंग करने का निर्देश दिया गया। वैसे कार्डधारी जो लंबे समय से राशन का उठाव नहीं कर रहे हैं, उन्हें नियमानुसार नोटिस निर्गत करने का निर्देश दिया गया।

### आंधी-तूफान में विशाल लिप्टस का पेड़ गिरा, स्कूल की बाउंड्री वॉल व दो घर क्षतिग्रस्त

**मांडू।** मांडू चट्टी पंचायत अंतर्गत ग्राम गोविंदपुर स्थित कस्तूरबा बालिका विद्यालय के बाउंड्री वॉल के समीप लगा विशाल लिप्टस का पेड़ बीते रात आए तेज आंधी-तूफान में गिर गया। पेड़ गिरने से विद्यालय की बाउंड्री वॉल क्षतिग्रस्त हो गई तथा बिजली के तार टूट जाने से क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। वहीं मांडू ब्लॉक से गोविंदपुर को जोड़ने वाली सड़क भी अवरुद्ध हो गया।जिससे लोगों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

घटना के बाद स्थानीय ग्रामीण व जनप्रतिनिधियों ने बिजली बहाल करने के लिए बिजली विभाग की टीम को बुलाया तथा पेड़ हटाने के लिए वन विभाग को सूचना दिया।जिसके बाद पेड़ हटाने की प्रक्रिया शुरू की गई। वहीं विशाल पेड़ गिरने से दो घरों को भी भारी नुकसान पहुंचा। ममता देवी, पति सुरेंद्र साव के घर की अल्बेस्टर शीट टूट गई।

### बाल मजदूरी के खिलाफ चला छापामारी अभियान, एक बालक मुक्त



**बरकट्ठा।** श्रम अधीक्षक हजारीबाग ने बुधवार को बाल मजदूरी के खिलाफ अभियान चलाते हुए जीटी रोड महाबर मोड़ स्थित रितिका चाइनीज फूड दुकान में निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दुकान में कार्य कर रहे एक बाल मजदूर को मुक्त कराया गया। मुक्त कराए गए बालक की पहचान रोहित कुमार मांझी, पिता रामविलास मांझी, ग्राम राजीगंज, शेरघाटी (गया) निवासी के रूप में हुई। कार्रवाई के बाद बच्चे को चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम अपने साथ ले गई। इस दौरान दुकान संचालक गणेश प्रसाद, पिता राम प्रसाद, निवासी सलैया को भविष्य में बाल मजदूर नहीं रखने की सख्त हिदायत दी गई।अभियान में श्रम पदाधिकारी बरकट्ठा देवेन्द्र कुमार, नीति आयोग के आदित्य कुमार, चाइल्ड हेल्पलाइन के राजकुमार महतो तथा जिला बाल संरक्षण इकाई के रोहित कुमार शामिल थे।

### चमत्कारी पतालसूर धाम खतरे में

## नदी में बोल्डर और डस्ट गिरा देने से शुद्ध जल पर छाया संकट, विरोध



**बरकट्ठा।** प्रखंड के बंडासिंघा जीटी रोड पर, बरकट्ठा थाना से 500 मीटर पुरब स्थित पतालसुर धाम अपनी चमत्कारी मान्यता के लिए प्रसिद्ध है। यहां के जलकुंड के पानी को पीने से पेट के रोग और शारीरिक बीमारियां ठीक होने का दावा किया जाता है। लेकिन एन एच ए आई के द्वारा रोड चौड़ीकरण और पूल निर्माण के बाद पतालसुर धाम नदी के नीचे बॉल्डर और डस्ट गिरा देने से बरसात का पानी नहीं निकल पा रहा है जिससे विकास कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है। मुखिया ललिता देवी के द्वारा इस धाम में टाइल्स व मार्बल लगाने के साथ-साथ अन्य विकास कार्य किया जा रहा है। लेकिन पानी जमा हो जाने के कारण कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है और जल स्रोत का पानी भी गंदा हो रहा है। इस बाबत धीरेंद्र पांडेय ने बताया कि हम लोग इसे बचाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन जल का जमाव के कारण विकास कार्य में काफी बाधा हो रही है। यहां से बॉल्डर और डस्ट को इस बरसात में नहीं हटाया गया तो धाम का अस्तित्व ही खतरे में आ जाएगा। उन्होंने कहा कि जीटी रोड (NH-19) पर स्थित होने के कारण, यहां श्रद्धालु मन्नत मांगने और जल लेने दूर-दूर से आते हैं।

### आंधी पानी से कॉलोनी के लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त

**गिद्दी।** गिद्दी कोयलांचल के कॉलोनी में बुधवार की रात में आई तेज आंधी और बारिश के कारण कॉलोनी में कई जगहों पर पेड़, पेड़ की डाली और बिजली के तार टूट कर गिर गए। इसमें किसी के जान माल की क्षति तो नहीं हुई है पर लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया और परेशानी उठानी पड़ी। गिद्दी मेनगेट सहित में कुछ मुहल्ला में बिजली के तार टूट कर गिरने से जहां बुधवार की रात भर बिजली गुल रही। वहीं बड़े पेड़ और पेड़ की डाली टूट कर सड़क पर गिरने से घंटो आवागमन बाधित रहा। बाद में गुरुवार को दिन में स्थानीय लोगों के टूट कर गिरे पेड़ और पेड़ के डाली काटकर सड़क पर से हटाए जाने के बाद आवागमन शुरू हो सका।

### जिओ नेटवर्क बना परेशानी का सबब, मुखिया ने अविलंब नेटवर्क बेहतर करने की मांग की



**बरकट्ठा।** चेचकपी पंचायत भर में इन दिनों नेटवर्क ठीक से कार्य नहीं करने के कारण लोग परेशान हैं।इस निमित पंचायत के लोगों ने मुखिया रीता देवी से संपर्क कर जानकारी दी कि लगभग 1 सप्ताह से मोबाइल नेटवर्क नहीं रहने के कारण हम लोग परेशान हैं। जब जिओ नेटवर्क अधिकारी से बात हुई तो जवाब देते हैं कि बिजली नहीं रहने का कारण हम लोग नेटवर्क नहीं दे पाते हैं ।तत्पश्चात मुखिया ने हिदायत किया कि आप नेटवर्क बेहतर करें अन्यथा हम सब ग्रामीण मिलकर जिओ टावर का गेट में ताला मार कर रखेंगे और इसका जिम्मेदार जिओ नेटवर्क कंपनी खुद होगा।

### अपराध नियंत्रण — पुलिस प्रशासन ने आम लोगों के हित के लिए प्रहरी की शुरुआत की

# लोगों की सुरक्षा ही पुलिस की पहली प्राथमिकता

- अड्डेबाजी के स्थलों को 5 अलग-अलग क्लस्टरों में बांटा कर की जाएगी छापामारी

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** गुरुवार को एसपी मुकेश कुमार लुणायत द्वारा जिला अंतर्गत अपराध नियंत्रण एवं उद्भेदन, अड्डेबाजी, छेड़खानी, सड़क पर अवैध रूप से पार्किंग को रोकने, यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने, थाना क्षेत्र में भौतिक रूप से पुलिस पदाधिकारी/कर्मियों का दृष्यता बढ़ाने के लिए एवं आमजनों में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करने' के उद्देश्य से एक विशेष पहल प्रहरी की शुरूआत की गई है।

इसको लेकर एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने बताया कि प्रहरी पहल के 3 भाग होंगेः- 1.पैदल गश्ती,2. अड्डेबाजी के विरूद्ध अभियान 3. एंटी क्राईम चेकिंग।

पैदल गश्ती के संबंध में एसपी ने बताया कि सम्पूर्ण जिला अंतर्गत आमजनों में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करने, पुलिस की दृश्यता को बढ़ाने, महिलाओं के साथ छेड़छाड़ की रोकथाम, अड्डेबाजी, सड़क पर अवैध रूप से पार्किंग को रोकने तथा यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने हेतु उक्त बिन्दुओं पर संवेदशील मार्ग पर पैदल गश्ती की जाएगी। पैदल गश्ती आम लोगों की सुरक्षा पर ज्यादा ध्यान देने की बात कही। पुलिस प्रशासन आम लोगों की सुरक्षा ही पहली प्राथमिता है। तभी लोगों का विश्वास पुलिस प्रशासन पर बढ़ेगी। इस पहल के तहत् रामगढ़ जिलान्तर्गत सभी थाना/ओपी प्रभारी/थाना/ओपी में पदस्थापित पदाधिकारी एवं बल के साथ सप्ताह में कम से कम दो (02) दिन निर्धारित मार्ग/ समय के अनुसार पैदल गश्ती करेंगे। गश्ती के मार्ग का चयन अपराध की प्रवृति, छेडखानी, अड्डेबाजी, ट्रैफिक की समस्या, अतिक्रमण की समस्या, बाजार या भीड़-भाड़ वाले स्थान/स्कूल/कॉलेज के आस-पास अवैध पार्किंग एवं आम जनता से प्राप्त सुझाव के आधार पर किया गया है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के स्तर से माह में एक बार प्रतिदिन का रूट चार्ट निर्गत किया जायेगा। '(अब तक कुल 76 मार्गो का चयन किया गया है।)' इस पहल में यदि अन्य एजेन्सियों जैसेः- नगर परिषद, रामगढ़, छावनी परिषद, रामगढ़ या अन्य किसी संबंधित विभाग के पदाधिकारी/कर्मी की भी आवश्यकता पड़ने पर संबंधित विभाग के पदाधिकारी से सम्पर्क कर उनका सहयोग प्राप्त किया जायेगा। इस अड्डेबाजी के विरूद्ध अभियान के संबंध में एसपी ने कहा कि रामगढ़ जिला अन्तर्गत मादक व नशीले पदार्थों के सेवन व खरीद/फरोख्त को रोकने तथा अपराध नियंत्रण व रोकथाम हेतु जिला पुलिस द्वारा 'विभिन्न थाना/ओ0पी0 अन्तर्गत अड्डेबाजी के कुल 114 स्थलों को चिन्हित किया गया है।' अड्डेबाजी के इन स्थलों को 5 अलग-अलग कलस्टरों में बाँटा गया है तथा प्रत्येक कलस्टर के चिन्हित स्थलों पर छापामारी हेतु थाना/ओपी में छापामारी दल का गठन किया गया है, जिनमें थाना/ओपी के पदाधिकारी, थाना गश्ती, पीसीआर, पैंथर मोबाईल इत्यादि रहेंगे। अड्डेबाजी में संलिप्त असामाजिक तत्वों पर नियमानुकुल कार्रवाई (उदाहरणः गुंडा पंजी में प्रविष्टि) करना सुनिश्चित करेंगे। अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, पतरातु/रामगढ़, पुलिस निरीक्षक, गोला/माण्डू/पतरातु भी अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत किसी एक थाना का नेतृत्व कर प्रभावी छापामारी करना सुनिश्चित करायेंगे।

### डीएवी बरकाकाना के छात्र छात्राओं का बजा डंका, लहराया परचम

**बरकाकाना।** सीबीएसई 12वीं परीक्षा परिणाम में डीएवी पब्लिक स्कूल सीसीएल नया नगर बरकाकाना के छात्र-छात्राओं ने अपनी ख्याति के अनुरूप योग्यता का लोहा मनवाया है। हमेशा की तरह इस बार भी परीक्षार्थियों ने विज्ञान, वाणिज्य और मानविकी में शत-प्रतिशत सफलता हासिल किया है। विज्ञान संकाय में 04, वाणिज्य में 02 मानविकी में 07 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। मानविकी में विद्यालय की सर्लिंग जूलियट 97.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर जिला टॉपर रही। स्वरा जायसवाल 92.6 प्रतिशत, नंदनी गुप्ता और मानवी सिंह 91.2-91.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर जिला के टॉप टेन में जगह बनाई। विज्ञान संकाय में 95.6 प्रतिशत अंक लाकर प्रिंस भौमिक, जन्नत ज़ारा 95.2 प्रतिशत, अर्शी कुमारी 91.8 प्रतिशत, श्रेया अंशु 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला के टॉप फाइव में जगह सुरक्षित किया।

### फ्लाई ऑवर निर्माण कार्य में आ रही अड़चनों को दूर करने के लिए प्रशासन सख्त



**बरकट्ठा।** बरकट्ठा में सिक्सलेन सड़क फ्लाईओवर निर्माण कार्य में आ रही अड़चनों को दूर करने के लिए प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई तेज कर दी है। गुरुवार को सीओ नवीन भूषण कुल्लू खुद जेसीबी मशीन के साथ ग्राम डाकडीह में सड़क पर उतरे और निर्माण कार्य में बाधा बन रहे अवैध कब्जों को हटाने का अभियान शुरू कराया। बरकट्ठा में फ्लाइओवर निर्माण कार्य लंबे समय से अतिक्रमण के कारण प्रभावित हो रहा था। कई बार नोटिस देने के बावजूद कुछ मकानों, दुकानों और स्थानीय लोगों ने स्वेच्छा से अतिक्रमण नहीं हटाया। जिससे परियोजना के काम की रफ्तार धीमी पड़ गयी थीं। इसे गंभीरता से लेते हुए सीओ ने पुलिस बल और प्रशासनिक टीम के साथ मौके पर पहंचकर कर्रवाईं की। अभियान के दौरान सड़क किनारे बने मकानों के बरामदे, कमरे,अस्थायी दुकान, ठेला और अवैध निर्माणों को जेसीबी की मदद से हटाया गया। इस दौरान कुछ लोगों ने काफी विरोध भी जताया, लेकिन प्रशासन ने बलपूर्वक कार्रवाई करते हुए साफ कर दिया कि विकास कार्य में बाधा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जायेगी। सीओ ने कहा कि पहले ही अतिक्रमणकारियों को पर्याप्त समय दिया जा चुका है, अब कार्रवाई अनिवार्य है। प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हडकंप मच गया और कई लोगों ने खुद ही अपना सामान हटाना शुरू कर दिया।

# मिक्सर मशीन पलटने से मजदूर की मौत, एक गंभीर घायल

नवीन मेल संवाददता



**बानो।** बानो थाना क्षेत्र के बेड़ाइरगी गांव में गुरुवार देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि एक अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।मिली जानकारी के अनुसार बानो पाहनटोली के मजदूर बेड़ाइरगी गांव में मकान ढलाई कार्य करने गए थे। ढलाई का काम समाप्त होने के बाद सभी मजदूर ट्रैक्टर एवं मिक्सर मशीन के साथ वापस लौट रहे थे। इसी दौरान बेड़ाइरगी ढलान के समीप अचानक मिक्सर मशीन का चक्का निकलकर अलग हो गया, जिससे मशीन अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में दो मजदूर मिक्सर मशीन के नीचे दब गए।घटना के बाद आसपास के ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद दोनों मजदूरों को बाहर निकाला।

इसके बाद स्थानीय लोगों की सहायता से दोनों को बानो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने बानो हरिजन बस्ती निवासी सुमित नायक को मृत घोषित कर दिया। वहीं गुलशन नायक गंभीर रूप से घायल हैं और उनका इलाज जारी है।हादसे की खबर फैलते ही बानो क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और लोगों ने काफी हो-हल्ला किया। सूचना मिलने पर बानो थाना प्रभारी श्यामनन्दन सिंह पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचे और लोगों को समझाकर स्थिति को शांत कराया। समाचार लिखे जाने तक देर रात लोग अस्पताल के बाहर डटे हुए थे।

## संगठन मजबूती को लेकर कांग्रेस लचरागढ़ पूर्वी मंडल की बैठक संपन्न

**कोलेबिरा।** जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार कोलेबिरा प्रखंड के पूर्वी मंडल में मासिक बैठक की गई। बैठक में संगठन की मजबूती बूथ से लेकर पंचायत तथा प्रखंड में की जाएगी। इस पर चर्चा की गई।सभी बूथो में बीएलए को सक्रिय करने, बूथ कमेटी, पंचायत कमेटी को सक्रिय कर कांग्रेस के विचारधारा को गांव गांव तक पहुंचाने तथा गांव के छोटे बड़े जन समस्याओं को समाधान करने तथा सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का निर्देश जिले के पदाधिकारीयों द्वारा दिया गया।कहा कि हर महीने पंचायत स्तर, मंडल स्तर तथा प्रखंड स्तर पर बैठक कर समस्याओं का हल करने का निर्देश दिया गया।बैठक में अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष रावेल लकड़ा, क्लेमेंट टेटे, अलबिनुस लुगून, विनय बिलूंग, अंथोनी बघवार,संजय डांग आदि उपस्थित रहे।

# पुलिया निर्माण में अनियमितता की शिकायत पर विधायक ने निर्माण कार्य का करवाया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता



**ठेठईटांगर।** प्रखंड अंतर्गत कोरोमिया पंचायत के मारारोमा में एनआरईपी विभाग से बन रहे पुलिया निर्माण पर ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि घटिया तरीका से काम कराए जा रहे हैं। इस कार्य में अनदेखी की जा रही है और घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। जिस पर स्थानीय विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने संज्ञान लेते हुए अपने प्रतिनिधियों को भेज कर जांच करने को कहा मौके पर प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज ने कहा कि इस तरह का काम में पहली ही बरसात में पुलिया का टूट जाना या दरारें आना आम है।पुलिया का निर्माण बिना किसी मानक के किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुल की ढलाई बिना सही बेस और बेड कंक्रीट के की गई है। निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं और यदि समय रहते जांच नहीं हुई तो यह पुलिया भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। इससे पहले भी इसी तरह का काम किया गया था, महज 5 साल में पुल जर्जर स्थिति में हो गया था। जिस पर स्थानीय विधायक ने संज्ञान में लिया और फिर से इसे अनुशंसा करके पुल बनवाने का काम किया परंतु फिर से घटिया तरीका से काम किया जा रहा है। जिस पर सवाल खड़ा हो रहा है कि संवेदक और विभाग का मिली भगत तो नहीं है। ठेकेदारों और मैदानी इंजीनियरों की सांठगांठ से जान-माल का जोखिम बढ़ रहा है।

संसद प्रतिनिधि फ्रांसिस बिलुंग ने कहा कि पुल निर्माण कार्य में संवेदक द्वारा घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। पुल निर्माण में गुणवत्ता के सवाल पर ग्रामीणों द्वारा अंगुलियां उठाई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस तरह से संवेदक मानक का उलंघन कर रहे हैं इससे यह साफ जाहिर होता है कि यह निर्माण के बाद ज्यादा दिनों तक चलने वाला नहीं है प्रशासन से निर्माण कार्य की जांच कराकर उसे मानक के अनुरूप कराने की मांग दोहराई है। मौके पर मौजूद प्रखंड अध्यक्ष अशफाक आलम बसंत सुरीन डोमिनिक डुंगडुंग, राजेश डुंगडुंग सुलेमान टोपनो उपस्थित थे।

## दृष्टिपात

### विभिन्न थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी के नेतृत्व में अवैध शराब के विरुद्ध छापामारी अभियान



**सिमडेगा।** जिला में अवैध शराब की रोकथाम के लिए लगातार जागरूकता एवं छापामारी अभियान चलाया जा रहा है, इसी क्रम में पिछले सप्ताह दिनांक-07.05.2026 से 14.05.2026 तक थाना प्रभारी के नेतृत्व में विभिन्न थाना क्षेत्र में अवैध शराब के विरूद्ध छापामारी अभियान चलाया गया है। अभियान के दौरान तीन अठाईस (328) किलोग्राम जावा महुआ एवं बत्तीस (32) लीटर महुआ शराब विनष्ट किए गए हैं, और अवैध शराब बनाने के लिए उपयोग होने वाली भट्ठी को भी विनष्ट किया गया है।सिमडेगा की जनता से अनुरोध है कि, अवैध शराब की रोकथाम एवं नशामुक्त समाज के निर्माण में सिमडेगा पुलिस का सहयोग करें। अपने आस पास के लोगों को जागरूक करें और अवैध शराब बनाने और बिक्री करने से संबंधित कोई भी सूचना नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) के मोबाईल पर निश्चित रूप से दें।

### संगठन में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने पर जोर



**सिमडेगा।** झामुमो महिला मोर्चा की जिला स्तरीय बैठक परिसदन भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महिला मोर्चा जिलाध्यक्षा रोस प्रतिमा सोरेंग ने की। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, महिलाओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि महिला मोर्चा को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने की जरूरत है ताकि अधिक से अधिक महिलाओं को संगठन से जोड़ा जा सके। बैठक के दौरान क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा भी की गई। सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने तथा जनता की समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहने का आह्वान किया गया।

### बेड़ाइरगी में सीएनआई चर्च की 150वीं वर्षगांठ पर वार्षिक जुबली कार्यक्रम आयोजित

**बानो।** प्रखंड अंतर्गत बेड़ाइरगी स्थित सीएनआई चर्च की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित वार्षिक जुबली कार्यक्रम में तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने चर्च परिवार एवं उपस्थित श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि चर्च समाज में प्रेम, सेवा, भाईचारा और मानवता का संदेश निरंतर फैलाने का कार्य करता आ रहा है।विधायक श्री गुड़िया ने कहा कि पिछले 150 वर्षों से चर्च ने शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जो समाज के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन समाज को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।कार्यक्रम के दौरान विशेष प्रार्थना सभा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पूरा क्षेत्र धार्मिक माहौल से भक्तिमय बना रहा।मौके पर चर्च समिति के सदस्य, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

### शिवम अस्पताल कोलेबिरा में शिविर लगाकर 6 यूनिट रक्तदान




**कोलेबिरा।** असैनिक शल्य चिकित्सा सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सिमडेगा के निर्देशानुसार रक्त केंद्र सदर अस्पताल सिमडेगा में रक्त की आवश्यकता को देखते हुए जिले के विभिन्न अस्पतालों में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।इसी क्रम में कोलेबिरा प्रखंड स्थित शिवम अस्पताल कोलेबिरा में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।शिविर के दौरान कुल 06 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। इस अवसर पर शिवम अस्पताल के संचालक ललित कुमार ने कहा कि रक्तदान महादान है और इससे जरूरतमंद मरीजों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने लोगों से नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील की।मौके पर लैब टेक्नीशियन राजीव ठाकुर, सुबल बागे, सुजान हेमरोम, डॉ. राजीव राजन सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। रक्तदान शिविर को सफल बनाने में सभी स्वास्थ्य कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो में वैक्सिनेशन कैम्प आयोजित

**बानो।** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो में 14 साल के कम आयु के छात्राओं को एचपीवी वैक्सीन को दी गई। चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर मनोरंजन कुमार की उपस्थिति में बांकी व कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बानो के छात्राओं को वैक्सीन दी गई। डॉक्टर मनोरंजन कुमार ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर के बचाव के लिए 9 वर्ष से 14 वर्ष तक के बच्चियों को यह वैक्सीन लेना आवश्यक है। इस वैक्सीन लेने से रोगों से बचा जा सकता है।मौके पर शशिप्रभा ,अनास्तासिया मिंज आदि लोग उपस्थित थे।

### बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए विशेष कैम्प का आयोजन

**बानो।** झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड विद्युत् आपूर्ति प्रमंडल सिमडेगा के द्वारा बिजली उपभोक्ताओं के समस्याओं से संबंधित समाधाध हेतु गुरुवार को हुरदा में विशेष कैम्प का आयोजन किया गया।बिजली कि समस्या के लिए कोलेबिरा अवर प्रमंडल द्वारा बिजली बिल सुधार,नया विद्युत् कनेक्शन,केबल लगाने,बिजली बिल का पता सुधार,नया ट्रांसफार्मर की जरूरत,नया विद्युतीकरण, डबल कनेक्शन एवं अन्य त्रुटि से सम्बंधित कैम्प लगाया गया,जिसमे बिल सुधार एवं नया कनेक्शन को लेकर कुल 9 मामला आया जिसका समाधान के लिए सहायक अभियंता ने त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।इस कैम्प में विधायक प्रतिनिधि विद्युत् विभाग तनवीर हुसैन,सहायक अभियंता कोलेबिरा विनोद कच्छप, विद्युतकर्मी उज्जवल बागे,एरिक केरकेट्टा, झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष तुरतन गुड़िया एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## जनता दरबार में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं संबंधित अधिकारियों को त्वरित निष्पादन का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा के दिशा-निर्देशन में जिला पंचायती राज पदाधिकारी दयानंद कार्जी के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न सुदूरवर्ती क्षेत्रों से पहुंचे ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।जिला पंचायती राज पदाधिकारी ने सभी फरियादियों की समस्याओं को बारी-बारी से गंभीरता पूर्वक सुना तथा उनसे सीधा संवाद कर मामलों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। प्राप्त आवेदनों के त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के लिए अग्रसारित किया गया।जनता दरबार में बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना से पुनः जोड़ने, जमीन बंटवारा, भूमि मापी, सीएनटी एक्ट की भूमि की अवैध बिक्री से संबंधित दाखिल-खारिज रद्द करने, आयुष्मान कार्ड बनवाने, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत चिकित्सा सहायता अनुदान उपलब्ध कराने, राशन कार्ड बंद होने, व्यक्तिगत वन पट्टा प्रदान करने, परिवारिक हितलाभ दिलाने, रैयती भूमि पर अवैध कब्जा हटाने, खतियान एवं रसीद में नाम सुधार, भूमि अधिग्रहण से संबंधित प्रतिबंधित सूची हटाने तथा जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने सहित विभिन्न मामलों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए।मौके पर जिला नियोजन पदाधिकारी आशा मैक्सिमा लकड़ा, जिला अग्रणी प्रबंधक सनिश मिंज सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## प्रोजेक्ट बालिका उवि जलडेगा में छात्राओं को दी नैतिक शिक्षा व मानवीय मूल्यों की जानकारी




नवीन मेल संवाददाता

**जलडेगा।** प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय जलडेगा में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के लिए "नैतिक शिक्षा एवं मानवीय मूल्यों द्वारा सकारात्मक जीवन शैली" विषय पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम राजयोगिनी शांति दीदी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी अमृता बहन ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में नैतिक मूल्यों का पालन जीवन को सुखमय एवं सफल बनाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच, अनुशासन, आत्मविश्वास एवं संस्कारयुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नैतिक शिक्षा से ही समाज में शांति, प्रेम और सद्भावना का विकास संभव है।कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी गीत बहन भी उपस्थित रहीं। उन्होंने बच्चों को मानवीय मूल्यों को अपने जीवन में उतारने तथा नशामुक्त एवं तनावमुक्त जीवन जीने की प्रेरणा दी। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। विद्यालय परिवार ने इस प्रकार के प्रेरणादायी कार्यक्रम के लिए ब्रह्माकुमारी संस्थान के प्रति आभार व्यक्त किया।

## पीएम श्री प्लस टू उच्च विद्यालय जलडेगा में तीन दिवसीय टीएनए प्रशिक्षण संपन्न

**जलडेगा।** प्रखंड स्थित पीएम श्री एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय में तीन दिवसीय टीएनए (टीचर नीड असेसमेंट) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में निर्धारित 245 शिक्षकों के लक्ष्य के विरुद्ध कुल 242 शिक्षकों ने भाग लेकर प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों का टीचर नीड असेसमेंट किया गया। यह एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके माध्यम से शिक्षकों के ज्ञान, कौशल, शिक्षण विधियों एवं उनके प्रदर्शन में सुधार की आवश्यकता वाले क्षेत्रों की पहचान की जाती है। साथ ही शिक्षकों की क्षमता बढ़ाने एवं उनके शिक्षण प्रदर्शन का मूल्यांकन कर छात्रों के सीखने के परिणामों में सुधार लाने पर विशेष जोर दिया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि टीएनए प्रक्रिया के तहत सर्वेक्षण, प्रशिक्षण एवं स्व-मूल्यांकन के माध्यम से जानकारी एकत्रित की जाती है, जिससे विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षण व्यवस्था में सुधार करने में सहायता मिलती है।

## सीबीएसई 12वीं परीक्षा परिणाम में सिमडेगा का उत्कृष्ट प्रदर्शन




नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा 12वीं बोर्ड परीक्षा 2025-26 का परिणाम घोषित कर दिया गया है। इस वर्ष जिला अंतर्गत डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, सिमडेगा के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का गौरव बढ़ाया है। विद्यालय का कुल उत्तीर्णता प्रतिशत 92.6 प्रतिशत रहा, जो शिक्षा के क्षेत्र में जिले की निरंतर प्रगति को दर्शाता है।कला संकाय में शुभम कुमार ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान हासिल किया, जबकि हिरण मांझी ने 90.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विज्ञान संकाय में विवेक कुमार साहू ने 93.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर उत्कृष्ट सफलता प्राप्त की। वहीं वाणिज्य संकाय में अंचल अग्रवाल ने 87.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर बेहतर प्रदर्शन किया।उल्लेखनीय है कि सीबीएसई से संबद्धता प्राप्त होने के बाद कला एवं वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों ने पहली बार तथा विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों ने दूसरी बार सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में भाग लिया।

सीमित संसाधनों के बावजूद विद्यार्थियों का यह प्रदर्शन प्रेरणादायी माना जा रहा है।उपायुक्त कंचन सिंह ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## हर समाज का सम्मान करना हमारी जिम्मेदारी : भूषण बाड़ा

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** शहर के ठाकुर टोली में बुधवार को विधायक मद से निर्मित होने वाले तेली समाज के भवन का विधिवत शिलान्यास विधायक सह कांग्रेस जिला अध्यक्ष भूषण बाड़ा के द्वारा किया गया। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि किसी भी समाज की पहचान सिर्फ उसके भवनों से नहीं बल्कि उसकी शिक्षा, जागरूकता, एकता और सोच से होती है। उन्होंने कहा कि तेली समाज का यह भवन आने वाले समय में समाज के लोगों के लिए संगठन, सामाजिक बैठक, युवा मार्गदर्शन, सांस्कृतिक गतिविधियों और महिला सशक्तिकरण का मजबूत केंद्र बनेगा।विधायक ने कहा कि वे हर वर्ग और हर समाज के सम्मान और विकास के लिए लगातार काम कर रहे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र में विकास कार्यों की गति आगे भी जारी रहेगी और समाज के लोगों की जरूरतों को प्राथमिकता दी जाएगी। कार्यक्रम में कार्यकारी जिला अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, तेली समाज अध्यक्ष जगदीश साहू, ओबीसी जिला अध्यक्ष शिव केशरी, प्रवक्ता रणधीर रंजन, विधायक प्रतिनिधि एजाज अहमद, राम कैलाश राम, लखन गुप्ता, सोनी वर्मा, संजय तिर्की, संगीता देवी, रतन प्रसाद, रामकिशन, संगीता कुमारी, मनोज जैन, मुकेश कुमार गोयल, दीपक केशरी, रामकुमार कोइराला, धीरेन साहू, दमयंती देवी, इंदुमती देवी, तुलसी देवी सहित तेली समाज के कई सम्मानित पदाधिकारी, युवा एवं महिलाएं मौजूद थीं।

विधायक ने कहा कि आज देश में कुछ लोग धर्म और जाति के नाम पर समाज को बांटने की राजनीति कर रहे हैं। लेकिन जनता अब समझ चुकी है कि सिर्फ भावनात्मक मुद्दों से विकास नहीं होता। उन्होंने कहा कि सड़क, शिक्षा, अस्पताल, रोजगार और युवाओं का भविष्य ही असली मुद्दा होना चाहिए। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि एकतरफा धर्म की राजनीति से सिर्फ समाज में दूरी बढ़ती है।

जबकि क्षेत्र और देश को आगे बढ़ाने के लिए सभी धर्मों, जातियों और वर्गों को साथ लेकर चलना जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमारी राजनीति जोड़ने की राजनीति है, तोड़ने की नहीं। साथ ही कहा कि आज का युवा अगर शिक्षा और मेहनत को अपना हथियार बना ले तो समाज की तस्वीर बदल सकती है।

# राजाबासा ग्रामसभा में सर्वसम्मति से सहायक सचिव एवं कोषाध्यक्ष का हुआ चयन

- स्थायी समितियों का किया गया गठन





**सिमडेगा/ठेठईटांगर।** गुरुवार को प्रखंड ठेठईटांगर अंतर्गत पंचायत राजाबासा के गांव राजाबासा में पेसा नियमावली 2025 के तहत ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा की अध्यक्षता ग्राम प्रधान तुर्थान सुरीन ने की। बैठक में विभागीय निर्देशों के अनुरूप ग्राम सभा के सहायक सचिव पद हेतु सर्वसम्मति से विश्राम कच्छप का चयन किया गया। वहीं ग्राम सभा के नगद कोष संचालन हेतु कोषाध्यक्ष पद पर रोशनी डांग का सर्वसम्मति से चयन किया गया।बैठक में पेसा नियमावली 2025 की कंडिका 20 के तहत ग्राम सभा की विभिन्न स्थायी समितियों के गठन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। ग्राम सभा में यह निर्णय लिया गया कि सभी समितियों में महिला एवं पुरुषों की एक-तिहाई सहभागिता अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाएगी, ताकि ग्राम सभा की कार्यप्रणाली में समान भागीदारी एवं पारदर्शिता बनी रहे।ग्राम सभा में मुख्य रूप से पेसा राज्य स्तरीय प्रशिक्षक सह भारत आदिवासी पार्टी जिलाध्यक्ष अमृत चिराग तिर्की एवं एसएलएमटी सदस्य सह अधिवक्ता जॉन एलविस कुल्लू उपस्थित होकर ग्राम सभा को आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान किए। बैठक में पेसा नियमावली 2025 के विभिन्न प्रावधानों, ग्राम सभा की शक्तियों एवं अधिकारों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।इस अवसर पर अमृत चिराग तिर्की ने कहा कि पेसा नियमावली 2025 अनुसूचित क्षेत्रों की ग्राम सभाओं को वास्तविक संवैधानिक अधिकार देने की दिशा में ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि जल, जंगल, जमीन, प्राकृतिक संसाधन, परंपरागत रीति-रिवाज एवं सामाजिक व्यवस्था की सुरक्षा अब ग्राम सभा की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि ग्राम सभा को मजबूत किए बिना गांव का समग्र विकास संभव नहीं है।

# देवघर के सदर अस्पताल परिसर में पसरी गंदगी से मरीज परेशान, कई दिनों से नहीं उठा कचरा

नवीन मेल संवाददाता



**देवघर।** जिले के सदर अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को इन दिनों भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल परिसर में फैली गंदगी और कूड़े के अंबार से उठ रही दुर्गंध ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। मरीजों का कहना है कि अस्पताल पहुंचते ही उन्हें गंदगी के बीच से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे संक्रमण फैलने का खतरा भी बना हुआ है।

### नगर निगम पर लापरवाही का आरोप

अस्पताल परिसर के बाहर बने पार्किंग स्टैंड के पास नगर निगम के कचरा डब्बों में और उसके आसपास पिछले कई दिनों से कूड़ा जमा है। समय पर कचरा उठाव नहीं होने के कारण वहां से तेज दुर्गंध फैल रही है। अस्पताल आने वाले लोगों का कहना है कि इस बदहाल व्यवस्था से स्वस्थ व्यक्ति भी बीमार पड़ सकता है। मरीजों और उनके परिजनों ने जिला प्रशासन और नगर निगम पर लापरवाही का आरोप लगाया। उनका कहना है कि यदि नियमित रूप से कचरा उठाव होता तो ऐसी स्थिति उत्पन्न नहीं होती।

### गंदगी के कारण मरीजों और अस्पताल प्रबंधन दोनों को परेशानीः डॉ सुषमा

लोगों ने बताया कि अस्पताल के मुख्य गेट के पास फैली गंदगी से अस्पताल की छवि भी खराब हो रही है। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि अस्पताल के अंदर की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है। खासकर मेटरनिटी वार्ड में पर्याप्त बेड की व्यवस्था नहीं है और आसपास साफ-सफाई की भी कमी है। वहीं, मामले को लेकर सदर अस्पताल की उपाधीक्षक डॉ। सुषमा वर्मा ने माना कि गंदगी के कारण मरीजों और अस्पताल प्रबंधन दोनों को परेशानी हो रही है। उन्होंने इसके लिए नगर निगम की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि प्रतिदिन कचरा उठाव नहीं होने से स्थिति खराब हुई है।

### गंदगी और दुर्गंध स्वास्थ्य के लिए खतरा

डॉ। सुषमा वर्मा ने बताया कि इस संबंध में नगर निगम से संपर्क किया गया है और जल्द कचरा हटाने का आश्वासन मिला है। उम्मीद है कि शाम तक अस्पताल परिसर से कचरा उठा लिया जाएगा।

## धनबाद में वाहन सर्विस सेंटर के बाहर मिला संदिग्ध बम, जांच में जुटी पुलिस

**धनबाद।** सरायढेला थाना क्षेत्र में एक वाहन सर्विस सेंटर के मुख्य गेट के पास गुरुवार को बम जैसी संदिग्ध वस्तु बरामद की गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पाकर सरायढेला थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और संदिग्ध वस्तु को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में घटनास्थल के आसपास बारूद जैसे पदार्थ के अंश पाए गए हैं। इसके बाद पुलिस ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाल रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि संदिग्ध वस्तु वहां किसने और किस उद्देश्य से रखी।

घटना की जानकारी मिलने पर धनबाद के विधायक राज सिन्हा भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से पूरे मामले की जानकारी ली।

### सर्किट हाउस में आजसू छात्र संघ का विचार-मंथन कार्यक्रम

# कॉलेजों में छात्र संघ चुनाव कराने पर चर्चा

नवीन मेल संवाददाता



**हजारीबाग।** गुरुवार को हजारीबाग स्थित सर्किट हाउस हजारीबाग में आजसू छात्र संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक एवं विचार-मंथन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवम मिश्रा ने की, जबकि संचालन सत्यम सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आजसू छात्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश सचिव डॉ। सौरभ शर्मा, हजारीबाग जिला अध्यक्ष परमेश्वर महतो, चतरा जिला अध्यक्ष शिवलाल दांगी, महिला मोर्चा केंद्रीय सचिव संगीता बरला, केंद्रीय सचिव विजय वर्मा, केंद्रीय सदस्य भोला महतो एवं केंद्रीय सदस्य संदीप सिंह शामिल हुए। यह बैठक आजसू छात्र संघ द्वारा छात्र हित में लगातार किए जा रहे आंदोलन एवं विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा छात्र संघ चुनाव कराने के आश्वासन के बाद आयोजित की गई। बैठक में हजारीबाग, कोडरमा, चतरा, रामगढ़ एवं गिरिडीह जिले के विभिन्न महाविद्यालयों से आजसू छात्र संघ के छात्र नेता एवं मदर विंग के अभिभावकगण भी शामिल हुए। बैठक में विनोबा भावे विश्वविद्यालय अंतर्गत सभी कॉलेजों में छात्र संघ चुनाव कराने को लेकर व्यापक चर्चा की गई। उपस्थित नेताओं एवं प्रतिनिधियों ने कहा कि छात्र संघ चुनाव लोकतांत्रिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिससे विद्यार्थियों को नेतृत्व क्षमता विकसित करने तथा छात्र हितों की आवाज मजबूती से उठाने का अवसर मिलता है।

बैठक में विश्वविद्यालय प्रशासन से जल्द से जल्द छात्र संघ चुनाव की तिथि घोषित करने की मांग की गई, ताकि सभी महाविद्यालयों में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न कराया जा सके। इस अवसर पर छात्र हित, शिक्षा व्यवस्था में सुधार एवं युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही सभी जिलों में छात्र-छात्राओं को संगठित कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया।

### झारखंड की पंचायत का देश में डंका

# पाकुड़ की झिकरहिटी इस्ट को मिलेगा राष्ट्रीय पुरस्कार

**रांची।** पंचायती राज मंत्रालय ने राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2025 के विजेताओं की घोषणा की है, जिसमें झारखंड ने दीन दयाल उपाध्याय पंचायत सतत विकास पुरस्कार के तहत राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान हासिल किया है। इस पुरस्कार का वितरण 3 जून 2026 को नई दिल्ली में किया जाएगा। महिला-हितैषी पंचायत श्रेणी में पाकुड़ जिले की झिकरहाटी ईस्ट ग्राम पंचायत को देशभर में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। इस पंचायत को 75 लाख रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। जानकारी के अनुसार, लगभग 12,528 आबादी वाली इस पंचायत का नेतृत्व महिला जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया, जिसके तहत इसे सुरक्षित, समावेशी और महिला-केंद्रित पंचायत के रूप में विकसित किया गया है। पंचायत में पिछले पांच वर्षों में महिलाओं के खिलाफ किसी भी अपराध या घरेलू हिंसा की कोई घटना दर्ज नहीं हुई है। इसके साथ ही, पंचायत ने शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव, पूर्ण एएनसी कवरेज और पोषण सुविधाओं के माध्यम से मातृ मृत्यु दर को शून्य तक पहुंचाया है। बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देते हुए 100 प्रतिशत नामांकन और बेहतर शैक्षिक संक्रमण दर सुनिश्चित की गई है। महिला सशक्तिकरण के तहत पंचायत में स्वयं सहायता समूहों को सार्वभौमिक रूप से जोड़ा गया है, जिससे वित्तीय समावेशन को मजबूती मिली है। यहां 29 से अधिक महिला-नेतृत्व वाले उद्यम संचालित हो रहे हैं, जबकि मनरेगा में महिलाओं की भागीदारी 61.05 प्रतिशत तक पहुंचकर राज्य में शीर्ष पर है। पंचायत में नियमित रूप से महिला सभाओं का आयोजन किया जाता है, जिससे निर्णय प्रक्रिया में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित होती है। साथ ही पंचायत स्तर पर महिलाओं का नेतृत्व मजबूत हुआ है, जहां मुखिया और उपमुखिया जैसे पदों पर भी महिलाएं कार्यरत हैं।सुरक्षा और पारदर्शिता को मजबूत करने के लिए पंचायत भवन में सीसीटीवी कैमरे, स्ट्रीट लाइट, डिजिटल शिकायत प्रणाली और 'माया कक्ष' जैसी महिलाओं के लिए विशेष सुविधाएं विकसित की गई हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, यह पंचायत महिला सशक्तिकरण, सामाजिक सुरक्षा और समावेशी विकास का एक सफल मॉडल बनकर उभरी है।

### धनबाद में कांग्रेस और प्रशासन आमने-सामने

# सीओ के खिलाफ थाने में शिकायत

नवीन मेल संवाददात



**धनबाद।** कोयलानगरी धनबाद में कांग्रेस और जिला प्रशासन के बीच विवाद अब सार्वजनिक रूप से सामने आ गया है। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ने धनबाद अंचलाधिकारी (सीओ) के विरुद्ध धनबाद थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। जिसमें उन्होंने सीओ पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। सीओ के विरुद्ध थाना में शिकायत पत्र देने के बाद मीडिया से बातचीत में कांग्रेस जिला अध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा कि हाल ही में कांग्रेस कार्यकर्ता स्थानीय समस्याओं को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से धरना-प्रदर्शन कर रहे थे। इसी दौरान प्रशासन ने उनपर सरकारी कार्य में बाधा डालने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करा दिया। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई पूरी तरह निराधार है और लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन करने का प्रयास है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि संबंधित अंचलाधिकारी भ्रष्टाचार में संलिप्त हैं और उनकी कार्यप्रणाली से सरकार की छवि धूमिल हो रही है। उन्होंने कहा कि जनता की आवाज उठाने वाले कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित करना प्रशासन की गलत मानसिकता को दर्शाता है। ऐसे अधिकारियों के खिलाफ सरकार को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि इससे पहले भी अंचलाधिकारी पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ अभद्र व्यवहार, अपमानजनक भाषा के प्रयोग और जाति सूचक टिप्पणी करने के आरोप लग चुके हैं। इन मामलों में भी सीओ के विरुद्ध थाना में शिकायत दर्ज कराई गई थी। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि लगातार सामने आ रही शिकायतें इस बात का संकेत हैं कि पदाधिकारी अपनी सीमाओं का उल्लंघन कर रहे हैं। संतोष सिंह ने स्पष्ट कहा कि कांग्रेस पार्टी लोकतांत्रिक व्यवस्था में विश्वास करती है, लेकिन प्रशासनिक मनमानी और तानाशाही रवैये को स्वीकार नहीं किया जाएगा। यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो कांग्रेस व्यापक आंदोलन शुरू करेगी। इस घटनाक्रम के बाद जिले की राजनीति गरमा गई है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं में प्रशासन के प्रति गहरा आक्रोश है। अब सबकी नजरें इस बात पर है कि पुलिस और जिला प्रशासन इस मामले में क्या रुख अपनाता है।

## बोकारो में माधव लाल सिंह का राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार



**बोकारो।** गोमिया विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक और एकीकृत बिहार व झारखंड सरकार में मंत्री रहे माधव लाल सिंह का अंतिम संस्कार गुरुवार को साड़म पश्चिमी स्थित बोकारो नदी तट पर राजकीय सम्मान के साथ किया गया। उनका पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन हो गया। बुधवार को लंबी बीमारी के बाद रांची के एक निजी अस्पताल में उनका निधन हो गया था। अंतिम संस्कार में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, सामाजिक कार्यकर्ता और हजारों समर्थक नम आंखों से शामिल हुए। पुलिस बल ने दिवंगत नेता को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। "माधव लाल सिंह अमर रहें" के नारों के साथ श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे थे। जिला प्रशासन द्वारा विधि-व्यवस्था और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। मौके पर उपस्थित गोमिया विधायक सह मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि गोमिया ही नहीं, बल्कि पूरे राज्य ने एक कर्मठ और ईमानदार नेता को खो दिया है, जिसकी पूर्ति संभव नहीं है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुलनाथ शाहदेव ने माधव लाल सिंह को शानदार नेता बताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

## सड़क किनारे मिला दिव्यांग बच्चा मां की तलाश में जुटी पुलिस

**पूर्वी सिंहभूम।** कदमा थाना क्षेत्र के फार्म एरिया में गुरुवार सुबह एक दिव्यांग बच्चा सड़क किनारे अकेला मिला। स्थानीय लोगों के अनुसार एक महिला बच्चे को वहां छोड़कर चली गई थी। काफी देर तक महिला के वापस नहीं लौटने पर आसपास के लोगों की नजर बच्चे पर पड़ी और वे उसके पास पहुंचे। बाद में मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही कदमा थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और बच्चे को अपने साथ थाने ले गई। पुलिस फिलहाल बच्चे की देखभाल कर रही है और उसे सुरक्षित रखने के लिए जिले की किसी संस्था या गैर सरकारी संगठन से संपर्क कर रही है, ताकि उसके पालन-पोषण की उचित व्यवस्था की जा सके। घटना के बाद इलाके में लोगों के बीच भावुक माहौल देखने को मिला। बताया गया कि बच्चा काफी देर तक धूप में बैठा रहा, जिससे वह परेशान और प्यासा हो गया था। आसपास मौजूद लोगों ने उसे पानी पिलाया और खाने के लिए बिस्किट व अन्य सामान दिया। बच्चे की स्थिति देखकर कई लोग भावुक हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बच्चा बार-बार अपनी मां को याद कर रो रहा था। यह दृश्य देखकर वहां मौजूद कई लोगों की आंखें नम हो गईं। स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई कि बच्चे को जल्द सुरक्षित माहौल और उचित देखभाल मिल सकेगी। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और बच्चे को वहां छोड़कर जाने वाली महिला की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी को बच्चे या उसकी मां के बारे में कोई जानकारी हो तो तुरंत कदमा थाना से संपर्क करें।

## सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिले के कोवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बेगनाडीह–पोटका मुख्य सड़क पर बुधवार देर रात हुए सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। हादसा टाटा स्टील के कचरा निष्पादन के लिए निर्माणाधीन प्लांट के समीप हुआ, जहां बाइक और कार्य में लगे ट्रैक्टर की जोरदार टक्कर हो गई। मृतकों की पहचान बुकामडीह निवासी जोड़ो माहली उर्फ काला माहुरी तथा काला माहली के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि दोनों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर भालकी की ओर से अपने गांव बुकामडीह लौट रहे थे। इसी दौरान निर्माण कार्य में लगे ट्रैक्टर से उनकी बाइक की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को इलाज के लिए पहले स्थानीय स्तर पर सहायता पहुंचाई गई, फिर बेहतर इलाज के लिए जमशेदपुर भेजा गया। लेकिन इलाज के दौरान दोनों युवकों ने दम तोड़ दिया। कोवाली थाना प्रभारी मुकेश कुमार साव ने बताया कि दुर्घटना उस समय हुई जब क्षेत्र में नल-जल योजना के तहत पाइप बिछाने का कार्य चल रहा था।

### राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला में मना प्रौद्योगिकी दिवस

# समावेशी व जिम्मेदार नवाचार पर जोर

- **तकनीक का विकास स्थानीय जरूरतों और उपयोगिता के अनुरूप होना आवश्यक**
- **तकनीकी विकास केवल बाजार और लाभ तक सीमित नहीं होना चाहिए**

नवीन मेल संवाददाता

**जमशेदपुर।** सीएसआईआर-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य देश की वैज्ञानिक एवं तकनीकी उपलब्धियों को स्मरण करना और नवाचार के माध्यम से समाज के समग्र विकास पर चर्चा करना था। कार्यक्रम में सुमन चक्रवर्ती मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत संदीप घोष चौधरी के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने भविष्य निर्माण में अनुसंधान और तकनीकी विकास की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए पिछले एक वर्ष में सीएसआईआर-एनएमएल द्वारा विकसित उन तकनीकों की जानकारी दी, जो व्यावसायीकरण के लिए तैयार हैं। वहीं, कार्यक्रम समन्वयक के.के। साहू ने मुख्य अतिथि का परिचय देते हुए उनकी उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

मुख्य अतिथि प्रो। सुमन चक्रवर्ती ने "समावेशी विकास हेतु उत्तरदायी नवाचार – गहन विज्ञान से गहन सामाजिक प्रभाव तक" विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि तकनीकी विकास केवल बाजार और लाभ तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि मानवता, समानता और सतत विकास को भी केंद्र में रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि तकनीक का विकास स्थानीय जरूरतों और उपयोगिता के अनुरूप होना आवश्यक है।

उन्होंने भारत की डिजिटल क्षमताओं, सामाजिक-आर्थिक विविधता, ग्रामीण चुनौतियों और स्वास्थ्य संबंधी असमानताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इन परिस्थितियों को तकनीकी विकास के अवसर के रूप में देखा जाना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कथन "विज्ञान सार्वभौमिक है, लेकिन तकनीक स्थानीय होनी चाहिए" का उल्लेख करते हुए स्थानीय आकांक्षाओं के अनुरूप तकनीक विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

प्रो। चक्रवर्ती ने कहा कि वास्तविक तकनीकी प्रगति वही है जो मानव पीड़ा को कम करे, अवसरों का विस्तार करे, समानता को बढ़ावा दे और पर्यावरण संरक्षण के साथ मानवता को सशक्त बनाए। इस अवसर पर उन्होंने सीएसआईआर-एनएमएल की वार्षिक रिपोर्ट 2025-26 का विमोचन भी किया। कार्यक्रम के दौरान पीएचडी शोधार्थियों द्वारा पोस्टर प्रस्तुति दी गई तथा एमएसएमई प्रतिनिधियों को संस्थान की विभिन्न प्रयोगशालाओं और सुविधाओं का भ्रमण कराया गया। अरका जैन विश्वविद्यालय और इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट के छात्र एवं शिक्षक भी कार्यक्रम में शामिल हुए। छात्रों के लिए विशेष प्रयोगशाला भ्रमण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन एसीएसआईआर साइंस क्लब द्वारा किया गया।

## देवघर में स्वास्थ्य कर्मियों को तीन महीने से नहीं मिला वेतन, आंदोलन की चेतावनी




**देवघर।** जिले के स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को पिछले तीन महीने से वेतन नहीं मिलने के कारण कर्मचारियों में भारी नाराजगी और हताशा देखी जा रही है। वेतन भुगतान लंबित रहने से कर्मचारियों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्वास्थ्य कर्मियों का कहना है कि मार्च और अप्रैल का महीना खर्च के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण होता है। इसी दौरान बच्चों के स्कूल एडमिशन, फीस और पढ़ाई से जुड़े अन्य खर्च बढ़ जाते हैं। ऐसे में समय पर वेतन नहीं मिलने से कर्मचारियों की परेशानी और बढ़ गई है। कर्मचारियों ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई के बीच परिवार चलाना मुश्किल हो रहा है। स्वास्थ्य कर्मचारियों की समस्या को देखते हुए संगठन की ओर से जिला प्रशासन से जल्द वेतन भुगतान कराने की मांग की गई है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द भुगतान नहीं हुआ तो आंदोलन शुरू किया जाएगा। स्वास्थ्य संगठन के सदस्य एवं सदर अस्पताल में लैब टेक्नीशियन के रूप में कार्यरत मनोज मिश्रा ने बताया कि अगर जल्द वेतन भुगतान नहीं किया गया तो 18 मई को कर्मचारी काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद 19 मई को एक दिवसीय कार्य बहिष्कार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि इसके बावजूद वेतन का भुगतान नहीं हुआ तो आगे की रणनीति बनाते हुए कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने को मजबूर होंगे। गौरतलब है कि मई महीने में देवघर स्वास्थ्य विभाग में वेतन घोटाले से जुड़ा मामला भी सामने आया था, जिसके बाद विभागीय व्यवस्था पर सवाल उठने लगे थे। हालांकि कर्मचारियों का कहना है कि राज्य सरकार की ओर से आवंटन जारी होने के बावजूद वेतन रोका जाना उचित नहीं है।

**रोजगार** | गुवा सेल खदान का अनिश्चितकालीन चक्का जाम आंदोलन समाप्त

# स्थानीय युवाओं को रोजगार देने पर बनी सहमति

- **रोजगार प्रक्रिया में केवल संबंधित 19 गांवों के युवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी और बाहरी लोगों को शामिल नहीं किया जाएगा**



**पश्चिमी सिंहभूम।** जिले के गुवा स्थित स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की लौह अयस्क खदान में 11 मई से जारी अनिश्चितकालीन चक्का जाम आंदोलन बुधवार देर रात समाप्त हो गया। लगभग 72 घंटे तक चले इस आंदोलन के कारण खदान क्षेत्र में लौह अयस्क उत्पादन और परिवहन व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित रही। आंदोलन खदान प्रभावित 19 गांवों के ग्रामीणों, मुंडा-मानकी संघ और स्थानीय युवाओं की ओर से चलाया जा रहा था, जिसे झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा का समर्थन प्राप्त था। बुधवार शाम 7 बजे से देर रात 11 बजे तक प्रशासन, सेल प्रबंधन और आंदोलनकारियों के बीच त्रिपक्षीय वार्ता चली। लंबी बातचीत के बाद सभी पक्षों के बीच सहमति बनी, जिसके बाद आंदोलन समाप्त करने की घोषणा की गई। आंदोलनकारी स्थानीय बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने, विस्थापित परिवारों को नौकरी में प्राथमिकता देने तथा क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर धरने पर बैठे थे। ग्रामीणों का कहना था कि सारंडा क्षेत्र से करोड़ों रुपये का लौह अयस्क निकाला जा रहा है, लेकिन स्थानीय युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। समझौते के तहत 19 गांवों के मानकी और मुंडा ग्राम सभा आयोजित कर शिक्षित एवं कार्यकुशल बेरोजगार युवाओं की सूची तैयार करेंगे। यह सूची गुवा थाना प्रभारी को सौंपी जाएगी। इसके बाद पुलिस प्रशासन की ओर से शैक्षणिक प्रमाणपत्र, आपराधिक रिकॉर्ड और अन्य आवश्यक जांच की जाएगी। जांच पूरी होने के बाद आवश्यकता के अनुसार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। समझौते में यह भी तय किया गया कि रोजगार प्रक्रिया में केवल संबंधित 19 गांवों के युवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी और बाहरी लोगों को शामिल नहीं किया जाएगा। वार्ता में सेल प्रबंधन की ओर से सीजीएम माइंस चंद्रभूषण कुमार, सीजीएम एचआर धीरेन्द्र मिश्रा, महाप्रबंधक डॉ। टी सी। आनंद, महाप्रबंधक प्रवीण कुमार सिंह और उप महाप्रबंधक अनिल कुमार मौजूद रहे। प्रशासन की ओर से जगन्नाथपुर एसडीओ महेंद्र छोटन उरांव, किरीबुरू एसडीपीओ अजय केरकेट्टा, अंचलाधिकारी मनोज कुमार, बीडीओ पप्पू रजक, गुवा थाना प्रभारी नीतीश कुमार, किरीबुरू थाना प्रभारी रोहित कुमार तथा छोटानागरा थाना प्रभारी सैनिक समद उपस्थित थे। वहीं आंदोलनकारियों की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, मानकी सुरेश चांपिया, मंगता सुरीन, जिला परिषद सदस्य देवकी कुमारी, सिंगा सुरीन, बिरसा सुरीन, केशव गोप, विकास गोप, गुलियन चाम्पिया, विकास पुरती, सुशील पुरती, मदन चाम्पिया, मैगरिट सिरका, रजनी पुरती, सुमित्रा पुरती, लालू चाम्पिया, लक्ष्मी चाम्पिया, लखन चाम्पिया, सोमा चाम्पिया, विजय हाईबुरु, लंका पुरती और हरि चाम्पिया समेत कई ग्रामीण प्रतिनिधि शामिल हुए। आंदोलन समाप्त होने के बाद देर रात से खदान क्षेत्र में लौह अयस्क परिवहन और उत्पादन व्यवस्था को सामान्य करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई।


**Memo No-869/R.O.(G.P.) DATED-13/05/2026**
**POLICE WIRELESS HQR. JHARKHAND,RANCHI**

**Tender Notice (NIT)- 02/2026-27**

Sealed Tenders for **F.Y. 2026-27** are invited from the local suppliers who are Income Tax/Goods and Services Tax Payee dealers /Suppliers/Authorized agents of the firms with GST registered in Jharkhand before the date of publication of this Tender for the supply of **Expendable Items** to Jharkhand Police Wireless Hqr. Ranchi to reach the undersigned on or before dtd-10/06/2026 at 1100 hrs. Sealed envelope should be super scribed as
**"TENDER OF EXPENDABLE ITEMS" TENDER NO. 02/2026-27**

Tender Documents can be obtained from the undersigned office at Police Wireless Hqr. Old Police Line, Line Tank Road, Ranchi on production of an application on own letter pad on or before dtd-19/05/2026 at 1700 hrs. The last date of submission will be dtd-10/06/2026 at 1100 hrs.

Tenderer should submit tender in Two envelops, in **1st Envelope(Technical bid)** self attested photo copy of GST registration certificates in Jharkhand state, Two years IT return**(F.Y.2024-25&2025-26)**, Aadhar , PAN and Earnest Money for **Rs. 20,000/- (Rs. Twenty Thousand Only)** (In form of Bank Draft) in favour of **S.P.(Tech. Services & Commn.) Jharkhand,Ranchi** with and in **2nd Envelope (Financial bid)** submitted items wise rate with GST separately.

No transportation cost will be paid by this office.

Tenderer should be hold minimum one shops/stock point in Ranchi Town.

Sealed Tender Envelope will be opened on 11/06/2026 at 1100 hrs in the office of the undersigned at Old Police Line, Line Tank Road, Ranchi in presence of the Tenderers /Representatives (if any) . Incomplete offers or without earnest money (In form of Bank Draft) will not be considered or entertained.

The undersigned reserves the right to reject any Tender fully or partially without assigning any reason.

**Sd.-Prashant Anand IPS**
**S.P.(Commn.& Tech. Services)**
**Jharkhand ,Ranchi**

PR 379848 (Police Wireless Headquarter)26-27*D

**विचार प्रवाह**

अनंत परमेश्वर के साथ की प्रेमलीला ही सर्वोच्च है। आपको कल्पना भी नहीं है कि जीवन कितना सुंदर हो सकता है। जब आप अचानक ईश्वर को सर्वत्र पाते हैं, जब वे आपको दर्शन देते हैं और आपसे बातें करते हैं और आपका मार्गदर्शन करते हैं, तब ईश्वरीय प्रेमलीला शुरु हो जाती है। - **स्वामी विवेकानंद जी**

राष्ट्रीय नवीन मेल

# पेपर लीक रोकने के लिए अभिनव प्रयोग की संभावना

इंडिया



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

2024 में शिक्षा, महिला एवं बाल युवा खेलकूद की संसदीय कमेटी ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की अध्यक्षता में पेपर लीक्स रोकने के लिए जो सुझाव दिए थे उसमें था निजी कंपनियों पर निर्भरता घटाकर पेपर हैंडलिंग, एग्जाम, लॉजिस्टिक्स, टेक्निकल सपोर्ट्स के लिए के लिए भरोसेमंद विकल्प तलाशना । क्योंकि प्राइवेट वेंडर की निगरानी और जिम्मेदारी तय करना आसान नहीं यदि वे गड़बड़ी करें तो उसे हमेशा के लिए ब्लैक लिस्ट किया जाना चाहिए। दूसरा सुझाव था करोड़ों रुपए के फंड का इस्तेमाल ज्यादा और बेहतर से बेहतर सुरक्षा के लिए होना चाहिए। तीसरा सुझाव था ऑनलाइन एग्जामिनेशन अगर कंप्यूटर बेस्ड हों तो सिर्फ और सिर्फ सरकारी संस्थानों में हों । पेन पेपर सिस्टम पर भी विचार हो । चौथा सुझाव था एनटीए को यूपीएससी पैटर्न समझना चाहिए जिसकी परीक्षाएं अधिक स्वच्छ और पारदर्शी होती हैं । सुझाव सुनने में तो बहुत अच्छे हैं, लेकिन फिर मन में सवाल आता है कि इन्हें अब तक लागू क्यों नहीं किया गया? तमिलनाडु के सीएम तो नीट-यूजी को संपत कर 12 वीं के नंबर के आधार पर नामांकन का सुझाव दे रहे हैं।यदि ऐसा हुआ तो वह परीक्षा भी पहले की हिंदी पट्टी की तरह खुलेआम चोरी और चिटिंग से नई समस्या उत्पन्न करेगी । हर वर्ष लगभग 22 से 24 लाख विद्यार्थियों की परीक्षा संभालना किसी भी सरकारी संस्था के लिए चुनौतीपूर्ण है क्योंकि सरकारी पदों की संख्या घटती जा रही है जिससे प्राइवेट वेंडर्स की सहायता के बिना इसे करना संभव नहीं दिखता । राधाकृष्णन कमिटी बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन, जीपीएस ट्रैकिंग, एआई मॉनिटरिंग जैसी सुविधाओं से परीक्षा कराने पर जोर देती है। ऐसा विदेशों में भी होता है और बहुराष्ट्रीय कंपनियां कई चरणों में ऑनलाइन परीक्षा तकनीक के आधार पर लेती है वैसा हो जाता तो शायद पेपर लीक नहीं होता।दोबारा परीक्षा कराने की प्रक्रिया 7-10 दिन में शुरू हो जाएगी एनटीए के महानिदेशक अभिषेक सिंह ने कहा, 'जो कुछ भी हुआ हम उसकी जिम्मेदारी लेते हैं, यह गलत था। दोबारा परीक्षा की तारीख के लिए मैं अपनी टीम के साथ बैठक करूंगा। अगले कुछ दिनों में पूरा परीक्षा शेड्यूल और तारीखें घोषित कर दी जाएंगी। कोशिश होगी कि कम से कम समय में परीक्षा हो जाए ताकि शैक्षणिक कैलेंडर और प्रवेश प्रक्रिया बाधित न हो। पिछले कई सालों में एनटीए बार-बार अलग-अलग विवादों में रहा है। 2019 में जब एनटीए ने पहली बार नीट एग्जाम कराया तब आंसर की को लेकर विवाद हुआ। 2020 में जेईई मेंस में विवाद हुआ। उसी साल नीट यूजी में मध्य प्रदेश की एक छात्रा को सिर्फ छह नंबर दिए गए। लेकिन बाद में ओएमआर मिलान से उसके करीब 590 मार्क्स निकले। अब सोचिए कि एक सिस्टम की गलती ने बच्ची से उसका भविष्य नहीं बल्कि जिंदगी तक छीन ली थी। इसके बाद 2022 में जेईई मेंस के दौरान तकनीकी बाधा की शिकायतें आई। 2024 में नीट कंट्रोवर्सी ने पूरे देश को हिलाया। 67 स्टूडेंट्स के फुल मार्क्स, ग्रेस मार्क्स के विवाद और पेपर लीक के आरोपों ने लाखों बच्चों के भरोसों को अंदर तोड़ दिया। सुप्रीम कोर्ट ने तक यह मान लिया कि पेपर लीक हुआ था। लेकिन पूरे एग्जाम में व्यवस्था जनित चूक साबित नहीं होने के चलते री एग्जाम नहीं कराया गया। और 2026 में जब आया तो फिर वही डर, फिर वही गुस्सा, फिर वही सवाल, फिर वही कहानी। झारखंड के जेपीएससी की एक परीक्षा में गलत प्रश्न पर हुए हाल में विवाद से भारत की तरह बड़ी जनसंख्या वेक पडोसी चीन की व्यवस्था ध्यान में आती है जहां परीक्षा से 3 महीने पहले सेकेंडरी स्कूलों और विश्वविद्यालयों से कुछ सीनियर टीचर्स को टेस्ट पेपर्स डिजाइन करने के लिए चुना जाता है। इन बाद इन शिक्षकों को बीजिंग के दूर-दराज और सुनसान इलाकों जैसे मिलिट्री कैंपों या जेलों में भेजा जाता है, ताकि एग्जाम के सवाल बनाने से पहले उन्हें गोपनीयता बनाए रखने की ट्रेनिंग दी जा सके। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार टेस्ट पेपर शिक्षा मंत्रालय और नेशनल एडमिनिस्ट्रेशन ऑफ़ स्टेट सीक्रेट्स प्रोटेक्शन दोनों के अधिकार में जेलों में प्रिंट किए जाते हैं। हर प्रिंट वर्कशॉप में कैमरे और गार्ड जैसे 24 घंटे सुरक्षा के कई तरीके होते हैं। टेस्ट पेपर की प्रिंटिंग के बाद इसे हथियारबंद गार्ड पूरे देश में ले जाते हैं। इनकी सुरक्षा बैंकों और कैश ले जाने वाली आर्मर्ड गाड़ियों से भी ज़्यादा होती है। द गार्जियन की रिपोर्ट के चीन की बड़ी टेक कंपनियां सरकार के आदेश पर कॉम्पिटिटिव यूनिवर्सिटी एंट्रेंस एग्जाम के दौरान चिटिंग रोकने के लिए कई एप के एआइ फंक्शन बंद कर दिए हैं।पेपर लीक या एग्जाम कैंसिल होने की जब खबर आती है तो सरकार को यह समझना चाहिए। सिर्फ एक परीक्षा नहीं टूटती है। लाखों बच्चों का सिस्टम से भरोसा टूट जाता है। चंद लोगों की लापरवाही, चंद लोगों करप्शन और 23 लाख बच्चों की जिंदगी जो है उसे मजाक बनाकर रख दिया गया है।

# भारत के बच्चों को भोजन के अलावा भी और चीजों की आवश्यकता है

आज की बात



**डॉ सरथ गोपालन**
अध्यक्ष, न्यूट्रिशन सोसाइटी ऑफ इंडिया, नई दिल्ली

> तंत्रिका संबंध सीखने, भाषा, स्मृति और जीवन भर के लिए लचीलेपन को मजबूत करते हैं। इस अवधि में सही पोषण प्राप्त करना सबसे शक्तिशाली निवेशों में से एक है जो हम कर सकते हैं

कुछ समय पहले मेरे क्लिनिक में पांच साल की एक बच्ची लाई गई। वह अपनी उम्र के बच्चों की तुलना में विकास के कई चरणों में पीछे लग रही थी। उसकी बोलने की गति धीमी थी और वह अपने हमउम्र बच्चों जितनी सक्रिय या जुड़ी हुई नहीं दिख रही थी। उसके विकास के आकलन में वह तीन साल की बच्ची के स्तर पर पाई गई। उसकी मां बहुत चिंतित थीं। बच्ची बीमार नहीं थी। कोई ऐसी बीमारी या निदान नहीं था जो इसकी वजह समझा सके। लेकिन जब हमने कोविड-19 के पिछले दो वर्षों के बारे में बात की, तो तस्वीर साफ होने लगी। लंबे लॉकडाउन के कारण स्कूल बंद रहे, वह ज्यादातर समय घर पर रही, खेल की जगह स्क्रीन ने ले ली और भोजन पहले की तुलना में अधिक साधारण और सीमित हो गया। उन शांत वर्षों में उसके मस्तिष्क को वह सब नहीं मिल पाया जिसकी उसे बढ़ने के लिए जरूरत थी। वह कोई अपवाद नहीं थी। अलग-अलग क्लिनिकों में बाल रोग विशेषज्ञ और विकास विशेषज्ञ एक ही तरह की स्थिति देख रहे थे-ऐसे बच्चे जो शारीरिक रूप से स्वस्थ थे, लेकिन विकास में पीछे रह गए थे। यह वायरस की वजह से नहीं था, बल्कि उसके बाद पैदा हुई परिस्थितियों की वजह से था। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, मस्तिष्क का 90% विकास पांच वर्ष की आयु से पहले ही हो जाता है, जिससे प्रारंभिक वर्ष बच्चे के संज्ञानात्मक, भावनात्मक और सामाजिक भविष्य को आकार देने का सबसे बड़ा अवसर बन जाते हैं। इस दौरान बनने वाले तंत्रिका संबंध सीखने, भाषा, स्मृति और जीवन भर के लिए लचीलेपन को मजबूत करते हैं। इस अवधि में सही पोषण प्राप्त करना सबसे शक्तिशाली निवेशों में से एक है जो हम कर सकते हैं। आयरन, जिंक और सेलेनियम जैसे सूक्ष्म पोषक तत्व, जिन्हें अक्सर तंत्रिका पोषक तत्व कहा जाता है, स्वस्थ मस्तिष्क विकास और कार्य के लिए आवश्यक हैं। फिर भी आंकड़े एक चिंताजनक कहानी बयां करते हैं। अकेले आयरन की कमी भारत में पांच वर्ष से कम आयु के लगभग 50% बच्चों को प्रभावित करती है ( एनएफएचएस-5 ) । पांच वर्ष से कम आयु के 67.1% बच्चों में एनीमिया दर्ज किया गया, जो पिछले सर्वेक्षण से अधिक है। 12-59 महीने की आयु के बच्चों के राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधि विश्लेषण सहित हाल के साक्ष्यों से पता चला है कि 60% से अधिक बच्चों में एनीमिया के साथ या उसके बिना सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी थी। यह अकेले हीमोग्लोबिन की संख्या से कहीं अधिक व्यापक पोषण संबंधी अंतर की ओर इशारा करता है।

डोकोसाहेक्सानोइक एसिड (डीएचए), एक ओमेगा-3 फैटी एसिड, मस्तिष्क की संरचना, स्मृति निर्माण और दृश्य विकास में सहायक होता है। कोलीन, एक अन्य आवश्यक पोषक तत्व, अब मस्तिष्क के



विकास के लिए अनिवार्य माना जाता है। जब माताएं गर्भावस्था के दौरान कोलीन का सेवन करती हैं, तो यह स्वस्थ जीन गतिविधि और कोशिका संरचना, तथा मस्तिष्क के प्रमुख क्षेत्रों - जिनमें स्मृति और चिंतन के लिए जिम्मेदार क्षेत्र शामिल हैं - के विकास में सहायक होता है। ये पोषक तत्व बच्चे के आहार में वैकल्पिक नहीं हैं, बल्कि उनकी क्षमता के लिए मूलभूत हैं। बच्चे के जीवन में सबसे महत्वपूर्ण पोषण संबंधी हस्तक्षेप जन्म से पहले ही शुरू हो जाता है। मस्तिष्क का विकास भ्रूण अवस्था में ही शुरू हो जाता है, और मां की पोषण स्थिति सीधे तौर पर उस तंत्रिका आधार को आकार देती है जिससे बच्चा जन्म लेता है। डीएचए गर्भ में तंत्रिका संपर्क को सहारा देता है; गर्भावस्था के दौरान आयरन और फोलिक एसिड का सेवन कम जन्म वजन और विकास में देरी के जोखिम को कम करता है। फिर भी, भारत में केवल 44% गर्भवती महिलाओं ने अनुशंसित 180 या उससे अधिक दिनों तक आयरन-फोलिक एसिड सप्लीमेंट का सेवन किया (एनएफएचएस-5), जो एक बहुत बड़ा और लक्षित करने योग्य अवसर प्रस्तुत करता है। यही कारण है कि किशोरियों में निवेश करना अगली पीढ़ी में निवेश करना है। एक स्वस्थ लड़की स्वस्थ मां बनती है, और एक स्वस्थ मां अपने बच्चे को सर्वोत्तम संभव शुरुआत देती है। भारत में 59% किशोरियों में एनीमिया की समस्या है, इसलिए स्कूलों, सामुदायिक कार्यक्रमों और लक्षित पूरक आहार के माध्यम से इस समूह को प्राथमिकता देना संपूर्ण स्वास्थ्य सेवा में प्रभावी उपायों में से एक है। हालांकि पोषण महत्वपूर्ण है, मस्तिष्क के विकास के लिए दो समानांतर इनपुट आवश्यक हैं: पर्याप्त पोषण और भावनात्मक-सामाजिक उत्तेजना। महामारी ने इसे सशक्त रूप से प्रदर्शित किया। यूनिसेफ का अनुमान है कि वैश्विक स्तर पर सात में से एक बच्चे ने कोविड-19 के दौरान विकास या सीखने में महत्वपूर्ण हानि का अनुभव किया, जो मुख्य रूप से बीमारी के कारण नहीं, बल्कि साथियों के साथ मेलजोल, बातचीत और खेल की कमी के कारण हुआ। स्क्रीन ने मानवीय संपर्क का स्थान ले लिया, और भाषा, शारीरिक और सामाजिक विकास प्रभावित हुआ। संवेदनशील देखभाल, मौखिक संवाद, स्पर्श संबंधी जुड़ाव और एक उत्तेजक वातावरण तंत्रिका तंत्र के लिए महत्वपूर्ण हैं और स्वस्थ मस्तिष्क संरचना के लिए आवश्यक हैं। प्रारंभिक बचपन के कार्यक्रम जो पोषण संबंधी सहायता और विकासात्मक उत्तेजना दोनों को एकीकृत करते हैं, ऐसे परिणाम देते हैं जो इनमें से कोई भी अकेले प्राप्त नहीं कर सकता। भारत की कार्यक्रम संरचना इस पर अमल करने के लिए अच्छी स्थिति में है। पोषण अभियान और पीएम पोषण जैसे कार्यक्रम पहले से ही देश भर में लाखों माताओं और छोटे बच्चों तक पहुंच रहे हैं। पोषण पखवाड़ा जैसी पहल पोषण के इर्द-गिर्द निरंतर, सामुदायिक स्तर पर लामबंदी की शक्ति को दर्शाती है। वितरण संरचना, जिसमें आंगनवाड़ी नेटवर्क, अग्रिम पंक्ति के कर्मचारी और सामुदायिक स्तर पर पहुँच शामिल है, स्थापित है। अब अवसर यह है कि इस ढांचे से मिलने वाले लाभों को और अधिक बढ़ाया जाए। उचित प्रशिक्षण और सहयोग से, वे शारीरिक विकास पर नज़र रखने से लेकर माता-पिता को प्रारंभिक प्रोत्साहन, संवेदनशील देखभाल और बाल विकास प्रथाओं पर मार्गदर्शन देने तक अपनी भूमिका का विस्तार कर सकते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन और यूनिसेफ के नर्चरिंग केयर फ्रेमवर्क को एकीकृत करना, जो पोषण, स्वास्थ्य, सुरक्षा, प्रारंभिक शिक्षा और देखभाल को एक सुसंगत इकाई में जोड़ता है, इस विकास के लिए एक स्पष्ट और वैज्ञानिक रोडमैप प्रदान करता है। यह लक्ष्य को केवल बच्चों को भोजन कराने से आगे बढ़ाकर उन्हें वास्तव में फलने-फूलने में मदद करने की ओर ले जाता है।

# योग शरीर, मन व जीवन की सुरक्षा का वैज्ञानिक आधार

सेहत की बात



**योगाचार्य महेश पाल**

गर्मी में योग शरीर की आंतरिक प्रणालियों को संतुलित करने वाली एक वैज्ञानिक पद्धति है। योग शरीर, श्वास और मन के बीच समन्वय स्थापित करता है। वर्तमान समय में बढ़ती हुई गर्मी केवल मौसम का परिवर्तन नहीं रह गई है, बल्कि यह मानव स्वास्थ्य के लिए एक गंभीर चुनौती बनती जा रही है। योगाचार्य महेश पाल ने बताया कि पृथ्वी का लगातार बढ़ता तापमान, हीट वेव की स्थिति, वातावरण में बढ़ती गर्म हवाएँ और बदलती जीवनशैली मानव शरीर की प्राकृतिक कार्यप्रणाली को प्रभावित कर रही हैं। विशेष रूप से भारत जैसे देशों में जहाँ ग्रीष्म ऋतु का प्रभाव अत्यधिक तीव्र होता है, वहाँ भीषण गर्मी बच्चों, युवाओं, श्रमिकों तथा वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव डालती है। गर्मी का प्रभाव केवल शरीर तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह मानसिक स्वास्थ्य, कार्यक्षमता, नींद, पाचन, हृदय तथा श्वसन प्रणाली को भी प्रभावित करता है। ऐसे समय में योग केवल एक व्यायाम पद्धति नहीं, बल्कि शरीर और मन को प्रकृति के अनुरूप संतुलित रखने वाली एक वैज्ञानिक जीवनशैली के रूप में सामने आता है। मानव शरीर सामान्य रूप से लगभग 37 डिग्री सेल्सियस तापमान पर कार्य करता है। जब बाहरी वातावरण का तापमान अत्यधिक बढ़ जाता है, तब शरीर स्वयं को ठंडा रखने के लिए अनेक प्रक्रियाएँ शुरू करता है। शरीर में पसीना निकलना उसी प्राकृतिक प्रणाली का हिस्सा है। पसीने के माध्यम से शरीर अपनी अतिरिक्त गर्मी बाहर निकालने का प्रयास करता है, लेकिन लगातार अत्यधिक पसीना निकलने से शरीर में पानी तथा आवश्यक इलेक्ट्रोलाइट्स जैसे सोडियम, पोटेशियम और मैग्नीशियम की कमी होने लगती है। यही स्थिति धीरे-धीरे कमजोरी, थकान, चक्कर आना, सिर दर्द, मांसपेशियों में ऐंठन तथा डिहाइड्रेशन जैसी समस्याओं को जन्म देती है। जब शरीर लंबे समय तक अत्यधिक तापमान को सहन नहीं कर पाता, तब हीट एक्सॉशन और हीट स्ट्रोक जैसी गंभीर स्थितियाँ उत्पन्न हो सकती हैं। हीट स्ट्रोक की स्थिति में शरीर का तापमान तेजी से बढ़ जाता है और मस्तिष्क सहित शरीर के अनेक महत्वपूर्ण अंग प्रभावित होने लगते हैं। कई बार यह स्थिति जीवन के लिए भी खतरनाक सिद्ध हो सकती है। भीषण गर्मी का प्रभाव मानसिक स्वास्थ्य पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। अत्यधिक तापमान के कारण मस्तिष्क की कार्यक्षमता प्रभावित होती है, जिससे चिड़चिड़ापन, तनाव, गुस्सा, बेचैनी, ध्यान की कमी तथा नींद में व्यवधान जैसी समस्याएं बढ़ जाती हैं। वैज्ञानिक अध्ययनों में यह पाया गया है कि अत्यधिक गर्मी शरीर में कोर्टिसोल जैसे तनाव हार्मोन के स्तर को बढ़ा देती है। इसके अतिरिक्त गर्मी के कारण हृदय को शरीर को ठंडा बनाए रखने के लिए अधिक मेहनत करनी पड़ती है, जिससे हृदय गति बढ़ने लगती है और ब्लड प्रेशर असंतुलित हो सकता है। बुजुर्गों और हृदय रोग से पीड़ित व्यक्तियों में यह स्थिति अधिक गंभीर हो सकती है। ऐसी परिस्थितियों में योग मानव शरीर के लिए एक प्राकृतिक सुरक्षा कवच के रूप में कार्य करता है। योग केवल मांसपेशियों को खींचने या शरीर को लचीला बनाने का अभ्यास नहीं है, बल्कि यह शरीर की आंतरिक प्रणालियों को संतुलित करने वाली एक वैज्ञानिक पद्धति है। योग शरीर, श्वास और मन के बीच समन्वय स्थापित करता है। जब व्यक्ति नियमित रूप से योग और प्राणायाम का अभ्यास करता है, तब शरीर की तंत्रिका तंत्र विशेष रूप से अनुकंपी तंत्रिका तंत्र अधिक सक्रिय होने लगता है। यही प्रणाली शरीर को शांत करने, हृदय गति को नियंत्रित रखने, मानसिक तनाव कम करने तथा शरीर के तापमान को संतुलित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यही कारण है कि भीषण गर्मी में योग शरीर को केवल बाहरी नहीं बल्कि आंतरिक शीतलता प्रदान करता है। गर्मी के मौसम में विशेष रूप से चंद्रवेदी, शीतली और शीतकारी प्राणायाम अत्यंत लाभकारी माने गए हैं। योग विज्ञान में चंद्रवेदी प्राणायाम को शीतलता प्रदान करने वाला प्राणायाम माना जाता है। इसमें बाईं नासिका से श्वास ग्रहण की जाती है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात

# ट्रंप व मोदी की विदेश यात्राओं के दूरगामी मायने



**अरविंद रावल**

दुनिया की सबसे बड़ी महाशक्ति अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तीन दिवसीय चीन यात्रा और दुनिया की सर्वाधिक आबादी वाले भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूएई तथा यूरोप के पाँच देशों की विदेश यात्राओं पर इस समय पूरी दुनिया की निगाहें टिकी हुई हैं। वैश्विक अस्थिरता, ऊर्जा संकट और बदलते आर्थिक समीकरणों के इस दौर में इन यात्राओं को केवल औपचारिक कूटनीतिक कार्यक्रम मानना भूल होगी। वास्तव में ये यात्राएं आने वाले समय की वैश्विक राजनीति, व्यापार और आर्थिक संतुलन की नई दिशा तय कर सकती हैं। ईरान युद्ध के बाद अमेरिका की वैश्विक साख को जो धक्का लगा है, उसके बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चीन यात्रा अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। पिछले कई वर्षों से व्यापारिक वर्चस्व को लेकर अमेरिका और चीन के बीच चली आ रही तनातनी ने पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया है। ऐसे में यदि दोनों देशों के बीच किसी बड़े व्यापारिक समझौते की शुरुआत होती है, तो उसका असर वैश्विक बाजारों और अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर निश्चित रूप से दिखाई देगा। दुनिया की दो सबसे बड़ी आर्थिक और सामरिक शक्तियां यदि अपने संबंधों में नरमी लाती हैं, तो इससे वैश्विक आर्थिक स्थिरता को बल मिल सकता है। दूसरी ओर, ईरान-अमेरिका संघर्ष के कारण पैदा हुए तेल और गैस संकट तथा उससे बढ़ती महंगाई के बीच पीएम मोदी की यूएई और यूरोपीय देशों की यात्रा भारत सहित दुनिया के लिए नई उम्मीद बनकर उभरी है। भारत आज दुनिया का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार बन चुका है और यही कारण है कि सभी बड़े देश भारत के साथ अपने आर्थिक और रणनीतिक संबंध मजबूत करना चाहते हैं। पीएम मोदी की यह यात्रा ऊर्जा सुरक्षा, निवेश और वैकल्पिक संसाधनों की दिशा में महत्वपूर्ण परिणाम दे सकती है। संभावना जताई जा रही है कि अमेरिका और चीन तेल तथा गैस व्यापार को लेकर नए समझौते कर वैश्विक ऊर्जा बाजार में अपनी पकड़ मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं।

राष्ट्रीय नवीन मेल
**धर्म-अध्यात्म**

## क्षमा करना उत्तम है, और भूल जाना सर्वोत्तम



**स्वामी चिन्मयानंद**

हमें कोई रोक नहीं सकता। हमें अपने में अनन्त साहस, साधन सम्पन्नता, त्याग हेतु तत्परता और निरन्तर अपने प्रयास में लगे रहने की प्रवृत्ति होनी चाहिए। ये सब गुण भी हमारे हृदय में स्वतः आ बसेंगे यदि हम अपने समस्त कर्म अपने हृदयेश्वर के चरणों में अर्पित करते रहें। प्रभु चरणों में भक्ति रखने से हमारी सत्यनिष्ठा बढ़ेगी। वे समस्त गुण हमारे अन्दर प्रकट होंगे जिनसे महान कार्यों में भी सफलता प्राप्त होती है। याद रखें, जीवन में हमारा सर्वोत्कृष्ट कर्तव्य निरन्तर अपना विकास करते रहना है। विकास की ओर बढ़ रहे जगत् की भी यही मांग है। मनुष्येतर जीवन में विकास का रूप शारीरिक था। मनुष्य का शरीर पाकर अब विकास की गति हमारी नैतिकता में, हमारी आध्यात्मिकता में और हमारे सांस्कृतिक सौन्दर्य में आनी चाहिए। इसमें शास्त्रों का सतत् नियमित स्वाध्याय और लगन के साथ अखण्ड साधना सहायक होती है। स्वाध्याय से जीवन-लक्ष्य का ज्ञान होता है और उसे प्राप्त करने का उपाय समझ में आता है। साधना से अपने अन्दर वह शक्ति उत्पन्न होती है जिससे हम अपने लक्ष्य को खोज कर उसमें प्रवेश कर सकते हैं। यह हम अवश्य करें। इस प्रकार अपने जीवन को निर्माण की ओर धीरे-धीरे आगे बढ़ान में कभी भी ऐसे अवसर आ सकते हैं जब हमारे पैर लड़खड़ा जायें। ऐसी दशा में हम अपनी त्रुटियों के लिए अपने को क्षमा कर दें और भूल जायें। उसे याद रख कर बार-बार उसकी चिन्ता करना उचित नहीं है। जीवन की महानता का यह अर्थ नहीं कि हमसे कभी भूल न हो, हम कभी गिरें नहीं, वरन उसकी महानता का लक्षण यही है कि हम जब कभी गिरें उठकर शीघ्र आगे चल पड़ें। खुशी से उठ खड़े हों, साहसपूर्वक मार्ग पर आगे बढ़ते रहें, मार्ग पर चलते हुए अपना सिर गौरव के साथ ऊँचा रखें और अपने में सदा आत्म-विश्वास तथा दृढ़ता रहे।

**-पुस्तक अवश्य करें से साभार**

## आज का दोहा

सुग्गा, मोरा, हंस औ', क्या कोयल, मृग, मीन।
सब अपने प्रतिमान हैं, मानव कितना दीन।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

**फेसबुक वॉल से**




**एक्स से**




# सपनों की उड़ान अकेले नहीं, परिवार के पंखों से ऊंची होती है


देश की बात



**कृति आरके जैन**

टूटते रिश्तों की खामोशी जब जीवन में फैलती है, तो हर दिशा सूनी और अर्थहीन लगने लगती है। इंसान जीता तो है, पर भीतर से खाली हो जाता है। 15 मई, अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस, इसी सच को उजागर करता है कि परिवार ही वह अटूट आधार है, जो हमें स्थिरता देता है, कठिन समय में संभालता है और आगे बढ़ने की प्रेरणा बनता है। यह दिन केवल एक औपचारिक उत्सव नहीं, बल्कि मानव सभ्यता की जड़ों को मजबूत करने का आह्वान है। 1993 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा इसकी घोषणा का उद्देश्य भी यही था-परिवार बिखरा, तो समाज का संतुलन डगमगा जाएगा। आज बढ़ती असमानताओं के दौर में यह दिवस हमें चेताता है कि परिवार ही वह सुदृढ़ कवच है, जो बच्चों के भविष्य को सुरक्षित रखता है। परिवार की संरचना सदियों से बदल रही है, लेकिन उसका मूल मर्म आज भी प्रेम, सहयोग और जिम्मेदारी ही है। 1980 के दशक से संयुक्त राष्ट्र ने पारिवारिक मुद्दों पर ध्यान दिया, जिसके चलते 1994 से यह दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन परिवारों को प्रभावित करने वाली सामाजिक, आर्थिक और जनसांख्यिकीय चुनौतियों की याद दिलाता है। आधुनिक युग में न्यूक्लियर परिवार बढ़े हैं, फिर भी संयुक्त परिवार की गर्मजोशी कई संस्कृतियों में बरकरार है। भारत में जहां 'परिवार' शब्द ही संस्कृति का पर्याय है, यह दिवस हमें सिखाता है कि परिवार सिर्फ रक्त के रिश्ते नहीं, बल्कि भावनात्मक बंधन है। 2026 की थीम "परिवार, असमानताएँ और बाल कल्याण" दर्शाती है कि सशक्त परिवार ही समानता और बच्चों के सुरक्षित भविष्य

अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस



का मार्ग बनाते हैं। परिवार व्यक्ति के विकास की पहली पाठशाला है, जहां बच्चा भाषा के साथ संस्कार, नैतिकता और संघर्ष की क्षमता सीखता है। शोध बताते हैं कि मजबूत पारिवारिक सहारे वाले बच्चे चुनौतियों का सामना अधिक दृढ़ता से करते हैं। चंद्रयान-3 मिशन के दौरान वैज्ञानिकों के परिवारों ने लगातार समर्थन देकर लंबे कार्यदबाव में उनका मनोबल बनाए रखा-यह परिवार की अदृश्य शक्ति का उदाहरण है। परिवार आत्मविश्वास का आधार है, जो गिरने पर संभालता है और डर में हिम्मत देता है। इसके अभाव में बच्चे अकेलेपन और मानसिक तनाव से जूझ सकते हैं। इसलिए परिवार दिवस हर बच्चे के लिए इस सहारे की आवश्यकता याद दिलाता है। दौड़ती-भागती आधुनिक जिंदगी ने परिवारों के सामने कई नई चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। शहरीकरण, काम का दबाव, सोशल मीडिया और आर्थिक असमानताएँ रिश्तों में दूरी बढ़ा रही हैं। कई माता-पिता रोज़गार के कारण बच्चों से दूर रहते हैं, जिससे भावनात्मक जुड़ाव कमजोर होता है। बढ़ती विषमताएं गरीब परिवारों को शिक्षा और स्वास्थ्य से वंचित कर देती हैं। फिर भी कुछ परिवार इन हालात में मजबूत बनकर उभरते हैं। महामारी के दौरान कई परिवारों ने साथ रहकर संकट झेला-बच्चों ने ऑनलाइन पढ़ाई की, माता-पिता ने घर से काम किया। यह दिखाता है कि एकजुट परिवार कठिन समय में बड़ी शक्ति बनता है। परिवार टूटने से समाज में अपराध, अवसाद और अस्थिरता बढ़ती है, जो विकास को भी प्रभावित करती है। राष्ट्र की नींव परिवारों पर ही टिकी होती है। सशक्त परिवार जिम्मेदार नागरिक गढ़ते हैं, जो देश के विकास में योगदान देते हैं। आर्थिक रूप से परिवार उपभोक्ता बनकर बाजार को गति देते हैं और मानव संसाधन भी तैयार करते हैं। बच्चों के कल्याण की शुरुआत परिवार से होती है-पोषण, शिक्षा और नैतिक दिशा यहीं मिलती है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्टें बताती हैं कि परिवार-केंद्रित नीतियां सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने में मददगार हैं। भारत में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसे अभियान भी परिवारों की भागीदारी से सफल हुए हैं। स्पष्ट है, स्वस्थ परिवार ही स्वस्थ समाज बनाते हैं; अन्यथा असमानताएँ बढ़ती जाएँगी। परिवार दिवस हमें यही सिखाता है कि नीतियों में परिवार को प्राथमिकता दी जाए। तुर्की और सीरिया के हालिया भूकंप ने दुनिया को यह दिखाया कि टूटते मलबे के बीच भी परिवार की डोर नहीं टूटती-मां ने बच्चों को बचाने के लिए घंटों उन्हें अपनी बाहों में थामे रखा, यह दृश्य वैश्विक संवेदना का प्रतीक बना। इसी तरह केरल के निपाह संकट में अस्पताल में भर्ती माता-पिता ने दूरी के बावजूद बच्चों की पढ़ाई और मानसिक साहस बनाए रखने के लिए लगातार संपर्क साधा। भारत के पर्वतीय क्षेत्रों में भी अनेक परिवार सीमित साधनों के बीच शिक्षा को प्राथमिकता देकर बच्चों का भविष्य संवारते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/00155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', सह कार्यकारी संपादक : प्रवीण कुमार दूबे*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : समाचार - news.rnmail@gmail.com, लेख - article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)



### दिल्ली शराब नीति, जज स्वर्णकांता शर्मा बोलीं

# सोशल मीडिया पोस्टों पर शुरू की जाएगी अवमानना की कार्यवाही

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली हाई कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि वह अवमानना की कार्यवाही शुरू करेगा, क्योंकि आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और अन्य से जुड़े उत्पाद शुल्क नीति मामले की सुनवाई के संबंध में न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा के खिलाफ कथित तौर पर 'अत्यंत अपमानजनक और मानहानिकारक' सामग्री प्रसारित की गई थी। न्यायमूर्ति शर्मा की एकल-न्यायाधीश पीठ ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दायर एक याचिका की सुनवाई करते हुए ये टिप्पणियां कीं, जिसमें निचली अदालत के उस आदेश को चुनौती दी गई थी जिसमें मामले के सभी 23 आरोपियों को बरी कर दिया गया था, जिनमें दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसोदिया, और आप नेता दुर्गेश पाठक शामिल हैं। न्यायमूर्ति शर्मा ने खुली अदालत में कहा कि आज मुझे एमिकस क्यूरी (न्यायाधीश) की घोषणा करनी थी कुछ वरिष्ठ न्यायाधीशों ने सहर्ष स्वीकार कर लिया था। हालांकि, कुछ प्रतिवादियों ने मेरे खिलाफ अत्यंत अपमानजनक और मानहानिकारक सामग्री पोस्ट की है। मैं चुप नहीं रह सकती। न्यायाधीश ने कहा कि कुछ आरोपियों के साथ-साथ सोशल मीडिया पर अपमानजनक सामग्री प्रसारित करने में कथित रूप से शामिल अन्य लोगों के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही पर विचार किया जाएगा। न्यायमूर्ति शर्मा ने कहा कि मैं अवमानना की कार्रवाई करने जा रही हूं। मैं शाम 5 बजे विस्तृत आदेश पारित करूंगी। पिछले सप्ताह, दिल्ली हाई कोर्ट ने यह देखते हुए मामले को स्थगित कर दिया था कि वह तीन आम आदमी पार्टी के नेताओं के लिए एमिकस क्यूरी के रूप में नियुक्त किए जाने वाले कुछ वरिष्ठ अधिवक्ताओं की सहमति की प्रतीक्षा कर रहा है।

## 120 गाड़ियों के काफिले के साथ निकले सज्जन, भाजपा ने पद से हटाया



**एजेंसी। भोपाल**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ईंधन खपत कम करने की अपील की अवहेलना पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बड़ी कार्रवाई की है। पार्टी ने अनुशासनहीनता पर भाजपा किसान मोर्चा भिंड जिला के अध्यक्ष सज्जन सिंह यादव को उनके पद से हटा दिया है। दरअसल, मध्य प्रदेश के भिंड में भाजपा किसान मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सज्जन सिंह यादव को 120 गाड़ियों के काफिले के साथ शक्ति प्रदर्शन करना भारी पड़ा है। पार्टी ने इसे अनुशासनहीनता और प्रधानमंत्री के संदेश की अवहेलना मानते हुए तत्काल प्रभाव से उन्हें पद से हटा दिया। सज्जन सिंह बुधवार को समर्थकों के साथ ग्वालियर से भिंड तक करीब 120 गाड़ियों के लंबे काफिले में पहुंचे थे। शहर में जगह-जगह समर्थकों ने उनका स्वागत किया। कई स्थानों पर फूल-मालाओं और नारों के बीच यह कार्यक्रम शक्ति प्रदर्शन में बदल गया। सज्जन सिंह यादव भिंड जिले के मौ क्षेत्र के सक्रिय भाजपा नेता माने जाते हैं। वे पहले मौ मंडी अध्यक्ष भी रह चुके हैं। उनकी पत्नी वंदना यादव वर्तमान में मौ नगर परिषद की अध्यक्ष हैं। संगठन में नई जिम्मेदारी मिलने के बाद समर्थकों ने बड़े स्तर पर स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया था, लेकिन यही प्रदर्शन अब उनके खिलाफ कार्रवाई का कारण बन गया। काफिले के वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुईं।

# 16 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर कराने की घोषणा

- सूची में हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर व लद्दाख नहीं है शामिल
- लगभग 36.73 करोड़ मतदाताओं का होगा पुनरीक्षण




**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को 16 राज्यों और तीन केंद्रशासित प्रदेशों में चरणबद्ध तरीके से मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की शुरुआत करने की घोषणा की। आयोग ने कहा कि यह एक बड़ा देशव्यापी अभियान होगा, जिसका उद्देश्य मतदाता सूचियों की सटीकता और पारदर्शिता को मजबूत करना है।

आयोग के अनुसार, एसआईआर के तीसरे चरण का कार्यक्रम वर्तमान में जनगणना के तहत चल रहे मकानों की सूचीकरण प्रक्रिया में लगी साझा फील्ड मशीनरी की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए तय किया गया है। तीसरे चरण की शुरुआत के साथ एसआईआर प्रक्रिया पूरे देश में प्रभावी रूप से लागू हो जाएगी, हालांकि इसमें हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर और लद्दाख शामिल नहीं होंगे। आयोग ने कहा कि इन तीन क्षेत्रों का कार्यक्रम बाद में घोषित किया जाएगा। यह निर्णय जनगणना के दूसरे चरण के पूरा होने और ऊंचाई वाले तथा बर्फ से ढके क्षेत्रों में मौसम संबंधी चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

बड़े पैमाने पर चलाए जा रहे इस संशोधन अभियान के तहत 3.94 लाख से अधिक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) गणना चरण में लगभग 36.73 करोड़ मतदाताओं का घर-घर जाकर सत्यापन करेंगे। इन बीएलओ की मदद विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा नामित लगभग 3.42 लाख बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) करेंगे। ईसीआई ने एसआईआर को एक 'सहभागी और पारदर्शी प्रक्रिया' बताया है, जिसमें कई स्तरों पर मतदाता, राजनीतिक दल और चुनाव अधिकारी शामिल होते हैं। राजनीतिक भागीदारी के महत्व पर जोर देते हुए आयोग ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से अपील की है कि वे संशोधन प्रक्रिया के दौरान पारदर्शिता, समावेशिता और प्रभावी जांच सुनिश्चित करने के लिए हर मतदान केंद्र पर बूथ स्तर के एजेंट नियुक्त करें। ज्ञानेश कुमार ने 16 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर के तीसरे चरण की शुरुआत के अवसर पर कहा, "मैं सभी मतदाताओं से अपील करता हूं कि वे एसआईआर के तीसरे चरण में पूरे उत्साह के साथ भाग लें और अपने गणना फॉर्म भरें। एसआईआर का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि मतदाता सूची में केवल पात्र मतदाता ही शामिल हों और किसी भी अपात्र व्यक्ति का नाम न रहे।" आयोग ने आगे कहा कि 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में किए गए एसआईआर अभ्यास के पहले दो चरणों में संबंधित एसआईआर आदेश जारी होने की तारीख तक लगभग 59 करोड़ मतदाता शामिल थे। इसमें कहा गया है कि इन चरणों के दौरान प्रक्रिया के अलग-अलग स्तरों पर 6.3 लाख से अधिक बूथ लेवल अधिकारी और 9.2 लाख बूथ लेवल एजेंट को तैनात किया गया था।

### पीएम मोदी की अपील का असर

# बस से निरीक्षण करने पहुंचे गडकरी


**एजेंसी। पुणे**

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को संत ज्ञानेश्वर मौली महाराज पालकी मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अपने काफिले के बजाय बस से यात्रा कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईंधन बचत संबंधी अपील का समर्थन किया।

निरीक्षण यात्रा के दौरान केंद्रीय मंत्री गडकरी ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि वह लंबे समय से वैकल्पिक ईंधनों को बढ़ावा देने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2004 से वह इथेनॉल, मेथनॉल, बायोडीजल, एलएनजी और ग्रीन हाइड्रोजन जैसे ईंधनों पर लगातार काम कर रहे हैं।

गडकरी ने आगे कहा कि उन्होंने देश का पहला इलेक्ट्रिक स्कूटर, इलेक्ट्रिक कार, ट्रक और बस लॉन्च की है। अब वह कृषि क्षेत्र के लिए मशीनरी और ट्रैक्टर भी लॉन्च कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में इससे करीब 2 लाख करोड़ रुपए की नई अर्थव्यवस्था तैयार होगी और भारत धीरे-धीरे पूरी तरह आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा, "हमारा लक्ष्य प्रदूषण को खत्म करना और देश को ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर बनाना है। यह सपना धीरे-धीरे साकार हो रहा है। लेकिन मौजूदा अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों और वैश्विक संकट को देखते हुए हमें पेट्रोल और डीजल की बचत करनी चाहिए। इसी वजह से प्रधानमंत्री ने देशवासियों से अपील की है।" केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उन्होंने भी अपनी व्यवस्थाओं में कटौती की है और इसी कारण वह बस से यात्रा कर रहे हैं। उनका कहना था कि ईंधन बचत केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है।

गौरतलब है कि हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया में जारी तनाव और ईंधन आपूर्ति पर पड़ रहे असर को देखते हुए देशवासियों से पेट्रोल-डीजल का इस्तेमाल सोच-समझकर करने की अपील की थी। प्रधानमंत्री ने लोगों से एक साल तक सोना खरीदने से बचने, खाने के तेल का कम इस्तेमाल करने और अनावश्यक विदेश यात्राएं टालने की भी सलाह दी थी।




### बाइक से विधान भवन पहुंचे सीएम फडणवीस

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस गुरुवार को एमएलसी के शपथ ग्रहण समारोह के लिए मोटरसाइकिल पर विधानसभा पहुंचे, जो पश्चिम एशिया में चल रहे संकट के बीच ईंधन की खपत कम करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील का एक प्रतीकात्मक समर्थन था। फडणवीस अपने आधिकारिक आवास 'वर्षा' से दक्षिण मुंबई स्थित विधान भवन तक बाइक से गए, उनके पीछे भाजपा नेता और मंत्री आशीष शेलार बैठे थे। समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार, फडणवीस ने कहा कि प्रधानमंत्री ने वैश्विक स्थिति को देखते हुए हम सभी से सावधानी बरतने को कहा है, और तदनुसार, हमें पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने के प्रयास करने होंगे। हमने अपने काफिलों का आकार कम कर दिया है। उन्होंने आगे कहा कि आज मैं बाइक से यहां आया हूं। हम देश की बचत के तरीके ढूंढ रहे हैं। अब हम बड़े कार्यक्रम आयोजित नहीं करेंगे।

### वीडी सतीसन होंगे केरल के नए मुख्यमंत्री



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने वीडी सतीशन को केरल का नया मुख्यमंत्री बनाए है।

### वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश चेन्निथला नाराज



- राहुल गांधी भी नहीं मना पाए

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश चेन्निथला ने गुरुवार को केरल के अगले मुख्यमंत्री के रूप में वीडी सतीशन के नाम की घोषणा के बाद नाराजगी व्यक्त की। इस घोषणा के साथ ही कई दिनों से चल रही अटकलों और अनिश्चितताओं का अंत हो गया। सूत्रों के अनुसार, राहुल गांधी से फोन आने के बावजूद रमेश चेन्निथला असंतुष्ट रहे।

## उत्तराखंड में यूसीसी के तहत पहले हलाला केस में चार्जशीट दाखिल

**एजेंसी। हरिद्वार**




उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू होने के बाद हलाला से जुड़े एक मामले में पुलिस ने जांच पूरी कर न्यायालय में चार्जशीट दाखिल कर दी है। यह राज्य का पहला मामला है, जिसमें यूसीसी के बाद हलाला के मामले मे चार्जशीट दाखिल की गई है। इस मामले मे अब तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

दरअसल, करीब दो महीने पहले एक महिला ने अपने पति दानिश और ससुराल पक्ष के अन्य पांच लोगों के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हु जिले के बुग्गावाला थाना में शिकायत दर्ज कराई थी। महिला का आरोप था कि शादी के बाद उसे लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने के साथ हलाला (निकाह हलाला) के लिए मजबूर किया गया। शिकायत में तीन तलाक से जुड़े आरोप भी शामिल थे। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। पुलिस ने इस केस में समान नागरिक संहिता, उत्तराखंड 2024 (संशोधन 2026) के तहत कार्रवाई की है। ये धाराएं हलाला जैसी प्रथाओं को प्रतिबंधित और दंडनीय बनाती हैं। इसके अलावा भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 115(2) और धारा 85, मुस्लिम महिला (विवाह पर अधिकारों की सुरक्षा) अधिनियम 2019 की धारा 3 और 4, तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 की धारा 3 और 4 भी मुकदमे में जोड़ी गई हैं। जांच के दौरान पुलिस ने शिकायतकर्ता समेत अन्य संबंधित लोगों के बयान दर्ज किए।

## भारत से रक्षा समझौता करने की तैयारी में यूएई

**अबू धाबी।** अमेरिका और ईरान के बीच चले 40 दिनों के युद्ध के बाद नए क्षेत्रीय गठबंधनों की कोशिश तेज हो गई है। इस बीच खाड़ी का अहम देश संयुक्त अरब अमीरात अब भारत की ओर बड़े रणनीतिक बदलाव की संभावना से देख रहा है। रिपोर्ट से पता चलता है कि अबू धाबी भारत के साथ द्विपक्षीय रक्षा और सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रस्ताव पर काम कर रहा है। पाकिस्तान और सऊदी के बीच रक्षा समझौते को देखते हुए अबू धाबी अब नई दिल्ली के साथ इसी तरह के आपसी रक्षा ढांचे को औपचारिक रूप देने को इच्छुक है। हालिया संघर्ष के दौरान सऊदी अरब, कतर मिस्र और पाकिस्तान समेत कई पारंपरिक क्षेत्रीय साझेदारों के ईरान की तरफ झुकाव रखने से यूएई की चिंता बढ़ी है। यह जानकारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूएई की 15 मई को होने वाली यात्रा से पहले सामने आई है। अबू धाबी में राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जाएद के साथ पीएम मोदी की चर्चा में रक्षा सहयोग और रणनीतिक संबंधों का मुद्दा प्रमुखता से उठने की उम्मीद है। रक्षा गठबंधन के लिए यूएई के जोर की वजह मध्य पूर्व का हालिया संघर्ष है। यूएई के अधिकारियों का कहना है कि अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष के दौरान उन्हें खाड़ी के बाकी देशों के मुकाबले में ज्यादा नुकसान उठाना पड़ा।

# गोपालगंज में बड़ी कार्रवाई, आर्केस्ट्रा समूहों से 40 से अधिक नाबालिग लड़कियां मुक्त

**15 आर्केस्ट्रा समूहों पर संयुक्त छापेमारी**

- ट्रैफिकिंग के आरोप में 22 गिरफ्तार
- कई राज्यों से लाई गई थीं नाबालिग बच्चियां
- शादी समारोहों में डांस के लिए बनाया जाता था दबाव

**एजेंसी। गोपालगंज**

बिहार के गोपालगंज जिले में नाबालिग लड़कियों के शोषण और मानव तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 40 से अधिक नाबालिग लड़कियों को आर्केस्ट्रा समूहों से मुक्त कराया है। इस मामले में 22 संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार, कुचायकोट थाना क्षेत्र में रात एक बजे से सुबह सात बजे तक करीब 15 आर्केस्ट्रा समूहों पर संयुक्त छापेमारी अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई अपर पुलिस महानिदेशक (कमजोर वर्ग) अमित जैन और गोपालगंज पुलिस अधीक्षक विनय तिवारी के नेतृत्व में कुचायकोट पुलिस, एसोसिएशन फॉर वालंटरी एक्शन, नारायणी सेवा संस्थान एवं बिहार पुलिस मुख्यालय की संयुक्त टीम द्वारा की गई। मुक्त कराई गई लड़कियों की उम्र 10 से 17 वर्ष के बीच बताई जा रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बच्चियों को पश्चिम बंगाल, असम, दिल्ली, पंजाब, राजस्थान और छत्तीसगढ़ समेत विभिन्न राज्यों से बहला-फुसलाकर लाया गया था। छापेमारी के बाद सभी लड़कियों की काउंसलिंग कर उन्हें सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है। उनकी उम्र सत्यापन एवं अन्य कानूनी प्रक्रिया जारी है। एसोसिएशन फॉर वालंटरी एक्शन के वरिष्ठ निदेशक मनीष शर्मा ने कहा कि यह कार्रवाई दर्शाती है कि बड़े पैमाने पर लड़कियों की तस्करी कर उन्हें आर्केस्ट्रा समूहों में धकेला जा रहा है।



### कपड़ा फैक्टरी से मुक्त कराए गए 91 बाल मजदूर



सरकार, प्रशासन व नागरिक समाज संगठनों की छापे की एक साझा कार्रवाई में ट्रैफिकिंग के जरिए लाए गए और सूरत की एक कपड़ा फैक्टरी में मामूली पैसों पर खटाए जा रहे 91 बाल मजदूरों को मुक्त कराया गया। मुक्त कराए गए इन बच्चों की उम्र सात से 14 के बीच है। हालांकि भनक लगते ही सभी ट्रैफिकर और फैक्टरी मालिक मौके से फरार हो गए। इन सभी को बाल कल्याण समिति, सूरत के समक्ष पेश किया गया और कानूनी कार्रवाई की जा रही है। गायत्री सेवा संस्थान की छानबीन के आधार पर हुई छापे की इस कार्रवाई में जीएसएस सहित राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट, राजस्थान के 22 पुलिस अफसरों, सूरत के पूना थाने के अफसरों के साथ नागरिक समाज संगठन एसोसिएशन फॉर वालंटरी एक्शन (एवीए) भी शामिल था।

# दृष्टिपात

## बीसीआई ने ममता बनर्जी की कानूनी प्रैक्टिस का विवरण मांगा



**कोलकाता/नई दिल्ली।** बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) ने पश्चिम बंगाल बार काउंसिल से ममता बनर्जी के पंजीकरण और प्रैक्टिस की स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी मांगी है। दरअसल, पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी गुरुवार को कलकत्ता हाईकोर्ट में वकील के वस्त्र पहनकर राज्य में कथित चुनावोत्तर हिंसा से संबंधित जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई में उपस्थित हुई थीं, जिसके बाद बीसीआई ने यह जानकारी मांगी है। वकीलों को नियंत्रित करने वाली सर्वोच्च वैधानिक संस्था ने पश्चिम बंगाल राज्य बार काउंसिल के सचिव को लिखे पत्र में निर्देश दिया है कि ममता बनर्जी के पंजीकरण, राज्य अधिवक्ता सूची में उनके नाम की निरंतरता, मुख्यमंत्री के कार्यकाल के दौरान प्रैक्टिस का निलंबन या समाप्ति, और उसके बाद प्रैक्टिस की पुनः शुरुआत से संबंधित रिकॉर्ड दो दिनों के भीतर उपलब्ध कराए जाएं।

## स्कूलों में 'वंदे मातरम' अनिवार्य करने के कदम का स्वागत राजनीतिक दलों ने किया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में राजनीतिक दलों ने राज्य सरकार के उस फैसले का स्वागत किया है, जिसके तहत सरकारी स्कूलों में 'वंदे मातरम' का गायन अनिवार्य किया गया है। वहीं, विपक्षी दलों ने कहा कि राष्ट्रगान 'जन गण मन' के महत्व के साथ किसी भी तरह का समझौता नहीं होना चाहिए। भारतीय जनता पार्टी की नेता शतरूपा ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि स्कूलों में 'वंदे मातरम' गाने से छात्रों में राष्ट्रीय गौरव और देशभक्ति की भावना बढ़ेगी। उन्होंने कहा, "पूरा देश 'वंदे मातरम' गा रहा है। पश्चिम बंगाल में पिछली तृणमूल कांग्रेस सरकार ने इसे बंद कर दिया था। अब भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने इसे फिर से लागू कर दिया है। हम इस फैसले का स्वागत करते हैं। इससे छात्रों में देशभक्ति की भावना बढ़ाने में मदद मिलेगी।"दूसरी ओर, तृणमूल कांग्रेस ने कहा कि स्कूलों में यह गीत गाए जाने पर उसे कोई आपत्ति नहीं है, क्योंकि इसे एक बंगाली लेखक ने लिखा था। तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता अरूप चक्रवर्ती ने कहा, "यह गीत एक बंगाली लेखक ने लिखा था। यह बंगाल की परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों को आगे बढ़ाने में मदद करता है। हमें इससे कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि इसके कारण धर्मनिरपेक्षता, भाईचारे और सौहार्द का संदेश कहीं दब न जाए।" कांग्रेस ने भी राज्य सरकार के

## बिहार में अंतरराज्यीय हथियार तस्कर गिरोह की दो महिलाएं गिरफ्तार

**मोतिहारी।** बिहार के पूर्वी चंपारण जिला के ढाका थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक घर में छापेमारी कर एक अंतरराज्यीय हथियार तस्कर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। यहां से पुलिस ने कई हथियार और गोलियां बरामद की हैं। इस मामले में पुलिस ने दो महिलाओं को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बरेवा गाँव निवासी खुर्शीद आलम अपने घर में अवैध अत्याधुनिक हथियार रखे हुए हैं। इस सूचना के बाद एक टीम गठित की गई। टीम ने संबंधित मकान का घेराव कर छापेमारी की। उन्होंने बताया कि छापेमारी के दौरान घर की तलाशी के क्रम में कई हथियार और नेपाल देश का रुपया बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि यहां से पुलिस ने दो पिस्टल, दो मैगजीन, पांच जिंदा कारतूस, एक देसी बंदूक एवं तीन हजार नेपाली रुपया बरामद किया है। इस मामले में दो महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। इस मामले में अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भी छापेमारी की जा रही है। बता दें कि बुधवार को मोतिहारी में पुलिस ने हथियार तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच तस्करों को गिरफ्तार किया था।

## मप्र के देवास में पटाखा फैक्टरी में लगी भीषण आग, तीन की मौत, 25 घायल

**देवास।** मध्य प्रदेश के देवास जिला मुख्यालय से करीब 20 किलोमीटर दूर आगरा-मुम्बई राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम टोंककला के समीप स्थित एक पटाखा फैक्टरी में गुरुवार को जोरदार विस्फोट होने के बाद भीषण आग लग गई। इस हादसे में तीन श्रमिकों की मौत हो गई, जबकि 25 घायल हैं। घटना के बाद प्रशासन ने फैक्टरी को सील कर दिया है, जबकि पुलिस ने फैक्टरी मालिक अनिल मालवीय को हिरासत में ले लिया है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने हादसे पर दुख जताया और घटना की जांच के आदेश दिए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ग्राम टोंककला स्थित पटाखा फैक्टरी में गुरुवार सुबह करीब 10.30 बजे दो केमिकल मिलाकर बारूद बनाया जा रहा था। इसी दौरान केमिकल की मात्रा सही नहीं मिलने से विस्फोट हो गया। इसके बाद फैक्टरी में भीषण आग लग गई। आग तेजी से फैलने लगी, जिससे अंदर मौजूद मजदूरों को बाहर निकलने का मौका तक नहीं मिला। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन, पुलिस और राहत-बचाव दल तुरंत मौके पर पहुंच गए और घायलों को तत्काल एंबुलेंस और अन्य वाहनों से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जिला प्रशासन ने हादसे में तीन श्रमिकों की मौत की पुष्टि की है। मृतकों के नाम धीरज, सनी और सुमित बताए गए हैं। घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। गंभीर रूप से झुलसे मजदूरों को इंदौर के टी. चोइथराम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं तीन घायलों का उपचार एमवाय अस्पताल में चल रहा है, जबकि कुछ मरीजों को अरविंदो अस्पताल रेफर किया गया है। इसके अलावा लगभग नौ घायल देवास के अमलतास अस्पताल में भर्ती हैं। घायलों में पांच की स्थिति नाजुक बताई जा रही है। हादसे के बाद फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल से साक्ष्य और केमिकल के सैंपल एकत्र किए, जिनकी जांच की जा रही है।

## आर्केस्ट्रा समूहों से 7 नेपाली लड़कियों समेत 21 नाबालिग बच्चियों को कराया गया मुक्त



**पटना।** बिहार में नाबालिग बच्चियों के शोषण में लिप्त आर्केस्ट्रा समूहों के खिलाफ जारी कार्रवाई के तहत सारण जिले में रातभर चले अभियान में 13 आर्केस्ट्रा समूहों से सात नेपाली लड़कियों समेत 21 बच्चियों को मुक्त कराया गया। इस दौरान 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई एसोसिएशन फॉर वालंटरी एक्शन (एवीए) की सूचना पर सारण के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार के नेतृत्व में की गई। अभियान में सारण पुलिस, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू), कई थानों की पुलिस टीमों के साथ एवीए और नारायणी सेवा संस्थान भी शामिल थे। दोनों संगठन बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए 250 से भी अधिक नागरिक समाज संगठनों के देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के सहयोगी हैं। मुक्त कराई गई बच्चियों की उम्र 15 से 17 वर्ष के बीच है।

## मनीष पांडे का कैच आईपीएल इतिहास के बेहतरीन कैचों में से एक : चोपड़ा

**एजेंसी । नई दिल्ली**



आईपीएल 2026 में बुधवार की रात रायपुर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बीच एक रोमांचक मुकाबला खेला गया। विराट कोहली के नाबाद शतक की बदौलत आरसीबी ने केकेआर को 6 विकेट से हरा दिया। कोहली के शतक के अलावा, यह मैच मनीष पांडे के कैच के लिए याद किया जाएगा। पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने इस कैच को आईपीएल इतिहास के बेहतरीन कैचों में से एक करार दिया है। आकाश चोपड़ा ने जियो हॉटस्टार पर कहा, "यह मनीष पांडे का एक शानदार कैच था। हमने इस सीजन में अब तक लगभग 175 कैच छूटते देखे हैं। लेकिन कभी-कभी, हमें इस तरह का कोई नायाब कैच देखने को मिल जाता है। मनीष ने अपनी बाईं ओर पूरी तरह से डाइव लगाई और एक जबरदस्त कैच पकड़ा। अंपायर को दो चीजें चेक करनी पड़ीं। पहली, क्या गेंद जमीन को छू गई थी। दूसरी, क्या यह मनीष पांडे थे या ग्लेन फिलिप्स। क्योंकि हमें फिलिप्स को इस तरह के शानदार कैच पकड़ते देखने की इतनी आदत हो गई है। उन्होंने कहा, "इस बार ग्लेन फिलिप्स नहीं मनीष पांडे थे। मनीष के कैच ने हर किसी को हैरान कर दिया। टिम डेविड अविश्वास में वहीं खड़े रहे और कहा कि यह मुमकिन नहीं था। यह कैच आईपीएल इतिहास के सबसे बेहतरीन कैचों में से एक के तौर पर याद किया जाएगा। मनीष पांडे अब तक आईपीएल के सभी 19 सीजन खेल चुके हैं। ऐसा करने वाले सिर्फ विराट कोहली और रोहित शर्मा ही हैं। एमएस धोनी ने इस सीजन में अभी तक कोई मैच नहीं खेला है। 36 साल के मनीष पांडे ने आरसीबी की पारी के 18वें ओवर की पांचवीं गेंद पर प्वाइंट पर बाईं तरफ डाइव लगाते हुए टिम डेविड का बेहतरीन कैच पकड़ा। इस कैच ने सभी को चौंका दिया। इसमें टिम डेविड और विराट कोहली भी शामिल थे। मैच की बात करें तो टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए केकेआर ने अंगकृष रघुवंशी की शानदार 71 रन की पारी और रिंकू सिंह के नाबाद 49 रन की बदौलत 4 विकेट पर 192 रन बनाए थे। विराट कोहली के 60 गेंदों पर बनाए नाबाद 105 रन की बदौलत आरसीबी ने 19.1 ओवर में 4 विकेट पर 194 रन बनाकर मैच 6 विकेट से जीत लिया।




# पंजाब लगातार पांचवां मैच हारा मुंबई इंडियंस छह विकेट से जीता

**एजेंसी । धर्मशाला**

मुंबई इंडियंस ने रोमांचक मुकाबले में पंजाब किंग्स को 6 विकेट से हरा दिया। मुंबई को आखिरी ओवर में जीत के लिए 15 रन चाहिए थे, जिसे टीम ने हासिल कर लिया। जीत के हीरो तिलक वर्मा रहे, जिन्होंने नाबाद 75 रन की मैच जिताऊ पारी खेली। दूसरी ओर पंजाब की यह लगातार पांचवीं हार रही। धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी पंजाब ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 200 रन बनाए। जवाब में मुंबई ने 19.5 ओवर 4 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया।

**प्रभसिमरन सिंह का अर्धशतक**

पंजाब के लिए प्रभसिमरन सिंह ने सबसे ज्यादा 57 रन बनाए, जबकि अजमतुल्लाह ओमरजई ने 17 गेंदों में 38 रन की विस्फोटक पारी खेली। आखिर में जेवियर बार्टलेट ने 7 गेंदों में नाबाद 18 रन जोड़कर टीम को 200 के पार पहुंचाया। प्रभसिमरन और प्रियांश के बीच पहले विकेट के लिए 50 रन की साझेदारी हुई। वहीं, प्रभसिमरन ने दूसरे विकेट के लिए कोनोली के साथ 57 रन जोड़े। मुंबई के लिए शार्दूल ठाकुर सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 4 विकेट लिए।

वहीं दीपक चाहर को 2 विकेट मिले। शुरुआत में पंजाब ने तेज रन बनाए, लेकिन बीच के ओवरों में लगातार विकेट गिरने से टीम दबाव में आ गई। इसके बावजूद उमरजई और बार्टलेट की तेज पारियों ने टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचा दिया।

## अचीवर्स की शानदार जीत, साई धुरवा को 111 रन से हराया

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची ।** रांची में आयोजित तीसरे संस्करण गौरव सिंह मेमोरियल अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट के मुकाबले में अचीवर्स टीम ने साई धुरवा पर एकतरफा जीत दर्ज करते हुए 111 रन से मुकाबला अपने नाम कर लिया। रेलवे युवा खेल अकादमी मैदान में खेले गए मैच में अचीवर्स की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 14 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 212 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से आदित्य प्रसाद ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 96 रन बनाए, जबकि दिव्या गौतम ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए नाबाद 51 रन जोड़े। उत्सव ने 35 और अभय ने 21 रन की उपयोगी पारी खेलकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। साई धुरवा की ओर से सौरव और शौर्य लाल को एक-एक विकेट मिला। 213 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी साई धुरवा की टीम निर्धारित 14 ओवर में छह विकेट पर 101 रन ही बना सकी। टीम की ओर से सोनू कुमार यादव ने 26 रन बनाए, जबकि अरमान कुमार शर्मा 25 रन बनाकर नाबाद रहे, लेकिन टीम को जीत तक नहीं पहुंचा सके। अचीवर्स की ओर से दिव्या गौतम ने शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट झटके। उज्जवल सिंह और निहाल कुमार को एक-एक सफलता मिली। ऑलराउंड प्रदर्शन के दम पर अचीवर्स ने मुकाबला 111 रन से जीतकर टूर्नामेंट में अपनी मजबूत दावेदारी पेश की।

## साई मोरहाबादी ने कुशमाही क्रिकेट अकादमी को पांच विकेट से हराया

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची ।** रेलवे यूथ स्पोर्ट्स अकादमी मैदान में खेले गए तीसरे संस्करण गौरव सिंह मेमोरियल अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट के मुकाबले में साई मोराबादी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुशमाही क्रिकेट अकादमी को 5 विकेट से पराजित कर दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए कुशमाही क्रिकेट अकादमी की टीम 13 ओवर में 75 रन पर सिमट गई। टीम की ओर से सात्विक सिंह ने 18 और दिव्यांशु कुमार ने 15 रन बनाए। साई मोराबादी की ओर से सागर कुमार ठाकुर और कनिष्क ने घातक गेंदबाजी करते हुए तीन-तीन विकेट झटके, जबकि प्रकाश ने दो विकेट हासिल किए। 76 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी साई मोराबादी की टीम ने 12.5 ओवर में 5 विकेट खोकर जीत हासिल कर ली।

विकास ने नाबाद 30 रन की उपयोगी पारी खेली, जबकि आदित्य राज ने 24 रन का योगदान दिया। कुशमाही क्रिकेट अकादमी की ओर से सक्षम वर्मा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट लिए, वहीं नन्हे कुमार को 2 विकेट मिले। इसके बावजूद टीम को हार का सामना करना पड़ा। साई मोराबादी ने संतुलित प्रदर्शन के दम पर मुकाबला अपने नाम कर टूर्नामेंट में शानदार जीत दर्ज की।

## जमशेदपुर में 17 मई को होगी झारखंड राज्य कबड्डी संघ की विशेष आम सभा बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राज्य कबड्डी संघ की विशेष आम सभा बैठक आगामी 17 मई 2026, रविवार को खेल नगरी जमशेदपुर में आयोजित की जाएगी। इस महत्वपूर्ण बैठक में राज्य के विभिन्न जिलों से कबड्डी संघ के पदाधिकारी और जिला प्रतिनिधि भाग लेंगे। बैठक के दौरान झारखंड में कबड्डी खेल के विकास, खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराने, ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाओं की खोज तथा आगामी राज्य एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इसके अलावा संघ के आगामी कार्यक्रमों, नए सत्र की योजनाओं और संगठनात्मक मजबूती से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी विचार-विमर्श होगा। संघ के पदाधिकारियों का मानना है कि झारखंड के प्रतिभावान कबड्डी खिलाड़ी लगातार राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। ऐसे में खिलाड़ियों को बेहतर अवसर और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराना संघ की प्राथमिकता है। बैठक में खिलाड़ियों के हितों को ध्यान में रखते हुए नई योजनाओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर भी चर्चा किए जाने की संभावना है। जमशेदपुर में आयोजित होने वाली इस विशेष बैठक को राज्य में कबड्डी खेल को नई दिशा देने वाला अहम कदम माना जा रहा है।

खेल प्रेमियों और खिलाड़ियों को उम्मीद है कि इस बैठक के बाद झारखंड कबड्डी को और अधिक मजबूती मिलेगी तथा आने वाले समय में राज्य के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर राज्य का नाम रोशन करेंगे।

## साई धुर्वा ऑरेंज ने 28 रन से दर्ज की शानदार जीत

**रांची ।** रांची में आयोजित साई धुरवा प्रीमियर लीग-4 के पहले मुकाबले में साई धुर्वा ऑरेंज ने साई धुरवा पर्पल को 28 रन से हराकर शानदार जीत दर्ज की। मुकाबला रोमांचक रहा, जिसमें दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए साई धुर्वा ऑरेंज की टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 164 रन बनाए। टीम की ओर से यशराज ने शानदार अर्धशतक लगाते हुए 50 रन की पारी खेली, जबकि विवेक कुमार ने 24 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी में साई धुरवा पर्पल की ओर से यश जायसवाल ने 3 विकेट लेकर विपक्षी बल्लेबाजों को परेशान किया, वहीं आदित्य राज ने 2 विकेट हासिल किए। 165 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी साई धुर्वा पर्पल की टीम 19.1 ओवर में 136 रन पर ऑल आउट हो गई। टीम की ओर से गौतम ने संघर्षपूर्ण 50 रन बनाए, जबकि आलोक ने 21 रन का योगदान दिया, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। साई धुरवा ऑरेंज की ओर से श्रीकांत और संतोष ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3-3 विकेट चटकाए और टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए यशराज को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## रोमांचक मुकाबले के साथ साई धुर्वा प्रीमियर लीग सीजन-4 का आगाज

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची ।** साई धुरवा प्रीमियर लीग सीजन-4 का भव्य शुभारंभ हुआ। टूर्नामेंट के उद्घाटन मुकाबले में साई धुरवा ऑरेंज और साई धुरवा पर्पल के बीच रोमांचक मैच खेला गया, जिसने दर्शकों में खास उत्साह भर दिया। लीग की शुरुआत आकर्षक उद्घाटन समारोह के साथ हुई, जिसमें खेल प्रेमियों और कई विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में आईएएस अधिकारी एवं एसआईआरडी के निदेशक राजेश कुमार मौजूद रहे, जबकि एसआईआरडी के उपनिदेशक ज्योतिनाथ शाहदेव विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह में मुकतेश सिंह, हिमांशु शेखर, अमित सिंह, युवराज सिंह, पवन कुमार, निशांत सिंह, अमित कुमार सहित कई गणमान्य लोग



उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रतियोगिता के सफल आयोजन की शुभकामनाएं दीं। उद्घाटन समारोह के दौरान खिलाड़ियों और आयोजकों में खास उत्साह देखने को मिला। क्रिकेट प्रेमियों की बड़ी संख्या ने मैदान पर पहुंचकर मुकाबले का आनंद लिया। आयोजन समिति ने बताया कि साई धुरवा प्रीमियर लीग का उद्देश्य स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और युवा खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर देना है। टूर्नामेंट के पहले दिन ही रोमांचक मुकाबले ने आगामी मैचों के लिए दर्शकों की उत्सुकता और बढ़ा दी है।

## साई धुर्वा ब्लू ने छह विकेट से दर्ज की शानदार जीत

**रांची ।** साई धुर्वा प्रीमियर लीग-4 के दूसरे मुकाबले में साई धुर्वा ब्लू ने साई धुरवा येलो को छह विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। मुकाबले में बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों का दमदार प्रदर्शन देखने को मिला। पहले बल्लेबाजी करते हुए साई धुरवा येलो की टीम 16.1 ओवर में 159 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टीम की ओर से शशि ने 45 रन और प्रदीप ने 34 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। साई धुरवा ब्लू की ओर से सत्यम कुमार ने घातक गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट झटके, जबकि उज्ज्वल ने 2 विकेट हासिल किए। 160 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी साई धुरवा ब्लू की टीम ने 14.1 ओवर में 4 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम की ओर से प्रिंस ने शानदार 68 रन की मैच जिताऊ पारी खेली, जबकि अंकित ने 31 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी में नितेश और अभय को एक-एक विकेट मिला, लेकिन वे टीम को जीत नहीं दिला सके। शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन के लिए सत्यम कुमार को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

**व्यापार/लाइफ व साइंस**

# यूरोपीय संघ ने संशोधित मसौदा सूची में भारत को किया शामिल

### मत्स्य उत्पादों का निर्यात जारी रखने में मिलेगी मदद

**एजेंसी । नई दिल्ली**



**यूरोपीय संघ के बाजार में भारतीय जलीय उत्पादों को मिली बड़ी राहत :** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने कहा कि यूरोपीय संघ ने अपनी संशोधित मसौदा सूची में भारत को शामिल किया है, जिससे भारतीय जलीय कृषि उत्पादों का निर्यात जारी रह सकेगा।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि यूरोपीय संघ ने अपनी संशोधित मसौदा सूची में भारत को शामिल किया है, जिससे भारत अब यूरोपीय संघ के बाजार में जलीय कृषि उत्पादों का निर्यात जारी रख सकेगा। भारत को प्रस्तावित रूप से शामिल करना देश के समुद्री खाद्य निर्यात क्षेत्र के लिए एक बड़ा सकारात्मक कदम है और यह भारत की नियामक प्रणालियों, निगरानी तंत्रों और खाद्य सुरक्षा मानकों में यूरोपीय संघ के विश्वास को दर्शाता है। मंत्रालय ने बयान में कहा कि यूरोपीय आयोग द्वारा औपचारिक रूप से अपनाए जाने के बाद, संशोधित विनियमन से सितंबर 2026 के बाद भी भारतीय मत्स्य उत्पादों का यूरोपीय संघ के बाजार में निर्बाध निर्यात सुनिश्चित होने की उम्मीद है। यूरोपीय संघ भारतीय समुद्री खाद्य निर्यात के लिए प्रमुख गंतव्यों में से एक है। वर्ष 2025-26 में यह भारतीय समुद्री खाद्य उत्पादों का तीसरा सबसे बड़ा बाजार बनकर उभरा, जिसमें कुल निर्यात मूल्य 1.593 अरब अमेरिकी डॉलर दर्ज किया गया और यूरोपीय संघ का इसमें योगदान 18.94 प्रतिशत रहा।

वर्ष 2024-25 की तुलना में यूरोपीय संघ को निर्यात में मजबूत वृद्धि देखी गई, जिसमें निर्यात मूल्य में 41.45 प्रतिशत और निर्यात मात्रा में 38.29 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। इसमें फार्म में पाली गई झींगा मछलियों का निर्यात की सबसे अधिक हिस्सेदारी थी। यूरोपीय संघ के इस कदम का उद्देश्य 4 अक्टूबर 2024 को जारी कार्यान्वयन विनियमन (ईयू) में हुई चूक से उत्पन्न चिंताओं को हल करना है। पहले के विनियमन में भारत उन तृतीय देशों की सूची में शामिल नहीं था, जिन्हें सितंबर 2026 से मानव उपभोग के लिए पशु मूल के उत्पादों का निर्यात करने की अनुमति दी गई थी।

### भारतीय शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन तेजी के साथ हरे निशान में बंद



**सेंसेक्स और निफ्टी में 1 प्रतिशत से ज्यादा की उछाल**

**एजेंसी । मुंबई**

वैश्विक बाजार से मिले मजबूत संकेतों के चलते गुरुवार को भारतीय शेयर बाजार में लगातार दूसरे कारोबारी दिन हरियाली देखने को मिली और बाजार हरे निशान में बंद हुआ। बाजार बंद होने के समय 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 789.74 अंक या 1.06 प्रतिशत उछलकर 75,398.72 पर था, जबकि निफ्टी 50 277 अंक या 1.18 प्रतिशत की तेजी के साथ 23,689.60 पर पहुंच गया। दिन के दौरान 30 शेयरों वाले बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी50 में जोरदार उछाल देखने को मिला और इनमें 1 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई। निफ्टी50 ने 23,530.25 पर खुलकर 23,777.20 का इंट्रा-डे हाई बनाया, तो वहीं सेंसेक्स 74,947.12 पर खुलकर 75,681.88 का दिन का उच्चतम स्तर छुआ। व्यापक बाजार में निफ्टी मिडकैप में 1.12 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि निफ्टी स्मॉलकैप में 0.01 प्रतिशत की मामूली गिरावट दर्ज की गई। सेक्टरवार देखें तो निफ्टी फार्मा, निफ्टी हेल्थकेयर और निफ्टी मेटल में 2 प्रतिशत से ज्यादा की तेजी देखी गई। इसके अलावा, निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज, निफ्टी पीएसयू बैंक, निफ्टी प्राइवेट बैंक, निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में एक प्रतिशत से ज्यादा की बढ़त दर्ज की गई।

## टेस्ला का भारत में विस्तार, बेंगलुरु में खोला पहला एक्सपीरियंस सेंटर

**एजेंसी । बेंगलुरु**




एलन मस्क की ईवी कंपनी टेस्ला ने गुरुवार को व्हाइटफील्ड इलाके में पहला एक्सपीरियंस सेंटर खोला। यह कंपनी के इवी विस्तार में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। कंपनी ने बताया कि अब ग्राहक शहर के टेक्नोलॉजी हब में स्थित नए शोरूम में मॉडल वाई और हाल ही में लॉन्च किए गए मॉडल वाई एल (जिनकी कीमत 61.99 लाख रुपए (एक्स-शोरूम) से शुरू होती है) का अनुभव कर सकेंगे। टेस्ला ने देश में इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रति बढ़ती रुचि को देखते हुए बेंगलुरु में ग्राहकों को बेहतर अनुभव प्रदान करने के लिए व्हाइटफील्ड में अपने आफ्टर-सेल्स सर्विस नेटवर्क को लॉन्च किया। कंपनी ने बताया, छह सीटों वाली इलेक्ट्रिक एसयूवी मॉडल वाई एल 681 किमी (डब्ल्यूएलटीपी) तक की ड्राइविंग रेंज प्रदान करती है और लगभग पांच सेकंड में 0 से 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ सकती है। इलेक्ट्रिक एसयूवी में 2,539 लीटर तक का कार्गो स्पेस है और इसमें तीन-पंक्ति वाली सीटिंग व्यवस्था है, जो अधिक आंतरिक स्थान और आराम चाहने वाले परिवारों के लिए उपयुक्त है। इसके अलावा, टेस्ला ने बताया कि मॉडल वाई और मॉडल वाई एल दोनों को अमेरिका में एनएचटीएसए और आईआईएचएस, यूरोप में यूरो एनकैप और ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में एएनकैप सहित कई वैश्विक सुरक्षा एजेंसियों से शीर्ष सुरक्षा रेटिंग प्राप्त हुई हैं। कंपनी ने बताया कि टेस्ला सुपरचार्जिंग के साथ, मॉडल वाई एल सिर्फ 15 मिनट की चार्जिंग में 288 किलोमीटर तक की रेंज हासिल कर सकता है। कंपनी ने आगे कहा कि इलेक्ट्रिक वाहन उपयोगकर्ताओं की सुविधा बढ़ाने के लिए भारत में होम चार्जिंग सपोर्ट भी उपलब्ध होगा। कंपनी ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से मॉडल वाई एल के लिए ऑर्डर लेना शुरू कर दिया है। बेंगलुरु के अलावा, टेस्ला वर्तमान में मुंबई के बीकेसी, दिल्ली के एयरोसिटी और गुरुग्राम में एक्सपीरियंस सेंटर संचालित कर रही है।

### झारखंड समेत देशभर में बर्जर पेंट्स की बिक्री और मुनाफा बढ़ा

**रांची ।** बर्जर पेंट्स इंडिया लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में बेहतर नतीजे दर्ज किए हैं। कंपनी के अनुसार परिचालन आय 2868 करोड़ रुपये रही, जबकि शुद्ध लाभ 27.5 प्रतिशत बढ़कर 335.3 करोड़ रुपये पहुंच गया। कंपनी ने बताया कि वॉटरप्रूफिंग और कंस्ट्रक्शन केमिकल्स क्षेत्रों में अच्छी वृद्धि हुई है। निदेशक मंडल ने प्रति शेयर 4 रुपये लाभांश देने की सिफारिश की है।

## अगले 10 साल में एयरटेल की बागडोर अगली पीढ़ी को सौंपना चाहता हूं : सुनील भारती मित्तल

**एजेंसी । नई दिल्ली**



एयरटेल के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर सुनील भारती मित्तल ने गुरुवार को कहा कि वह अगले 10 वर्षों में टेलीकॉम कंपनी भारती एयरटेल की बागडोर अगली पीढ़ी को सौंपने की योजना बना रहे हैं। कंपनी की कॉन्फ्रेंस कॉल के दौरान मित्तल ने कहा, "मैं अगले 10 साल में कंपनी की जिम्मेदारी नई पीढ़ी को सौंपना चाहता हूं।बुधवार को उन्हें 1 अक्टूबर 2026 से अगले पांच वर्षों के लिए फिर से भारती एयरटेल का चेयरमैन नियुक्त किया गया। कंपनी के बोर्ड ने निसाबा गोदरेज को भी दूसरी बार पांच साल के लिए स्वतंत्र निदेशक के रूप में दोबारा नियुक्त करने को मंजूरी दी है, जो इस साल 4 अगस्त से प्रभावी होगा। एयरटेल के सीएमडी ने कहा कि वह कंपनी के चौथी तिमाही (क्यू4) के वित्तीय नतीजों से खुश नहीं हैं और अब उनका फोकस कंपनी का एवरेज रेवेन्यू पर यूजर (एआरपीयू) बढ़ाने पर रहेगा।

भारत में एयरटेल के मोबाइल सर्विसेज क्षेत्र ने वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में कुल राजस्व में 28,831 करोड़ रुपए का योगदान दिया, जो जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान 8.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

## ईंधन व ऊर्जा की कीमतों में तेज बढ़ोतरी से अप्रैल में थोक महंगाई दर में हुआ इजाफा : इंडस्ट्री

**एजेंसी । नई दिल्ली**



थोक महंगाई दर में अप्रैल में हुई बढ़ोतरी की वजह ईंधन और ऊर्जा की कीमतों में तेजी आना है, जिससे कई मैन्युफैक्चरिंग सेगमेंट्स की इनपुट लागत में वृद्धि हो गई है। यह जानकारी इंडस्ट्री चैम्बर की ओर से गुरुवार को दी गई। भारत में थोक महंगाई दर अप्रैल में सालाना आधार पर 8.3 प्रतिशत रही है। मार्च में यह आंकड़ा 3.88 प्रतिशत पर था। आंकड़ों के मुताबिक, प्राइमरी आर्टिकल्स में थोक महंगाई दर सालाना आधार पर 9.17 प्रतिशत रही। फ्यूल एंड पावर में महंगाई दर सालाना आधार पर 24.71 प्रतिशत और मैन्युफैक्चरिंग प्रोडक्ट्स में महंगाई दर 4.62 प्रतिशत रही। पीएचडीसीसीआई के प्रेसिडेंट राजीव जुनेजा ने कहा कि वैश्विक अस्थिरता बढ़ने के बाद भी थोक खाद्य मंहगाई दर अन्य के मुकाबले अप्रैल में कम रही है। खाद्य उत्पादों में थोक महंगाई में नरमी बनी हुई है और अप्रैल में यह सालाना आधार पर 2.31 प्रतिशत रही है।

## बॉर्डर पर हुसैनाबाद पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# बिहार भेजी जा रही 100 बोतल अवैध शराब के साथ एक्सयूवी-500 जब्त, चालक गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद (पलामू)।** बिहार में लागू शराबबंदी कानून के बीच झारखंड से हो रही शराब तस्करी पर हुसैनाबाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब की खेप पकड़ने में सफलता हासिल की है। दंगवार ओपी क्षेत्र में गुप्त सूचना के आधार पर चलाए गए विशेष जांच अभियान के दौरान पुलिस ने एक काले रंग की एक्सयूवी-500 वाहन से 100 बोतल अवैध देशी टनाका शराब बरामद की है। मौके से वाहन चालक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार हुसैनाबाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिव्यांश शुक्ला को 13 मई 2026 की रात करीब साढ़े ग्यारह बजे सूचना मिली थी कि हरियाणा नंबर की एक एक्सयूवी-500 वाहन में अवैध शराब लोड कर दंगवार मार्ग के रास्ते बिहार ले जाई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया और दंगवार ओपी चेक पोस्ट के समीप सघन वाहन जांच अभियान शुरू किया गया। हुसैनाबाद थाना प्रभारी चंदन कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने संदिग्ध वाहनों की जांच शुरू की। इसी दौरान एचआर-26-बीजेड-0496 नंबर की एक्सयूवी-500 को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में वाहन से चार पेटी अवैध देशी टनाका शराब बरामद हुई। प्रत्येक पेटी में 25-25 बोतल शराब रखी गई थी। इस प्रकार कुल 100 बोतल शराब जब्त की गई। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी चंदन कुमार, सहायक अवर निरीक्षक कालिका राम, हवलदार जगदीश गोप एवं आरक्षी घनश्याम प्रसाद सहित पुलिस बल के अन्य जवान शामिल थे। पुलिस की इस कार्रवाई को सीमावर्ती क्षेत्रों में शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता माना जा रहा है।




### शराब तस्करी रोकने के लिए लगातार विशेष जांच अभियान जारी

पुलिस ने शराब के साथ वाहन को भी अपने क जे में ले लिया। गिरफ्तार चालक की पहचान विक्रांत सिंह, पिता रामाश्रय सिंह, निवासी बहेरा थाना हुसैनाबाद, जिला पलामू के रूप में की गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हुसैनाबाद थाना कांड संख्या 103/26 के तहत उत्पाद अधिनियम एवं अन्य संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बिहार सीमा से जुड़े क्षेत्रों में शराब तस्करी रोकने के लिए लगातार विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। सीमावर्ती इलाकों में आने-जाने वाले वाहनों की निगरानी बढ़ा दी गई है और संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जा रही है।

# मासूम बच्ची से दुष्कर्म के आरोप में वृद्ध गिरफ्तार

- चॉकलेट का लालच देकर वारदात का आरोप, पोक्सो एक्ट के तहत भेजा गया जेल

नवीन मेल संवाददाता



**हरिहरगंज (पलामू)।** हरिहरगंज थाना क्षेत्र में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। साढ़े चार वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म के आरोप में पुलिस ने 68 वर्षीय आरोपी विद्या साव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। पीड़िता की मां ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि बीते 30 अप्रैल को आरोपी ने बच्ची को चॉकलेट का लालच देकर अपने घर बुलाया और उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद आरोपी ने बच्ची और उसकी मां को धमकी दी, जिसके कारण परिवार भय के कारण चुप रहा। बताया गया कि गुरुवार को आरोपी ने पुनः बच्ची को बहला-फुसलाने का प्रयास किया, जिसके बाद बच्ची डरकर अपनी मां के पास पहुंच गई। इसके बाद मां ने आसपास के लोगों को घटना की जानकारी दी। जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया और लोगों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। घटना से नाराज लोगों ने कुछ देर के लिए सिनेमा मोड़ के समीप एनएच-139 को जाम कर दिया। बाद में पुलिस एवं समाजसेवियों के समझाने पर आवागमन बहाल हुआ। छतरपुर एसडीपीओ अवध कुमार यादव ने बताया कि पीड़िता की मां के आवेदन पर पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया गया है। बच्ची को मेडिकल जांच के लिए मेदिनीनगर भेजा गया है तथा मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

## इंटर विज्ञान की जिला टॉपर ज्योति कुमारी को थाना प्रभारी ने किया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता



**केतार।** प्रखंड के परसोडीह गांव निवासी अजय मेहता की पुत्री ज्योति कुमारी ने इंटरमीडिएट विज्ञान संकाय में जिला टॉपर बनकर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। ज्योति की इस शानदार उपलब्धि से गांव सहित पूरे प्रखंड में खुशी का माहौल है। उनके घर लगातार बधाई देने वालों का आना-जाना लगा हुआ है। गुरुवार को केतार थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी स्वयं ज्योति कुमारी के घर पहुंचे और अंगवस्त्र एवं उपहार भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने ज्योति की मेहनत और सफलता की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की बेटियां आज शिक्षा के क्षेत्र में नई मिसाल कायम कर रही हैं। थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने कहा कि ज्योति की सफलता अन्य छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी यदि छात्र लक्ष्य निर्धारित कर अनुशासन और मेहनत के साथ पढ़ाई करें तो बड़ी सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों से निरंतर अध्ययन करने और अपने जीवन में ऊंचे लक्ष्य निर्धारित करने की अपील की। साथ ही ज्योति के उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की। वहीं ज्योति कुमारी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों तथा नियमित अध्ययन को दिया। उन्होंने बताया कि आगे वह संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की तैयारी कर प्रशासनिक अधिकारी बनना चाहती हैं, ताकि समाज और देश की सेवा कर सकें। ज्योति की इस उपलब्धि से परिजनों एवं ग्रामीणों में काफी उत्साह देखा गया।

### तीन दिवसीय टीचर नीड असेसमेंट शांतिपूर्ण संपन्न

श्री बंशीधर नगर। विभागीय निर्देश के तहत प्लस टू उच्च विद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय टीचर नीड असेसमेंट (टीएनए) कार्यक्रम गुरुवार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों की पेशेवर जरूरतों का आकलन कर उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के लिए आवश्यक प्रशिक्षण एवं संसाधन उपलब्ध कराना था। प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी बीरेंद्र प्रसाद ने बताया कि टीएनए के माध्यम से शिक्षण कार्य में आ रही कमियों की पहचान की जाती है तथा शिक्षकों को नई शिक्षण पद्धतियों से अवगत कराया जाता है। इससे विद्यार्थियों को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने में सहायता मिलती है। उन्होंने कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए बीआरपी, सीआरपी, बीआरसी कर्मियों एवं सभी प्रतिभागी शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से ही कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो सका।

# नगर पंचायत ने दो सैरातों की बंदोबस्ती की, लाखों की उच्च बोली लगी

नवीन मेल संवाददाता



**हरिहरगंज (पलामू)।** हरिहरगंज नगर पंचायत द्वारा नगर क्षेत्र के दो महत्वपूर्ण सैरातों की बंदोबस्ती प्रक्रिया पूरी कर ली गई। बंदोबस्ती के दौरान व्यावसायिक वाहन पड़ाव शुल्क वसूली एवं फुटपाथ दुकानदारों से बाजार सैरात शुल्क वसूली के लिए उच्च बोली लगाने वाले एजेंसियों का चयन किया गया। जानकारी के अनुसार नगर पालिका क्षेत्र में व्यावसायिक वाहन पड़ाव शुल्क वसूली के लिए मेघा इंटरप्राइजेज, हरिहरगंज के प्रोपराइटर दिनेश कुमार मेहता ने 17 लाख 11 हजार रुपये की उच्च बोली लगाकर बंदोबस्ती प्राप्त की। वहीं नगर पालिका क्षेत्र में फुटपाथ दुकानदारों एवं अस्थायी दुकानों से शुल्क वसूली के लिए शुभम इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर धनंजय सिंह ने 11 लाख 25 हजार रुपये की उच्च बोली लगाई। सीटी मैनेजर नजीबुल्लाह अंसारी ने बताया कि प्रथम डाक के अनुसार व्यावसायिक वाहनों से प्रतिदिन निर्धारित शुल्क तय किया गया है। इसके तहत टेंपो एवं टोटो से 20 रुपये, ट्रैक्टर, पिकअप, कमांडर एवं 407 वाहनों से 40 रुपये, छह चक्का वाहन एवं बस से 100 रुपये, छह चक्का से अधिक और 10 चक्का तक के वाहनों से 150 रुपये तथा 10 चक्का से अधिक वाहनों से 200 रुपये प्रतिदिन वसूले जाएंगे। 0 से 30 वर्ग फीट तक 10 रुपये, 31 से 50 वर्ग फीट तक 20 रुपये, 51 से 100 वर्ग फीट तक 40 रुपये तथा 101 वर्ग फीट से अधिक भूमि उपयोग पर 50 रुपये प्रतिदिन शुल्क तय किया गया है। कार्यपालक पदाधिकारी फैजुर्रहमान अंसारी ने वाहन स्वामियों एवं फुटपाथ दुकानदारों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि नगर पंचायत द्वारा प्राप्त राजस्व से क्षेत्र में बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जानू चौधरी, सामुदायिक संगठनकर्ता विचित्रा कुमारी धनंजय कुमार सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

## डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल भवनाथपुर का 12वीं परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

नवीन मेल संवाददाता



**भवनाथपुर।** डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल भवनाथपुर का सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम इस वर्ष शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के विद्यार्थियों ने विज्ञान, वाणिज्य एवं कला संकाय में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय, शिक्षकों और अभिभावकों का गौरव बढ़ाया है। विज्ञान संकाय में कुल 34 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। इसमें अथर्व सिंह ने 87.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। कृष्णा यादव ने 86.40 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि अंशिका कुमारी एवं परिधि कुमारी ने 76.60 प्रतिशत अंक हासिल कर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में आयुष राज ने 83.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया। सिद्धार्थ प्रकाश ने 82.60 प्रतिशत अंक लाकर दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि अनुराग कुमार साह ने 80.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया। कला संकाय में वैष्णवी कुमारी ने 73 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में उल्लेखनीय सफलता हासिल की।

## उप विकास आयुक्त ने की समीक्षा बैठक

# आत्मसमर्पित नक्सलियों के पुनर्वास को लेकर प्रशासन गंभीर

- लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन और लाभ योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**गढ़वा।** उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभागार में आत्मसमर्पित नक्सलियों के पुनर्वास एवं स्क्रीनिंग समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौट चुके नक्सलियों को सरकार द्वारा दी जाने वाली पुनर्वास सुविधाओं एवं लंबित मामलों की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान प्रभारी पदाधिकारी जिला सामान्य शाखा सुशील कुमार राय ने आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पित नक्सलियों को प्रदान किए जा रहे लाभों की अद्यतन स्थिति से उप विकास आयुक्त को अवगत कराया। समीक्षा के क्रम में कई लंबित मामलों को शीघ्र निष्पादित करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया। उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा ने कहा कि सरकार की पुनर्वास नीति का उद्देश्य हिंसा का रास्ता छोड़ चुके लोगों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना तथा उन्हें सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पुनर्वास से संबंधित किसी भी मामले को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए और समयबद्ध तरीके से सभी प्रक्रियाओं को पूरा किया जाए। बैठक में आत्मसमर्पित नक्सलियों को मिलने वाले विभिन्न लाभों की विस्तार से समीक्षा की गई। इनमें पुनर्वास अनुदान, घोषित पुरस्कार राशि का भुगतान, भूमि आवंटन, आवास योजना लाभ, शिक्षण शुल्क सहायता तथा कन्यादान योजना सहित अन्य सुविधाएं शामिल हैं।

### कैनाल किनारे की सड़कें जर्जर, बरसात में आवागमन बनता है चुनौती

**मोहम्मदगंज।** मुख्य नहर के दोनों किनारों से होकर गुजरने वाली सड़कें वर्षों बाद भी पक्की नहीं हो सकी हैं, जिससे बरसात के मौसम में लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। सड़क की उपयोगिता अधिक होने के बावजूद अब तक इसके पक्कीकरण की दिशा में ठोस पहल नहीं हो सकी है। मुख्य नहर के बायीं ओर बनी सड़क भजनियां से शिलापर गांव तक आवागमन का महत्वपूर्ण मार्ग है। इसके माध्यम से किशुनडीह, पोटो, कोल्हुआ, सोनबरसा, वीरधवर, लेमुआटीकर, सहार विहरा और गाजी विहरा जैसे कई गांव जुड़े हुए हैं। इसके बावजूद सड़क कच्ची रहने के कारण बरसात में कीचड़ और जलजमाव से लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। वहीं दायीं ओर की कैनाल सड़क दैनिक बाजार से दक्षिण दिशा में शिलापर तथा उत्तर दिशा में बीआरसी, पदारथडीह और पठारी गांव तक पहुंचने का प्रमुख माध्यम है।

# छापामारी में अफीम के साथ एक युवक गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता



**चतरा।** चतरा पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि चतरा के तरफ से सफेद रंग के बलेनो कार से अवैध अफीम लेकर ईटखोरी की ओर जा रहा है। सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस उपाधीक्षक (मु०), चतरा के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए ईटखोरी-चतरा रोड पर बक्सा पुल के पास चेकिंग लगाया गया। चेंकिग के दौरान सफेद रंग का बलेनो कार से 02 किलो 28 ग्राम अफीम जैसा अर्धगीला भुरा गाढा पदार्थ एवं एक रियलमी कम्पनी का मोबाईल के साथ विकाश कुमार पे० स्व० प्रमोद साव सा० लिपदा थाना सदर जिला चतरा को गिरफ्तार गया है तथा अन्य सहयोगियों के विरूद्ध छापामारी की जा रही है। इस संबंध में ईटखोरी थाना कांड सं0-62/26, दि०- 13.05.2026, धारा- 18(इ)/28/29 एन०डी०पी०एस० एक्ट दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

जब्त सामान : अफिम-02 किलो 28 ग्राम (अर्धगीला), मोबाईल-01 रियलमी कंपनी का, एक सफेद रंग का बलेनो कार नं०-JH02BJ-5997 शामिल हैं।

गिरफ्तारीः विकाश कुमार पे० स्व० प्रमोद साव सा० लिपदा थाना सदर जिला चतरा

छापामारी दलः पुलिस उपा० (मु०), चतरा श्रीमति अमिता लकडा, चतरा, पु०अ०नि० अभिषेक कुमार सिंह थाना प्रभारी ईटखोरी थाना, चतरा, स०अ०नि० पंकज कुमार, ईटखोरी थाना, चतरा, स०अ०नि० दुखीराम महतो, ईटखोरी थाना, चतरा, आ० 604 ओम प्रकाश यादव, ईटखोरी थाना, चतरा ।, आ0 335 जयपाल उराँव, ईटखोरी थाना, चतरा, चा०आ० 955 रविकांत सिंह, ईटखोरी थाना, चतरा।

### चिनियां में वृद्ध ने घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या, गांव में पसरा मातम

**गढ़वा।** जिले के चिनियां थाना क्षेत्र के हेताड़कला गांव में गुरुवार सुबह एक वृद्ध व्यक्ति द्वारा घर में फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की घटना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल व्याप्त है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक की पहचान रामदेव सिंह (89 वर्ष) के रूप में की गई है। वे स्वर्गीय जयश्री सिंह के पुत्र बताए जा रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार सुबह जब लोगों ने उन्हें घर के अंदर लकड़ी की कंडी में धोती के सहारे लटका हुआ देखा तो तत्काल इसकी सूचना चिनियां थाना प्रभारी विकु कुमार रजक को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है।

## पेज एक के शेष

### झारखंड में अनियमित...

लोग अब पोर्टल के माध्यम से अपने मकानों के नियमितीकरण के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे और अपने मकानों को नियमित करा सकेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता का समर्थन और सहयोग जरूरी है ताकि इस योजना को सफल बनाया जा सके ।

**भवन नियमितीकरण योजना लोगों के लिए राहत :** सूरज कुमार डायरेक्टर सूडा ने कहा कि भवन नियमितीकरण नियमावली -2026 सरकार का ऐतिहासिक कदम है। किसी कारण से लोगों ने अपने मकान को बिना नक्शा पास कराए बना लिया है ,ऐसे अनाधिकृत रूप से बने भवन का नियमतीकरण का निर्णय सरकार ने लिया है ताकि झारखंड के नागरिकों को राहत पहुंचाई जाय।भवन नियमितीकरण योजना का लाभ सभी लोग उठायें । झारखंड अनाधिकृत निर्मित भवन नियमितीकरण नियमावली,2026 का लाभ लेने के लिए पोर्टल का शुभारंभ हो गया है । इस पोर्टल में जाकर ऑनलाइन आवेदन करें । आवेदन के लिए 2माह का समय है। राशि का भुगतान भी किस्तों में कर सकेंगे । सरकार ने लोगों को राहत देने के उद्देश्य से ऐसा प्रावधान किया है। इस अवसर पर पोर्टल पर किस प्रकार आवेदन करना है इसका लाइव डेमोंस्ट्रेशन निदेशक सूडा श्री सूरज कुमार ने मंत्री जी के समक्ष दिया । इस अवसर पर नगर विकास विभाग के विशेष सचिव ज्ञानेंद्र कुमार , अपर सचिव जुल्फिकार अली, धनबाद नगर आयुक्त आशीष सहित नगर विकास एवं राज्य शहरी विकास अभिकरण के पदाधिकारी और फिक्की के पदाधिकारी उपस्थित थे ।

### गुरुजी हमेशा कहते...

शिक्षा व्यवस्था में व्यापक परिवर्तन किया और आज परिणाम देश-दुनिया के सामने है। सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में पढ़ने वाले हमारे मेहनती और प्रतिभावान छात्र-छात्राओं की मेहनत का भी सुखद परिणाम सामने आ रहा है। इस अवसर पर सभी नौनिहालों, अभिभावकों और छात्रा-छात्राओं को बहुत-बहुत बधाई, शुभकामनाएं और जोहार।

### पूर्व मंत्री आलमगीर...

जमानत याचिका खारिज किए जाने के बाद दोनों ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान आलमगीर आलम की ओर से पेश वकीलों ने दलील दी कि इस मामले में उनके खिलाफ कोई प्रत्यक्ष आरोप नहीं है। साथ ही, जांच के दौरान उनके पास से किसी प्रकार की नगदी या आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद नहीं हुई है, इसलिए उन्हें जमानत दी जानी चाहिए। वकीलों ने यह भी कहा कि आलमगीर आलम की तबीयत ठीक नहीं है। वे कई बीमारियों से जूझ रहे हैं। इस आधार पर भी अदालत से राहत देने की अपील की गई। बचाव पक्ष ने कोर्ट से मानवीय आधार पर विचार करते हुए जमानत मंजूर करने का आग्रह किया है।

### झारखंड में 20...

इसके बाद 30 जून से 29 जुलाई 2026 तक बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे। इस दौरान मतदान केंद्रों का युक्तिकरण (रेशनलाइजेशन ऑफ पोलिंग स्टेशन) भी किया जाएगा।

**अगस्त में प्रकाशित होगी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट :** निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार झारखंड में 5 अगस्त 2026 को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। इसके बाद 5 अगस्त से 4 सितंबर 2026 तक दावा और आपत्ति दर्ज कराने का समय दिया जाएगा। वहीं, दावे और आपत्तियों के निपटारे की प्रक्रिया 3 अक्टूबर 2026 तक चलेगी।

**7 अक्टूबर को जारी होगी अंतिम मतदाता सूची :** सभी दावों और आपत्तियों के निपटारे के बाद 7 अक्टूबर 2026 को झारखंड की अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। आयोग का कहना है कि इससे चुनावी प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और निष्पक्ष बनेगी।

### कोयला क्षेत्र में...

बैठक में उत्पादन, परियोजनाओं की प्रगति, सुरक्षा, सीएसआर गतिविधियों तथा भविष्य की योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

**सात वर्षीय इशांक सिंह को सम्मानित किया :** सीसीएल मुख्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक से पूर्व मंत्री ने सात वर्षीय तैराक इशांक सिंह को सम्मानित किया। इशांक ने महज 9 घंटे 50 मिनट में श्रीलंका के तलाइमन्नार से भारत के धनुषकोटी तक लगभग 29 किलोमीटर लंबे समुद्री सफर को तैरकर पूरा किया है। मंत्री ने झारखंड स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसाइटी के तीन अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों विकास उरांव, कुमारी रिष्टी राज एवं चंदा कुमारी को भी सम्मानित किया।

### कोषागारों से वेतन...

कि सरकारी खजाने से फर्जी तरीके से पैसे निकाले गए और बाद में उनमें से कुछ रकम वापस भी की गई। इस पूरे खेल में कई अफसरों, यहां तक कि डीएसपी रैंक के अधिकारियों के नाम भी सामने आने की चर्चा है। अब तक पुलिस और एसआईटी की जांच में 12 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। रांची मामले में पशुपालन विभाग के अकाउंटेंट मुनींद्र कुमार और उसके सहयोगी संजीव कुमार गिरफ्तार किए गए हैं। जांच में सामने आया कि मुनींद्र कुमार ने अपना बेसिक वेतन ही 20 लाख रुपए दिखाकर फर्जी निकासी कर ली। हजारीबाग मामले में सौरभ सिंह, रजनीश कुमार सिंह, शंभू कुमार, काजल कुमारी, खुशबू सिंह और धीरेंद्र सिंह गिरफ्तार किए गए हैं। वहीं, बोकारो ट्रेजरी मामले में कौशल पांडेय, सतीश कुमार सिंह और काजल मंडल जेल भेजे जा चुके हैं। देवघर ट्रेजरी से स्वास्थ्यकर्मियों के नाम पर हुई संदिग्ध निकासी मामले में सबिता कुमारी की भी गिरफ्तारी हुई है। यह पूरा मामला तब सामने आया जब प्रधान महालेखाकार (एजी) चंद्रमौली सिंह ने ट्रेजरी ऑडिट के दौरान पुलिस विभाग में वेतन मद से हुई गड़बड़ी पकड़ी। शुरुआती जांच में बोकारो और हजारीबाग ट्रेजरी से संदिग्ध निकासी का पता चला था। इसके बाद राज्य सरकार ने सभी जिलों में जांच शुरू कराई और उत्पाद विभाग के प्रधान सचिव अमिताभ कौशल की अगुवाई में हाई लेवल कमेटी बनाई। यह कमेटी फिलहाल बोकारो ट्रेजरी से जुड़े दस्तावेजों की जांच कर रही है। बाद में प्रधान महालेखाकार ने सरकार को एक और रिपोर्ट भेजी, जिसमें झारखंड की 12 ट्रेजरी में गड़बड़ी की आशंका जताई गई। रिपोर्ट में स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग में भी फर्जी निकासी की बात कही गई है। इसके बाद वित्त विभाग ने जिलों को विस्तार से जांच करने का निर्देश दिया। राज्य सरकार पहले ही इस मामले की जांच के लिए एसआईटी बना चुकी है। अब ईडी की जांच शुरू होने के बाद यह पता लगाने की कोशिश होगी कि पैसा कहां-कहां गया, किन लोगों को फायदा पहुंचा और इस पूरे नेटवर्क में कौन-कौन शामिल था।

### भारी मात्रा में...

मामले में मुरहू थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर फरार तस्करों की तलाश शुरू कर दी गई है। इस छापेमारी दल का नेतृत्व एसडीपीओ वरुण रजक और थाना प्रभारी नायल गोडविन केरकेट्टा कर रहे थे। दूसरी कार्रवाई खूंटी-चाईबासा मुख्य मार्ग स्थित अनिगड़ा चौक पर हुई। एसपी ऋषभ गर्ग ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर वाहन जांच के दौरान एक बाइक सवार को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस को देख तस्कर भागने लगा, जिसे अनिगड़ा गांव में घेराबंदी कर रोका गया। हालांकि, तस्कर बाइक और अपना बैग छोड़कर खेतों के रास्ते भागने में सफल रहा। बैग की तलाशी लेने पर 1.995 किलो अफीम बरामद हुई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 10 लाख रुपए बताई जा रही है। एक अन्य कार्रवाई में पुलिस ने भंडरा चौक के पास से अफीम तस्करी के पुराने मामलों में वांछित आरोपी राम मुंडा को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से एक देसी कट्टा बरामद किया गया है। एसपी को सूचना मिली थी कि अलौदी गांव निवासी राम मुंडा हथियार के साथ भंडरा इलाके में मौजूद है। एसडीपीओ बरुण रजक के नेतृत्व में गठित टीम ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

### हिरासत में मौत...

कि वह हिरासत में मौत या दुष्कर्म के मामलों में नेशनल ह्यूमन राइट्स कमीशन, नई दिल्ली की गाइडलाइंस के अनुरूप एक स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) तैयार करे, ताकि ऐसी घटनाओं की निष्पक्ष और सही ढंग से जांच सुनिश्चित की जा सके। सुनवाई के दौरान यह तथ्य सामने आया कि राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत रिकॉर्ड के अनुसार ऐसे करीब 250 मामले हैं, जिनमें कस्टोडियल डेथ होने के बावजूद अब तक न्यायिक जांच नहीं कराई गई है। इस पर कड़ा संज्ञान लेते हुए खंडपीठ ने संबंधित जिलों के जिला जजों (डिस्ट्रिक्ट जजों) को निर्देश दिया है कि वे इन मामलों में न्यायिक जांच न होने के कारणों को स्पष्ट करते हुए अपनी विस्तृत रिपोर्ट सीधे हाईकोर्ट को सौंपें। इस मामले की पूर्व में हुई सुनवाई के दौरान राज्य के गृह सचिव द्वारा दाखिल किए गए शपथ पत्र में एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ था। शपथ पत्र में सरकार ने स्वीकार किया था कि वर्ष 2018 से 2025 के बीच झारखंड में पुलिस और जेल कस्टडी में करीब 500 मौतें हुई हैं। इनमें से लगभग आधे मामलों में ज्यूडिशियल इंक्वायरी नहीं कराई गई थी। इसके बाद अदालत ने कड़ा रुख अपनाते हुए दोनों पक्षों की बहस पूरी होने पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। मामले में प्रार्थी मोहम्मद मुमताज अंसारी की ओर से पैरवी करते हुए अधिवक्ता शादाब अंसारी ने लिखित बहस के साथ सुप्रीम कोर्ट के विभिन्न फैसलों और एनएचआरसी के दिशा-निर्देशों को कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया था, जिसके आधार पर अदालत ने यह ऐतिहासिक व्यवस्था दी है।





# गहरे समुद्र के नीचे पाइपलाइन बिछवाएंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

## ओमान से गैस सप्लाई में नहीं आएगी कोई बाधा



40 हजार करोड़ की पाइपलाइन परियोजना पर तेजी

- ओमान से गुजरात तक बिछेगी लगभग 2000 किमी लंबी पाइपलाइन
- कई दशकों तक गैस की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने की तैयारी
- भारत अब वैकल्पिक आपूर्ति मार्ग तैयार करने में जुटा
- एलएनजी बाजार की अस्थिरता से बचने की रणनीति
- अरब सागर के नीचे से गुजरेगा परियोजना का मार्ग

**एजेंसी । नई दिल्ली**

संकट और चुनौतियों का डटकर सामना करने तथा उनसे मिले अनुभवों के आधार पर आगे के लिए पुख्ता तैयारी करने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कोई जवाब नहीं। पश्चिम एशिया में ईरान युद्ध के बाद पैदा हुए तनाव और होरमुज जलडमरूमध्य में ऊर्जा आपूर्ति बाधित होने के चलते भारत ने अपनी ऊर्जा सुरक्षा को लेकर जो सबसे महत्वाकांक्षी कदम उठाया है, वह दर्शाता है कि प्रधानमंत्री मोदी कितनी दूरदर्शिता रखते हैं। हम आपको बता दें कि मोदी सरकार करीब 40 हजार करोड़ रुपये की लागत वाली एक विशाल गहरे समुद्र की गैस पाइपलाइन परियोजना को तेजी से आगे बढ़ा रही है, जिसका उद्देश्य आने वाले कई दशकों तक देश में गैस की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करना है। यह परियोजना केवल ऊर्जा सुरक्षा का मामला नहीं है, बल्कि बदलते वैश्विक हालात में भारत की दूरदर्शी कूटनीति और रणनीतिक सोच का भी प्रतीक मानी जा रही है। दरअसल, भारत अपनी तेल और गैस जरूरतों के लिए लंबे समय से खाड़ी देशों पर निर्भर रहा है। होरमुज जलडमरूमध्य को दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा गलियारा माना जाता है, जहां से एशिया और यूरोप तक तेल और गैस की भारी आपूर्ति होती है। लेकिन ईरान युद्ध और अमेरिका तथा इजराइल के साथ बढ़े तनाव के कारण इस मार्ग पर संकट गहरा गया। फरवरी में ईरान की ओर से इस मार्ग पर प्रभावी रोक लगाए जाने से वैश्विक तरल प्राकृतिक गैस आपूर्ति में 20 प्रतिशत से अधिक गिरावट आई और अंतरराष्ट्रीय बाजार में गैस कीमतों में तेज उछाल देखा गया। भारत की दो तिहाई तरल प्राकृतिक गैस आपूर्ति इसी मार्ग से आती रही है, इसलिए नई दिल्ली के लिए यह संकट एक गंभीर चेतावनी साबित हुआ। इसी पृष्ठभूमि में भारत सरकार ने ओमान से सीधे गुजरात तक गहरे समुद्र के नीचे पाइपलाइन बिछाने की योजना को प्राथमिकता दे दी है। प्रस्तावित मध्य पूर्व भारत गहरे समुद्र पाइपलाइन परियोजना लगभग दो हजार किलोमीटर लंबी होगी और अरब सागर के नीचे से गुजरते हुए ओमान को सीधे गुजरात तट से जोड़ेगी।

इस पाइपलाइन के जरिये प्रतिदिन लगभग 31 मिलियन मानक घन मीटर प्राकृतिक गैस की आपूर्ति संभव होगी। परियोजना का मार्ग इस तरह तैयार किया जा रहा है कि यह भू राजनीतिक रूप से संवेदनशील इलाकों से बचते हुए ओमान और संयुक्त अरब अमीरात के रास्ते भारत तक पहुंचे। विशेषज्ञों का मानना है कि इस परियोजना के पूरा होने के बाद भारत को ओमान, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, ईरान, तुर्कमेनिस्तान और कतर जैसे गैस संपन्न देशों के विशाल भंडार तक सीधी पहुंच मिल सकेगी। इन देशों के पास मिलाकर करीब 2500 ट्रिलियन घन फीट गैस भंडार मौजूद हैं। इससे भारत की ऊर्जा जरूरतें लंबे समय तक सुरक्षित रह सकती हैं। पेट्रोलियम मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार केंद्र सरकार इस परियोजना को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ा रही है। सरकार जल्द ही गेल, इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड और इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन जैसी सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों को विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दे सकती है। इस योजना की बुनियाद नई दिल्ली स्थित निजी क्षेत्र के समूह साउथ एशिया गैस एंटरप्राइज की पूर्व व्यवहार्यता रिपोर्ट पर रखी गई है। यदि अंतिम मंजूरी मिलती है तो परियोजना को पूरा होने में पांच से सात वर्ष लग सकते हैं। तकनीकी दृष्टि से भी यह परियोजना बेहद चुनौतीपूर्ण मानी जा रही है। पाइपलाइन को समुद्र तल से करीब 3450 मीटर की गहराई में बिछाने की योजना है, जिससे यह दुनिया की सबसे गहरी समुद्री पाइपलाइन परियोजनाओं में शामिल हो सकती है।

# श्रमिक आंदोलन को भड़काने के आरोपी के खाते में अलग-अलग देशों से आई थी करोड़ों की राशि

**एजेंसी । नोएडा**



गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट में हाल ही में हुए श्रमिक आंदोलन और प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसक घटनाओं को लेकर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार, आंदोलन के दौरान भड़काऊ गतिविधियों, आगजनी और अराजकता फैलाने के मामले में शामिल आरोपियों के खिलाफ विभिन्न थानों में मुकदमे दर्ज किए गए थे। इसी क्रम में आरोपी सत्यम वर्मा और आकृति के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस का कहना है कि दोनों आरोपियों की आंदोलन को हिंसक रूप देने और लोक व्यवस्था को बाधित करने में महत्वपूर्ण भूमिका सामने आई है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, श्रमिक आंदोलन के दौरान कई स्थानों पर प्रदर्शन उग्र हो गया था। इस दौरान तोड़फोड़, आगजनी और सार्वजनिक व्यवस्था को प्रभावित करने जैसी घटनाएं हुई थीं। जांच में सामने आया कि कुछ लोग प्रदर्शनकारियों को भड़काने और माहौल खराब करने का काम कर रहे थे। इन्हीं आरोपों के आधार पर सत्यम वर्मा और आकृति को चिन्हित किया गया और उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की गई। कमिश्नरेट पुलिस द्वारा की जा रही विवेचना में आरोपी सत्यम वर्मा को लेकर कुछ चौंकाने वाले तथ्य भी सामने आए हैं।

जांच एजेंसियों के अनुसार, सत्यम वर्मा के व्यक्तिगत बैंक खातों में एक करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि विभिन्न देशों से प्राप्त हुई है। यह रकम डॉलर, पाउंड और यूरो जैसी विदेशी मुद्राओं के रूप में अलग-अलग समय पर उसके खातों में क्रेडिट हुई। पुलिस के अनुसार, इन पैसों को आरोपी द्वारा तुरंत अपने अन्य व्यक्तिगत बैंक खातों में ट्रांसफर भी किया गया। जांच में यह भी पता चला है कि सत्यम वर्मा कई संगठनों से जुड़ा हुआ है। पुलिस अब इन संगठनों और विदेशी फंडिंग के संभावित संबंधों की गहन जांच कर रही है। बैंक खातों में हुए ट्रांजेक्शन, धनराशि के स्रोत और पैसों के इस्तेमाल को लेकर विस्तृत विश्लेषण किया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए आर्थिक लेन-देन और विदेशी संपर्कों की भी जांच की जा रही है। गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट का कहना है कि कानून व्यवस्था बिगाड़ने और हिंसा फैलाने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। मामले की विवेचना लगातार जारी है और जांच के आधार पर आगे भी कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है।

# मनीला में भारत और फिलीपींस की आतंकवाद-रोधी बैठक संपन्न



**मनीला** । भारत और फिलीपींस ने मनीला में आतंकवाद-रोधी संयुक्त कार्य समूह (जेडब्ल्यूजी) की दूसरी बैठक की, जिसमें क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर उभरते आतंकवाद के हालात पर चर्चा हुई। मनीला में दो दिनों तक चली इस बैठक का समापन गुरुवार को हुआ। इस बैठक की सह-अध्यक्षता विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव (काउंटर टेररिज्म) विनोद बहादे और फिलीपींस के विदेश विभाग में एशियन और पैसिफिक मामलों के सहायक सचिव मार्शल लुईस एम अल्फेरेज ने की। दोनों देशों ने आतंकवाद-रोधी सहयोग, कानून लागू करने, न्यायिक सहयोग और क्षमता बढ़ाने जैसे कई मुद्दों पर बात की।

# ईयू देशों के मिशन प्रमुखों ने की नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से मुलाकात



**एजेंसी । नई दिल्ली**

यूरोपीय संघ (ईयू) के (27 सदस्य देश) के मिशन प्रमुखों (एचओएम) ने गुरुवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से मुलाकात की। इस बैठक में भारत-यूरोपीय संघ के "मजबूत होते रणनीतिक संबंधों" और मौजूदा वैश्विक भू-राजनीतिक स्थिति पर चर्चा हुई। कांग्रेस की विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष भी इस दौरान मौजूद रहे, और ईयू प्रतिनिधिमंडल की ओर से शांति निकेतन में आयोजित लंच में शामिल हुए। भारत में ईयू के राजदूत हर्वे डेल्फिन ने एक्स पोस्ट में बताया, " ईयू एचओएम की ओर से आयोजित लंच में एलओपी राहुल गांधी और कांग्रेस के विदेश मामलों की समिति अध्यक्ष सलमान खुर्शीद शामिल हुए। इस बैठक में भारत और ईयू के बीच बढ़ते रणनीतिक संबंधों और वैश्विक परिस्थितियों पर विचार-विमर्श हुआ।

# ओमान तट पर भारतीय झंडे वाले जहाज पर हमला बर्दाश्त नहीं : विदेश मंत्रालय




**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारत ने बुधवार को ओमान के तट पर भारतीय झंडे वाले जहाज पर हुए हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान जारी कर रहा कि ऐसे हमलों को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। एमईए के आधिकारिक बयान अनुसार, बुधवार (13 मई) को ओमान के तट पर भारतीय झंडे वाले जहाज पर हुआ हमला किसी भी हालत में मंजूर नहीं है। हम इस बात की निंदा करते हैं कि व्यावसायिक जहाजों और आम नाविकों को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। इसके साथ ही विदेश मंत्रालय ने सभी भारतीय चालक दल के सुरक्षित होने की पुष्टि करते हुए ओमानी अधिकारियों का आभार जताया। लिखा कि जहाज पर सवार भारतीय क्रू सुरक्षित हैं और हम उन्हें बचाने के लिए ओमानी अधिकारियों को धन्यवाद देते हैं।

# अगर कोई नागरिकों पर हमला करेगा, तो हम उसे उसके घर में घुसकर जवाब देंगे : राजनाथ

**एजेंसी । नई दिल्ली**



## आतंकवाद पर भारत की जीरो टॉलरेंस नीति

- राजनाथ सिंह ने दुनिया को दिया सख्त संदेश
- कहा- आतंक के खिलाफ अब कोई नरमी नहीं

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का कहना है कि ऑपरेशन सिंदूर ने तो इतिहास ही बदल दिया। इसके साथ ही उन्होंने आतंकवाद के प्रति एक बार फिर भारत का रुख स्पष्ट करते हुए बताया है कि आतंकवाद को लेकर भारत जीरो टॉलरेंस की नीति रखता है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर, सर्जिकल स्ट्राइक व बालाकोट एयर स्ट्राइक का उदाहरण दिया। रक्षा मंत्री ने दो टूक शब्दों में कहा कि भारतीय सेना आतंकवादियों को सीमा पार जाकर भी मार सकती है। गुरुवार को रक्षामंत्री ने कहा, "हमने दुनिया को साफ संदेश दिया है, कि आतंकवाद के खिलाफ अब हमारी नीति जीरो टॉलरेंस की है। हमने 2016 में सर्जिकल स्ट्राइक करके दिखा दिया, कि भारत की सेना सीमा पार जाकर भी आतंकियों को मार सकती है। 2019 में हमारे बालाकोट एयरस्ट्राइक ने, आतंकवादियों के ट्रेनिंग कैंप को तबाह किया। इसके बाद ऑपरेशन सिंदूर ने तो जैसे इतिहास ही बदल दिया। ऑपरेशन सिंदूर में हमने ऐसा करारा जवाब दिया कि दुश्मन के होश ही उड़ गए। गुरुवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह राजस्थान में मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि जिस तरह से हमारे जवान, देश की सीमाओं की सुरक्षा कर रहे हैं, ठीक उसी तरह से, हमारी सरकार भी, योजनाओं के मामले में, उनके साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही है। रक्षा मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, पिछले दस वर्षों में, भारत ने अपनी सुरक्षा नीति में ऐतिहासिक बदलाव किया है उन्होंने कहा, "हमने साबित किया है कि अब भारत चुपचाप सहने वाला देश नहीं रहा। अब अगर कोई हमारे नागरिकों पर हमला करेगा, तो हम उसे उसके घर में घुसकर जवाब देंगे। कोई सीमा हमें रोक नहीं सकती, कोई सरहद बाधा नहीं बन सकती। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान से लेकर महिला सुरक्षा के सख्त कानूनों तक, सरकार हर स्तर पर नारी शक्ति को सशक्त कर रही है। राजनाथ सिंह ने कहा, "हमने तो महिलाओं को, उनका राजनीतिक अधिकार दिलाने के लिए, उनको 33 प्रतिशत आरक्षण दिलाने का भी पूरा प्रयास और प्रबंध किया था। लेकिन विपक्ष के हमारे साथियों के विरोध के कारण, ऐसा नहीं हो सका। इस विषय पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि वह यह बताना चाहते हैं कि वह बिल केवल एक बिल भर नहीं था, बल्कि वह हमारी सामूहिक इच्छा का एक परिचायक था। उन्होंने कहा कि बिल एक बार को भले ही सदन के मैदान में विफल हो जाए, हमारी इच्छा को कभी कोई विफल नहीं कर सकता है। हमारी इच्छाशक्ति और मजबूत हुई है।